हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • रविवार • 10.05.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 282 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902




# बंगाल के सीएम बने शुभेंदु

## ब्रिगेड परेड ग्राउंड में भव्य समारोह, दिलीप घोष और अग्निमित्रा पाल समेत पांच मंत्रियों ने भी ली शपथ



एजेंसी

**कोलकाता :** बंगाल की राजनीति में शनिवार को एक नया सूर्योदय हुआ। कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की गरिमामयी उपस्थिति में राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बंगाल के राजनीतिक इतिहास में यह पहली बार है जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार का गठन हुआ है।

### मंत्रिमंडल में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ पांच अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। भाजपा ने अपनी पहली मंत्रिपरिषद में बंगाल के विविध सामाजिक और भौगोलिक स्वरूप को समेटने की कोशिश की है।

### शपथ लेने वाले मंत्रियों की सूची

- दिलीप घोषः (खड़गपुर सदर से विधायक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष)
- अग्निमित्रा पालः (आसनसोल दक्षिण से विधायक)
- अशोक कीर्तनियाः (बनगांव उत्तर से विधायक - मतुआ समाज का प्रतिनिधित्व)
- निशीथ प्रमाणिकः (माथाभांगा से विधायक - राजबंशी समाज का चेहरा)
- खुदीराम टुडूः (रानीबांध से विधायक - आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व)

### नंदीग्राम और भवानीपुर के 'विजेता' बने सूबे के मुखिया

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने इस चुनाव में दोहरी जीत दर्ज कर अपनी सांगठनिक क्षमता का लोहा मनवाया है। वे भवानीपुर और नंदीग्राम दोनों ही हाई-प्रोफाइल सीटों से विधानसभा पहुंचे हैं। फिलहाल विभागों का बंटवारा नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार में अन्य महत्वपूर्ण चेहरों को भी शामिल किया जाएगा।




### पीएम ने छुए माखनलाल सरकार के पैर



पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने के साथ ही ब्रिगेड परेड मैदान एक अत्यंत भावुक और गौरवशाली क्षण का साक्षी बना। राज्य में पहली भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रोटोकॉल से हटकर 97 वर्षीय वरिष्ठ कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। मंच पर हुए इस सम्मान ने न केवल वहां मौजूद जनसैलाब का दिल जीत लिया, बल्कि भाजपा के दशकों पुराने संघर्ष की यादें भी ताजा कर दीं।

#### कौन हैं माखनलाल सरकार?

माखनलाल सरकार केवल एक वरिष्ठ कार्यकर्ता नहीं, बल्कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सबसे विश्वसनीय सहयोगियों में से एक रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने उनका परिचय देते हुए बताया कि 1952 के ऐतिहासिक कश्मीर आंदोलन के दौरान माखनलाल जी डॉ. मुखर्जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले थे। जब डॉ. मुखर्जी को कश्मीर में गिरफ्तार किया गया, तब माखनलाल सरकार भी उनके साथ जेल में बंद थे। वे डॉ. मुखर्जी के अंतिम दिनों के साक्षी रहे हैं।



### शपथ के बाद ठाकुरबाड़ी पहुंचे मुख्यमंत्री, रवीन्द्रनाथ को दी श्रद्धांजलि

पश्चिम बंगाल के नव-नियुक्त मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद शनिवार को कोलकाता स्थित जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी पहुंचकर अपनी पहली आधिकारिक सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज कराई। 25वें वैशाख, यानी महान कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर की जयंती के अवसर पर उन्होंने ठाकुरबाड़ी में पहुंचकर विश्वकवि को श्रद्धांजलि अर्पित की।

ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री अधिकारी सीधे ठाकुरबाड़ी पहुंचे, जहां उन्होंने रवीन्द्रनाथ ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कुछ समय वहां बिताया और कविगुरु के प्रति सम्मान प्रकट किया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, नवगठित मुख्यमंत्री का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम अत्यंत प्रतीकात्मक और महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इधर राजभवन सूत्रों के अनुसार, शनिवार को केवल मुख्यमंत्री सहित कुल छह मंत्रियों ने शपथ ली है, जबकि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी सोमवार को आयोजित किए जाने की संभावना है। उसी दिन पूर्ण मंत्रिमंडल के गठन की औपचारिक प्रक्रिया पूरी हो सकती है।

## पुडुचेरी में 13 मई को पांचवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे रंगास्वामी

एजेंसी

**पुदुचेरी :** केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बहुमत मिलने के बाद एन. रंगास्वामी 13 मई को पांचवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राजभवन में आयोजित होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।



इससे पहले राजग विधायक दल की बैठक में शुक्रवार को एन. रंगास्वामी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद उन्होंने देर रात उपराज्यपाल कैलाशनाथन से मुलाकात कर सरकार गठन का दावा पेश किया। इस दौरान उन्होंने 18 समर्थक विधायकों के समर्थन पत्र भी सौंपे।

नई सरकार के गठन की प्रक्रिया के साथ ही मंत्रिमंडल के स्वरूप और विभागों के बंटवारे को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। मुख्यमंत्री रंगास्वामी ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ बैठक कर संभावित मंत्रिमंडल और सत्ता साझेदारी को लेकर विचार-विमर्श किया। मंडाविया पुडुचेरी चुनाव के प्रभारी भी रहे हैं और चुनावी रणनीति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, 18 मई को नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शामिल होने की भी चर्चा है, हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ईडी की हिरासत में

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को पंजाब के उद्योग बिजली, उद्योग तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री संजीव अरोड़ा को कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हिरासत में ले लिया। ईडी की टीमों ने सुबह से ही चंडीगढ़, पंजाब, दिल्ली और गुरुग्राम स्थित उनके आवासों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की।

जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ के सेक्टर-2 स्थित सरकारी आवास पर कई घंटों तक चली तलाशी के बाद ईडी अधिकारियों ने अरोड़ा को हिरासत में लिया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और चंडीगढ़ पुलिस ने मंत्री आवास की ओर जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया।

**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई गिरफ्तारी**



## विजय बनेंगे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री
## वीसीके के समर्थन से बहुमत का मार्ग प्रशस्त

एजेंसी

**चेन्नई :** तमिलनाडु में शासन सत्ता को लेकर जारी अनिश्चितता अब पूर्णतः समाप्त हो गई है। अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी 'तमिझागा वेत्री कझगम' (टीवीके) के लिए राज्य में सरकार बनाने का मार्ग अब पूरी तरह साफ हो गया है। विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके) ने विजय को आधिकारिक रूप से अपना समर्थन देने की घोषणा कर दी है।




वीसीके के अध्यक्ष थोल. थिरुमावलवन ने शनिवार को टीवीके के महासचिव आधव अर्जुन को औपचारिक समर्थन पत्र प्रदान किया। इस पत्र के माध्यम से वीसीके ने राज्य में नई सरकार के गठन हेतु टीवीके को अपना पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई है। इस समर्थन के पश्चात आधव अर्जुन ने इसे लोकतंत्र की विजय बताते हुए कांग्रेस, वामदलों और वीसीके के प्रति आभार व्यक्त किया।

सरकार गठन की पुष्टि होते ही चेन्नई की सड़कों पर टीवीके समर्थकों का सैलाब उमड़ पड़ा। विजय के प्रशंसकों और पार्टी कार्यकताओं ने नृत्य और उत्सव के साथ अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। भारतीय संघ मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी बिना किसी शर्त के टीवीके को अपना समर्थन पत्र सौंप दिया है, जिससे गठबंधन की स्थिति और सुदृढ़ हो गई है।


## बड़ी उपलब्धि : एडवांस्ड 'अग्नि' मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी

**नयी दिल्ली/ बालासोर :** भारतीय रक्षा क्षेत्र में शनिवार को एक नया इतिहास रचा गया। भारत ने ओडिशा तट के पास डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल' तकनीक से लैस अत्याधुनिक 'अग्नि' मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह उपलब्धि भारत की परमाणु निरोधक क्षमता को एक नई और विनाशकारी ऊंचाई पर ले गई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और सामरिक बल कमान द्वारा किए गए इस संयुक्त परीक्षण में मिसाइल ने अपनी अचूक मारक क्षमता का प्रदर्शन किया।



### रक्षा मंत्री ने दी बधाई



इस ऐतिहासिक कामयाबी पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऊफ्ळ्ळ के वैज्ञानिकों और भारतीय सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उभरती सुरक्षा चुनौतियों के बीच यह सफलता भारत की रक्षा तैयारियों में एक अविश्वसनीय क्षमता जोड़ेगी।

इस एडवांस्ड मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत इसकी एमआईआरवी तकनीक है।

**सटीकताः** मिसाइल में लगे कई पेलोड्स ने हिंद महासागर क्षेत्र में अलग-अलग भौगोलिक स्थानों पर स्थित लक्ष्यों पर एक साथ सटीक निशाना साधा।

**मिसाइल डिफेंस को चुनौतीः** यह तकनीक दुश्मन के मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम है, क्योंकि एक ही मिसाइल हवा में अलग-अलग वारहेड्स में विभाजित होकर विभिन्न दिशाओं में हमला करती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह परीक्षण 'मिशन दिव्यास्त्र' की अगली कड़ी है, जो भारत को उन चुनिंदा देशों की कतार में मजबूती से खड़ा करता है जिनके पास हाइपरसोनिक और टक्ळ्ळ जैसी जटिल मिसाइल तकनीक मौजूद है।

### बांग्लादेश तक दिखा 'अग्नि' का तेज

शुक्रवार शाम को हुए इस परीक्षण का दृश्य इतना भव्य था कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल के साथ-साथ बांग्लादेश के तटीय इलाकों (सिताकुंडा और कॉक्स बाजार) में भी आसमान में एक चमकदार रोशनी (प्लम) देखी गई। सोशल मीडिया पर लोगों ने इसे कौतूहलवश 'अज्ञात उड़ती वस्तु' तक समझ लिया था, लेकिन शनिवार को आधिकारिक ऐलान ने इस सस्पेंस पर विराम लगा दिया।

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

**नयी दिल्ली :** खुफिया इनपुट के बाद राजधानी दिल्ली में आतंकी अलर्ट जारी किया गया है। इसके चलते भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय और आसपास की सरकारी इमारतों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियों को डीडीयू मार्ग स्थित कार्यालयों को निशाना बनाए जाने की आशंका है। आतंकी आत्मघाती हमलों, कार बम, गोलीबारी और आईईडी का उपयोग कर सकते हैं। इनपुट के अनुसार, आतंकी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने की फिराक में हैं। सुरक्षा बलों ने संभावित खतरों को कम करने के लिए अपनी निगरानी तेज कर दी है। इसके साथ ही निवारक उपायों को भी बढ़ाया गया है। दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। वे किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मुस्तैद हैं। यह जानकारी खुफिया सूत्रों ने दी है।

## यूपी मंत्रिमंडल का विस्तार आज



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रहा कयासों का दौर अब खत्म हो गया है। यूपी में आज मंत्रिमंडल विस्तार होगा। रविवार शाम को साढ़े तीन बजे जनभवन में छह नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, कई मंत्रियों के भी विभाग भी बदले जा सकते हैं। इससे पहले शनिवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की और उन्हें नेताओं की सूची सौंपी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल को लालचंद राम द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा की अवधारणा पुस्तक भी भेंट की। दरअसल, यूपी में फिलहाल 54 मंत्री हैं। छह मंत्रियों की जगह खाली है। यहां पर कुल 60 मंत्री हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, जिन छह नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है, उनमें कृष्णा पासवान, पूजा पाल, मनोज पांडेय, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी का नाम शामिल है। बीते अप्रैल महीने में भी मंत्रिमंडल विस्तार के दावे किए जा रहे थे। खबरों के अनुसार, प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही संगठन में भी फेरबदल किए जाएंगे।

## एक नजर

### कोर्ट से फरार अभियुक्त के घर पर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार



**बरही :** थाना पुलिस ने शनिवार को बरही थाना कांड संख्या 361/24 के प्राथमिकी अभियुक्त चतरो गांव थाना बरही निवासी सुजित यादव पिता केशो यादव,केशो यादव पिता स्व प्रयाग यादव,मिला देवी पति केशो यादव के घर इस्तेहार चिपकाया। इस मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि उपरोक्त सभी अभियुक्त बहुत दिनों से कोर्ट से फरार चल रहा जिसके कारण कोर्ट द्वारा वारंट निर्गत किया गया।इस्तेहार के माध्यम सभी को समय पर कोर्ट से हाजिर होने को कहा गया है।समय पर अदालत में हाजिर नहीं होने पर कुर्की जब्ती वारंट निर्गत किया जाएग उसके बाद सभी का घर का कुर्की जब्ती किया जाएगा।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद ने ली शपथ



**बरही :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बाल संसद ने शपथ ग्रहण किया। विद्यालय में बाल संसद शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय, मुख्य अतिथि पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार एवं राजू कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने बाल संसद को संबोधित करते हुए कहा कि बाल संसद का गठन प्रांतीय योजना के अनुसार प्रत्येक सत्र में किया जाता है। इससे छात्रों में लोकतांत्रिक व्यवस्था, नेतृत्व क्षमता एवं व्यवहार कुशलता के गुण का विकास होता है। यही बच्चे भविष्य में देश और समाज का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री के पद पर कक्षा 10 के छात्र समर कुमार का बाल संसद ने अनुमोदन किया। प्रधानमंत्री एवं इनके मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण मुख्यअतिथि पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार ने कराया। पुलिस निरीक्षक ने छात्र छात्राओं को भारतीय दंड संहिता और विधान आईपीसी बीएनएस की जानकारी दी। भैया बहनों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हारना गलत नहीं है, हार मान लेना गलत है। कार्यक्रम में लिकेश्वर राणा और मनीष सिन्हा शामिल थे।

### रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर आयोजित हुआ चित्रांकन प्रतियोगिता



**हजारीबाग :** गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 164वी जन्मजयंती के अवसर पर शनिवार को यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के केशब हाल में एक चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन बेंगॉली एसोसिएशन हजारीबाग के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव चिन्मय सरकार ने बताया कि प्रतियोगिता में 13 स्थानीय विद्यालयों से 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन्हें गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के चित्र बनाने के लिए दिया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी कला को प्रदर्शित किया। चित्रकार तारापॉदो पोद्दार निर्णायक की भूमिका में रहे। चित्रांकन प्रतियोगिता की व्यवस्था में सचिव सोमनाथ कुनार, उपाध्यक्ष बिकास चौधरी, श्रीमती बर्षा दे, शुभेंदु (मुन्ना) गुहा, तापस राय, नरेंद्रनाथ दे एवं राजेश भट्टाचार्य ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

# जल संकट, बिजली कटौती और नल-जल योजना की बदहाली पर पूर्व सांसद का फूटा जनाक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जनसरोकार से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर शनिवार को झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा एवं झारखंड किसान सभा सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद ने राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पेयजल संकट, लगातार बिजली कटौती, नल-जल योजना की धीमी प्रगति और अव्यवस्थित सड़क निर्माण को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की उदासीनता ने आम जनता को परेशानियों के दलदल में धकेल दिया है।

पूर्व सांसद ने कहा कि नल-जल योजना की शुरूआत हुए लगभग पांच वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक योजना धरातल पर पूरी तरह सफल नहीं हो सकी है। पूर्व में बनाए गए जल मीनार और जलापूर्ति व्यवस्था भी विफल साबित हो चुके हैं। शहर से लेकर गांव तक पेयजल को लेकर त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चापाकल खराब पड़े हैं, कुएं और तालाब सूख चुके हैं तथा लगातार बढ़ती गर्मी के कारण छड़वा डैम का जलस्तर भी तेजी से घट रहा है। ऐसे हालात में जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, जबकि ग्रामीण इलाकों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। सरकारी तंत्र की विफलता के कारण जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रेस वार्ता में लगातार हो रही बिजली कटौती का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने कहा कि मंडई सहित पूरे शहरी क्षेत्र में बिजली की आंख-मिचौली से लोग त्रस्त हैं। बिजली कब आती है और कब चली जाती है, इसका कोई निश्चित समय नहीं है। बिजली नहीं रहने से मोटर नहीं चल पा रहे हैं, जिससे जल संकट और गहरा गया है। वहीं भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।

पूर्व सांसद ने नल-जल योजना के कार्य में लगी एलएनटी कंपनी की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी कछुआ गति से मनमाने ढंग से काम कर रही है। पगमिल रोड में एलएनटी के द्वारा पाइपलाइन कार्य को लेकर लगातार गड्ढा कर दिए जाने से राहगीरों को हो रही परेशानी को लेकर उन्होंने आक्रोश भरे लहजे में कहा कि एक ही रोड को पाइप लाइन कार्य के लिए लगातार कोड़ दिया जा रहा है अभी हाल ही में विगत एक सप्ताह से इस रोड को पुनः गड्ढा कर दिया गया है जो काफी परेशानी खड़ा कर रहा है। एलएनटी कंपनी जैसे इस रास्ते पर कोई प्रयोग कर रही है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एलएनटी कंपनी की कार्यशैली को लेकर लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इंद्रपुरी से कटकमसांडी जाने वाले मार्ग सहित शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों में पाइपलाइन बिछाने के नाम पर जगह-जगह सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं। कई स्थानों पर कार्य पूरा होने के बाद भी सड़कें दुरुस्त नहीं की गई हैं, जिससे बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और यातायात प्रभावित हो रहा है।

## जनगणना प्रशिक्षण संपन्न, 16 मई से घर-घर शुरू होगा मकान सूचीकरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** प्रथम चरण की मकान सूचीकरण जनगणना के लिए पर्यवेक्षक और प्रगणकों का प्रशिक्षण शनिवार को बरही में संपन्न हो गया। अब 16 मई से प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य शुरू करेंगे। यह चरण 14 जून तक चलेगा। मकान सूचीकरण जनगणना का प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 अप्रैल से शुरू होकर 9 मई तक चला। वहीं 1 मई से 15 मई तक स्व-गणना का कार्य जारी है। 16 मई से फील्ड में वास्तविक जनगणना का पहला चरण शुरू हो जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर अयोध्या कुम्हार, राजेन्द्र आर्य, डॉ. सुनील यादव, मथुरा प्रसाद, तुलसी कुमार दास और बमबम कुमार राम ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को बारीकी से प्रशिक्षित किया। सहायक चार्ज पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण की समाप्ति पर सभी प्रशिक्षकों और प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दी और सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य पूरी निष्ठा और सटीकता से पूरा किया जाए।

## केसठ में निकली 6 किलोमीटर लंबी भव्य कलश यात्रा, 501 महिलाओं ने लिया हिस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड की पाण्डेयबारा पंचायत अंतर्गत ग्राम केसठ में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिवशक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर शनिवार को भव्य कलश यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में निकाली गई। कलश यात्रा में बरही विधायक मनोज कुमार यादव विशेष रूप से शामिल हुए और श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीके यादव ने किया। महायज्ञ का शुभारंभ कथावाचक श्री राम जी शास्त्री एवं पंडित नंदलाल शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत कलश पूजन कर किया गया। इसके बाद केसठ मंदिर परिसर से सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं एवं कन्याओं ने सिर पर कलश लेकर विशाल शोभायात्रा निकाली। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए जीटी रोड, पाण्डेयबारा होते हुए चपरी नदी पहुंची, लगभग 6 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में 501 महिलाओं व कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर पैदल भ्रमण किया।जहां वैदिक रीति-रिवाज एवं मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरकर केसठ मंदिर समीप कलश स्थापना की गई। पूरे यात्रा मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालु जयकारों और भजन-कीर्तन के साथ आगे बढ़ते रहे। कलश यात्रा को देखने के लिए गांव एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

## शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की मनी जयंती, वीरता को किया गया नमन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाराणा प्रताप चौक स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, मेयर, जिला परिषद अध्यक्ष, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ कमल नयन सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य और आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। पूरे आयोजन स्थल पर देशभक्ति के नारों और महाराणा प्रताप अमर रहें के उद्घोष से माहौल गूंज उठा। उपस्थित नेताओं ने उनके साहस, शौर्य और देशभक्ति को याद करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन संघर्ष में समर्पित कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, पराक्रम और स्वाभिमान के प्रतीक थे। वहीं विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि देश की नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से सीख लेने की जरूरत है। कांग्रेस नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप भारत के उन महान योद्धाओं में गिने जाते हैं, जिनका नाम आज भी वीरता, स्वाभिमान और देशभक्ति के लिए लिया जाता है। मेयर अरविंद राणा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि देश के लिए प्राण निछावर करने वाले वीर सपूत को बारंबार प्रणाम। झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ कमल नयन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे राष्ट्र के सच्चे सपूत, राष्ट्रभक्त तथा महान योद्धा थे। वहीं कार्यक्रम के आयोजक पंकज सिंह, दीपक सिंह, रवि सिंह, डॉ मिथलेश और राकेश सिंह ने एक स्वर में कहा कि उनके योगदान को याद करते हुए देशवासियों को एकजुट होकर उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। माल्यार्पण करने वालों में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद विकास यादव, राजू सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिनोद कुशवाहा, शशि मोहन सिंह, सुनील सिंह, समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## चौपारण थाना को मिले नए थाना प्रभारी, पंकज कुमार ने संभाली कमान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** थाना प्रभारी पंकज कुमार ने शनिवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने औपचारिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें प्रभार सौंपा। वहीं, सरोज सिंह चौधरी का तबादला कटकमदाग थाना में किया गया है। पदभार ग्रहण के दौरान दोनों अधिकारियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। मौके पर थाना के पुलिस पदाधिकारी, जवानों एवं स्थानीय लोगों ने नए थाना प्रभारी पंकज कुमार का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। निवर्तमान थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी का करीब दस माह का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा। विशेष रूप से अवैध अफीम खेती के खिलाफ चलाए गए अभियान में चौपारण पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली। उनके नेतृत्व में कई इलाकों में छापेमारी कर बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया तथा अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया गया। इसके अलावा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण को लेकर भी लगातार सक्रिय कार्रवाई की गई। नए थाना प्रभारी पंकज कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में गंभीरता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि थाना क्षेत्र में सभी कार्य पारदर्शिता एवं कानून के दायरे में रहकर किए जाएंगे तथा बेहतर पुलिसिंग के लिए जनता का सहयोग भी लिया जाएगा।

# सड़क हादसे में पांच की मौत, चार गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिरिडीह :** जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र के इसरी बाजार में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक,कार सहित करीब 13 वाहनों को रौंद दिया।

इस भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि दस से अधिक घायल हुए है। इनमें चार गंभीर रूप से घायल है। घटना शुक्रवार रात की है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों और निमियाघाट पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया ।

जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। एक घायल की मौत धनबाद ले जाने के दौरान हुई है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। जिसमें चार की स्थिति गंभीर है। वहीं कुछ अन्य घायलों का इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा था। इसलिए घायलों की संख्या बढ़ भी सकती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बगोदर की ओर से आ रही ट्रक संख्य बस पड़ाव के समीप एक बाइक को सटाते हुए तेज गति से इसरी की ओर भागने लगी।

इसी दौरान इसरी पुल से पहले ट्रक ने एक बाइक और टाटा मैजिक को टक्कर मार दी।

इसके बाद सड़क किनारे खड़ी दो कार समेत कई वाहनों को रौंदते हुए ट्रक एक चहारदीवारी तोड़कर बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में कुल 13 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने घटना के बाद ट्रक को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मृतकों में डुमरी के नावाटांड़ निवासी कारी इरशाद (46) गिरिडीह निवासी सुजीत (37) एवं सिमरबेड़ा निवासी संतोष महतो (32) की पहचान हुई है। जबकि दो अन्य मृतक की पहचान की प्रक्रिया जारी थी। घायलों में नावाटांड़ की रुखसार खातून,रांगामाटी निवासी सागीर इसरी की सुधा वर्मा तथा बगोदर निवासी संजय कुमार साव अन्य शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही गिरिडीह डीसी रामनिवास यादव, डुमरी के प्रभारी, एसडीएम संतोष गुप्ता एवं सीओ शशिभूषण वर्मा, सीओ ऋषिकेश मरांडी सहित थानों की पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों को धेर्य बनाये रखने की अपील की है।

ग्रामीणो के मुताविक तेज रफ्तार ने ऐसा कहर बरपाया कि देखते ही देखते करीब 13 वाहन उसकी चपेट में आ गए। इस भीषण हादसे ने पल भर में हंसते-खेलते परिवारों को उजाड़ दिया ।

सड़क पर पसरी चीख-पुकार और मलबे का मंजर बयां कर रहा है कि यह हादसा कितना दर्दनाक था। इधर, शनिवार को सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेजा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ में बाल संसद का चुनाव संपन्न



**बड़कागांव :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ में प्रत्येक वर्ष की भांति , इस वर्ष भी 2026-27 के लिए बाल संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो एवं संचालन सहायक अध्यापक मोहम्मद शमशेर आलम के द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री पद को लेकर कुल 10 विद्यार्थियों ने नामांकन करवाया। जिसमें 2 छात्र अपना नाम वापस ले लिए।चुनाव मैदान में 8 उम्मीदवार डटे रहे। जिसमें निखिल कुमार वर्ग 5 के छात्र एवं वर्ग 8 की छात्रा तनु कुमारी के बीच कांटे की टक्कर रही।निखिल कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी वर्ग 8 की छात्रा तनु कुमार को महज 1 मत से पराजित कर प्रधानमंत्री पद का चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री पद पर काबिज हुए। विजय प्राप्त निखिल कुमार एवं तनु कुमारी को विद्यार्थियों के द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो ने बताया कि विद्यालय में बाल संसद का चुनाव एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है जो तीन दिनों में संपन्न होती है। यह छात्र - छात्राओं में नेतृत्व,आत्मविश्वास और टीमवर्क विकसित करने का एक अनूठा कार्यक्रम है। बाल संसद के प्रमुख पद पर निम्न विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री पद पर- निखिल कुमार , उप प्रधानमंत्री-तनु कुमारी, पोषण मंत्री- पूनम कुमारी , शिक्षा मंत्री- शिवानी कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री-सनी गंझू, स्वच्छता मंत्री- रुपाली कुमारी, खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री-आशीष गंझु , पर्यावरण मंत्री- शीली कुमारी, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री-ओमप्रकाश भोक्ता , कौशल विकास मंत्री- गोविंद कुमार ,संचार मंत्री-निशा कुमारी , छात्रवृत्ति मंत्री- पूनम कुमारी का चयन किया गया।सहायक अध्यापक मोहम्मद शमशेर आलम ने बताया कि बाल संसद के प्रमुख उद्देश्य बच्चों को संसदीय प्रणाली और मतदान प्रक्रिया से परिचित करना, बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाना, विद्यालय की गतिविधियों जैसे मिड डे मील , सफाई में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, स्कूली मुद्दों को शिक्षकों तक पहुंचाना और हल करना मुख्य उद्देश्य है। इस चुनाव में विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्राओं ने अपना अपना मतदान किया। तत्पश्चा बाल संसद के सभी नो चयनित मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो, सहायक अध्यापक मोहम्मद शमशेर आलम, सुधु गंझू, अरविंद सिंह, बिनेश्वर प्रसाद विनायक,सुधीर मिंज एवं कपूरी ठाकुर शामिल थे।

### आरसीएमयू का क्षेत्रीय बैठक राजू यादव की अध्यक्षता में की गई



**बड़कागांव :** आरसीएमयू क्षेत्रीय कार्यालय में शनिवार को क्षेत्रीय सचिव एवं कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजू यादव की अध्यक्षता में बरका सयाल क्षेत्र के आरसीएमयू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की बैठक की गई।इस बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि प्रबंधन के द्वारा रेफर के नाम पर जो को कुव्यवस्था चलाया जा रहा है उससे मजदूरों में काफी रोश है। इस कुव्यवस्था के कारण मजदूर एंव मजदूर के परिवारजन को काफी मानसिक तनाव से गुजरना पड़ रहा है। मामले को लेकर प्रबंधन से यूनियन मांग करती है कि मेडिकल कार्ड में रेफर की प्रक्रिया लागू किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से सीताराम किस्कू, डॉक्टर जी आर भगत , गणेश राम, लालू महतो,महादेव बेसरा, कानू मरांडी, राजेंद्र प्रसाद यादव, पार्थो भट्टाचार्य, विश्वनाथ मांझी,सुखदेव सोरेन,राजकुमार सिंह, संजय कुमार यादव, लालदेव सोरेन,पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली , धर्मदेव करमाली, दीपक कुमार यादव,शिबू ठाकुर,विनोद प्रजापति,चंदू जायसवाल, लखन साव, दासा राम मांझी, मना राम मांझी, बाल्मीकि यादव, सत्यनारायण, मोहम्मद वारिस, मोहित कुमार,अशोक कुमार , विनय चौहान, दिलीप कुमार प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विकास महतो ने अपनी कुड़मि समाज से किया अग्रह 2026 जनगणना में जाति कुड़मि और भाषा कुड़मालि दर्ज करें




**बड़कागांव :** आपन पहचान अपना अधिकार बड़कागांव अंतर्गत जनगणना 26-2027मैं जितने कुड़मी जाति आबादी है वह सभी इस बार चुके ना इस जनगणना में जाति कुड़मी भाषा कुड़माली अवश्य दर्ज करें इस जनगणना से इसके आंकड़े देश के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है गांव गांव में जागरूक करने के लिए लेखन किया जा रहा है मौके में विकास कुमार महतो ने कहा हर गांव में जागरूक अभियान किया जाएगा आने वाले समय में बाल बच्चों के भविष्य के लिए जिसके लिए भाइयों एवं बहनों को जनगणना में किसी तरह का दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा समाज से बड़ा कोई नहीं पार्टी आज है कल नहीं भी रहेगा लेकिन यह समाज आपका है और हमेशा रहेगा हमारा पहचान, हमारा समाज ,एकता हमारी ,शक्ति हमारी ,संगठित समाज ,समृद्ध समाज,हमारा गौरव,हमारी विरासत, जन जागरूकता संदेश इस बार की जनगणना में अपनी पहचान अपना हक जरूर दर्ज करेंझारखंड सरकार को अबकी बार अनुसूची आठवीं भाषा को कुड़माली शामिल करना पड़ेगा ।

### शिवांगना शिव मंदिर से चोरी की नागमूर्ति बरामद आरोपियों ने ग्रामीणों के सामने माफी मांगी



**हजारीबाग :** मंगलवार को रात्रि मे शिवांगना शिव मंदिर से नागमूर्ति चोरी की गई थी। जो बरामद हों गया इन दो चोरों ने मन्दिर के पीछे नागमूर्ति को फेक दिया था जो कि खोज बिन करने पर ये स्वीकार की चोरी यही लोग किया था चोरी करने वालो में राहुल कुमार पिता स्वर्गीय बालों राम सढ़े राम पिता शंभू राम ग्राम सखिया निवासी के द्वारा मंदिर में ये दोनों चोर के द्वारा मंदिर में चोरी का अंजाम दिया गया था। जिसकी आज मंदिर परिषद में शिवांगना शिव मंदिर के ट्रस्ट के द्वारा बैठक किया गया था। इनलोगों ने ट्रस्ट के लोगों के बीच ओर ग्रामीणों के बीच चोरी करने का बात को स्वीकार्य किया ओर मंदिर के आगे घुटने टेक कर माफी ओर कभी भी पूरी लाइफ में चोरी न करने का ग्रामीणों के सामने वादा किया उसके बाद ट्रस्ट के लोगों ने समझा बुझा कर दोनों को माफ कर दिया गया बैठक में गोपाल शिवांगना शिव मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट के अधिकारीगण के अलावा भारी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे ।

# बंगाल में सरकार गठन पर झारखंड भाजपा में उत्साह, शुभेंदु अधिकारी को नेताओं ने दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद झारखंड भाजपा खेमे में उत्साह का माहौल देखने को मिला। झारखंड के कई वरिष्ठ नेताओं ने शुभेंदु अधिकारी को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल की पावन धरती, जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि है, वहां भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय और शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में सरकार गठन कार्यकताओं के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने समस्त कार्यकताओं और बंगाल की जागरूक जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व, राष्ट्रवाद, सुशासन और जनसेवा की राजनीति में जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उनके अनुसार, भाजपा की यह सरकार पश्चिम बंगाल को विकास, सुशासन और सुरक्षा के नए शिखर पर ले जाएगी तथा राज्य में शांति, समृद्धि और प्रगति का नया अध्याय लिखेगी।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए उनके सफल, जनकल्याणकारी और विकासोन्मुख कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, जो स्वामी विवेकानंद, चैतन्य महाप्रभु, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जैसी महान विभूतियों की भूमि रही है, वहां नया नेतृत्व राज्य को सुशासन, सुरक्षा, निवेश, रोजगार और सांस्कृतिक गौरव के नए युग की ओर ले जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में बंगाल विकास, राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और घुसपैठ-मुक्त सुरक्षित भविष्य की दिशा में आगे बढ़ेगा।

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी इस अवसर पर शुभेंदु अधिकारी को बधाई दी और इसे भाजपा की नीतियों तथा नेतृत्व की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता जनता के विश्वास और जनसेवा की राजनीति का प्रतीक है।

इसके अलावा केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ,राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, सांसद दीपक प्रकाश, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, आभा महतो, बालमुकुंद सहाय, डॉ. प्रदीप वर्मा, भानु प्रताप शाही, सुनील सोरेन, मुनेश्वर साहू, गीता कोड़ा, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी एवं मनोज सिंह सहित कई अन्य नेताओं ने भी शुभेंदु अधिकारी को बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि यह पहली बार है जब पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनी है। कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

## शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो, नई सरकार को दी शुभकामनाएं



ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो शनिवार को पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान वे कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य नेताओं के साथ मंच पर मौजूद रहे। समारोह स्थल पर पहुंचने पर नवनियुक्त मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सुदेश महतो का आत्मीय और गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सुदेश महतो ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विकास, सुशासन, सुरक्षा और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगा तथा राज्य एक नई दिशा की ओर अग्रसर होगा। इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में बारिश से मौसम सुहाना, कई जिलों में झमाझम वर्षा, 15 तक येलो अलर्ट

**रांची :** झारखंड में इन दिनों मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों में रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी है। इस बीच मौसम विभाग ने मई माह के अधिकांश दिनों में इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में गर्जन, तेज हवा और वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के संयुक्त प्रभाव के कारण झारखंड में मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में भी राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहने, बारिश होने और तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रह सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 95.4 मिलीमीटर बारिश गोड्डा में दर्ज की गई। लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है और मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना हुआ है। कई इलाकों में लोगों ने उमस और गर्मी से राहत महसूस की। राज्य के अन्य हिस्सों में भी अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई। चाईबासा में 50.4 मिमी, गुड़ाबांधा में 46.4 मिमी, रामगढ़ जिले के भुरकुंडा में 38.3 मिमी, पथरगामा में 37.2 मिमी, पटमदा में 26.8 मिमी, चांडिल में 22.2 मिमी, बोडाम में 21.2 मिमी तथा हिरणपुर में 20.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा बड़कागांव, गोइलकेरा, खरसावां और सिसई सहित कई अन्य इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने 15 मई तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। विभाग ने चेतावनी दी है कि इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है। बारिश के बावजूद कुछ इलाकों में गर्मी का असर बना हुआ है। राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के कांके क्षेत्र में 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप निकलने के कारण लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि शाम या रात के समय फिर से मौसम बदल सकता है और बारिश हो सकती है। तापमान के आंकड़ों के अनुसार, रांची में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम 19.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 35.2 और न्यूनतम 21.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.1 और न्यूनतम 20.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 35.6 और न्यूनतम 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

**रांची :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने बीते दिनों हिंदपीढ़ी के नेजाम नगर छोटा तालाब के पास 11 हजार वोल्ट बिजली के करंट की चपेट में आने से मृत युवक समीर के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर आलम ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक और कार्यपालक अभियंता से भी दूरभाष पर बातचीत कर जरूरी कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग भी की। आलम ने तत्काल स्थानीय बिजली विभाग की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि खुले और जर्जर बिजली तार आम लोगों की जान के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि शहर में खुले बिजली तारों को अविलंब कवर किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

### मदर्स डे पर नन्हे कलाकारों की कला से जीवंत हुई मां की ममता

**रांची :** मदर्स डे के अवसर पर बरियातू स्थित एमएमके हाई स्कूल में सामाजिक संस्था अर्थ फाउंडेशन की ओर से शनिवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जुटे छात्र-छात्राओं ने चित्रकारी के माध्यम से मां-बच्चे के अटूट रिश्ते को कैनवास पर उकेरा, जिसे देखने वाले व्यक्तियों का मन मां की ममता को याद करते हुए भावुक हो उठा। किसी ने अपनी पेंटिंग में मां के अंतहीन त्याग और संघर्ष को दर्शाया, तो किसी ने मां की सुरक्षा और उसकी शीतल ममता पर रंग भरी तस्वीर बनाई। बच्चों की एक-एक कलाकृति मां के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा और प्रेम की कहानी बयां कर रही थी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अर्थ फाउंडेशन के ट्रस्टी दीपक बंका ने बच्चों की कलाकृतियों का अवलोकन कर उनके हुनर की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अलकाम बसीर को, द्वितीय पुरस्कार गुंजन कुमारी को और तृतीय पुरस्कार सुहाना को मिला। इसके साथ ही प्रतियोगिता में 12 सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले बच्चों में खुशबू कुमारी, जैस्मीन कुमारी, सालेहीन, राधिका, इकरा, अरमान खान, जाहिद खान, आरती कुमारी, आस्था कुमारी सहित अन्य छात्रों के नाम शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ तनवीर अहमद, प्राचार्या कहकशां परवीन और अर्थ फाउंडेशन के अमित कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### रेरा के प्रभावी क्रियान्वयन से रियल एस्टेट क्षेत्र में बढ़ा है विश्वास : नीरज

**रांची :** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के कमेटी फॉर मेंबर्स इन प्रैक्टिस के तत्वावधान में और रांची शाखा सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई की ओर से सेमिनार का आयोजन किया गया। शनिवार को होटल रामाडा में आयोजित सेमिनार का विषय रांची के जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट एंड प्रैक्टिकल आस्पेक्ट्स ऑफ इनकम टैक्स ऑन रियल एस्टेट था। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सेमिनार के उद्घाटन मुख्य अतिथि और इंस्टिट्यूट के सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल के अध्यक्ष सीए अंकुर गोयल, विशिष्ट अतिथि नीरज कुमार श्रीवास्तव, ओएसडी, झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी पंकज चौधरी, पूर्व अध्यक्ष झारखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी और पंचरत्न कंस्ट्रक्शन के प्रतीक मोरे ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीए अंकुर गोयल ने कहा कि रियल एस्टेट और कराधान के बदलते परिवेश में निरंतर अध्ययन एवं प्रशिक्षण ही पेशेवर सफलता की कुंजी है। इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनिश जैन ने स्वागत भाषण में कहा कि जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट और रियल एस्टेट पर आयकर के व्यावहारिक पहलुओं समसामयिक विषय आज के प्रोफेशनल परिवेश में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तकनीकी सेमिनार न केवल सदस्यों के ज्ञान और दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि बदलते कानून एवं व्यावहारिक चुनौतियों को समझने का सशक्त मंच भी देते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रेरा के प्रभावी क्रियान्वयन से रियल एस्टेट क्षेत्र में विश्वास और जवाबदेही बढ़ी है। उन्होंने प्रोफेशनल्स से रेरा अनुपालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उद्योग को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उद्घाटन सत्र को पंकज चौधरी और प्रतीक मोर ने भी सम्बोधित किया।

## एक नजर

### श्री श्याम मंदिर में 199वां भंडारा आयोजित

**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज 'श्री श्याम मित्र मंडल' के तत्वावधान में 199वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र खाटू नरेश के जयकारों से गुंजायमान रहा और भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की शुरूआत मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री गौरव अग्रवाल, रामगोपाल साबू, विजयश्री साबू, अश्विनी साबू, आकांक्षा साबू और वरिष्ठ सदस्य राजीव रंजन मित्तल व कविता मित्तल ने परिवार सहित बाबा श्याम को भोग लगाकर की। भक्तों ने अत्यंत श्रद्धा के साथ ₹आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी₹ भजन गाया, जिससे मंदिर का वातावरण भक्तिमय हो गया। सर्वप्रथम आचार्यों को भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई, जिसके पश्चात आम भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण शुरू हुआ।

### विप्स के पूर्वी क्षेत्र की बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रांची :** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में महिलाओं (विप्स) के पूर्वी क्षेत्र की छठी बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विप्स मेकॉन की ओर से शनिवार को रांची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्वी क्षेत्र के पीएसयू की महिला पेशेवरों ने भाग लिया। इस अवसर पर बतौर अतिथि विप्स पूर्वी क्षेत्र की अध्यक्ष और जीआरएसई की सहायक महाप्रबंधक (सीसी) स्वगता सेन रॉय ने कहा कि निरंतर सीखने, सहयोग और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर ध्यासन देने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में अपनाई जाने वाली सावधानियों, साइबर अपराध के नवीनतम मामलों और साइबर सुरक्षा जागरूकता पर सूचनापरक सत्र पर चर्चा किया जाना लाभप्रद साबित होगा।

## भारतीय सभ्यता पर लिखीं चार किताबों का लोकार्पण

# उत्सव धर्मी समाज से ही बचेगा भारत : बलबीर दत्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारत उत्सव का देश है यहां की परंपरा और मूल्यों को बचाकर ही भारतीय सभ्यता को बचाया जा सकेगा। उक्त बातें बलबीर दत्त ने कहीं। वह आज प्रभात प्रकाशन सभागार में आयोजित भारतीय सभ्यता पर लिखीं चार किताबों के लोकापर्ण समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे। डॉ मयंक मुरारी द्वारा रचित जंबूद्वीपे-भरतखंडे, सनातन उत्सव का देश, जनजातीय शूरवीरों की गाथाएं और ह्ट्राइब्ल व्रेबहार्ट ( दो किताब के सहलेखक अचल प्रियदर्शी ) पुस्तकों को प्रभात प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास और संस्कृति को समझने में यह किताब एक संदर्भ ग्रंथ के रूप में कार्य करेगा।





मुख्य अतिथि सिद्धनाथ सिंह ने कहा कि संकल्प मंत्र के माध्यम से हम न केवल गौरवमयी इतिहास का व्याख्यान करते है, बल्कि उन सच्चाई को बार बार अपने सम्मुख लाते हैं, जो इतिहास के अध्याय रहे हैं।

पत्रकार अनुज सिन्हा ने बताया कि भारतीय जीवन और दर्शन पर डॉ मयंक मुरारी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने धर्म और अध्यात्मक जैसे विषय को सरलता के साथ समाज के साथ प्रस्तुत किया है। उनके कार्यों में निरंतरता के साथ बौद्धिकता का समावेश है। प्रांतीय प्रचारक गोपालजी ने कहा कि अपने ऋषियों और उत्सवों को जानना जरूरी है।?हरेक माह का महत्व और उसकी महत्व के बारे में समाज को बताना चाहिए।

प्रमोद झा ने कहा कि इन किताबों के माध्यम से भारतीय समाज में अंतर्निहित धर्म और संस्कृति के विविध पक्षों को जानने के बेहतर माध्यम है। कार्यक्रम का मंच संचालन कुमार बृजेंद्र, परिचय भाषण संजय कृष्ण, आगंतुक अतिथियों का स्वागत राजेश शर्मा और धन्यवाद ज्ञान अचल प्रियदर्शी ने किया। इस अवसर पर राजधानी के कई गणमान्य अतिथियों में राकेश रमण, सुनील सिंह बादल, प्रेम रंजन, हरेंद्र सिन्हा, गुप्तेश शंकर, पंकज मित्र, सदानंद यादव, हीरा सिंह आदि उपस्थित थे।

# एसबीयू में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एआई एंड एमएल फॉर स्मार्ट टीचिंग विषय पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के 29 विद्यालयों से आए 70 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग आधारित तकनीकों तथा नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जेनरेटिव एआई, लार्ज लैंग्वेज मॉडल प्लेटफॉर्म्स प्लेटफॉर्म्स, नो कोड मशीन लर्निंग टूल्स, गूगल टीचेबल मशीन, ऑरेंज डाटा माइनिंग एवं विभिन्न एआई-संचालित शैक्षणिक प्लेटफॉर्म्स की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों – डॉ विश्वजीत करन, डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी एवं डॉ दीप्ति कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका तथा स्मार्ट टीचिंग की उपयोगिता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।



कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन, कुलसचिव प्रो श्रीधर डांडिन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने आधुनिक शिक्षा में डिजिटल दक्षता, नैतिक एआई उपयोग तथा नवाचार आधारित शिक्षण की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# छात्राओं को दिया गया श्लोक एवं मंत्र का प्रशिक्षण, छात्राएं सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :**अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, रांची शाखा की ओर से शनिवार को शिव नारायण कन्या पाठशाला में कक्षा प्रथम से अष्टम तक की 322 छात्राओं को श्लोकों और मंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान शुद्ध एवं सही उच्चारण करने वाली 38 छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार दिए गए। सभी प्रतिभागी छात्राओं को सचित्र कहानी की पुस्तकें उपहार में दी गईं। सम्मेलन की मीडिया प्रभारी रीना सुरेका ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य छात्राओं को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाना और उनमें सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों का विकास करना है। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय बाल विकास प्रमुख रूपा अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर महिला समिति की बबीता नारसारिया, सीमा टांटिया, ललिता नारसारिया, छाया अग्रवाल, उषा विजयवर्गीय, कमला विजयवर्गीय सहित कई शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# उत्पाद विभाग की कार्रवाई में 940 पेटी नकली विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के तीन थाना क्षेत्रों में उत्पाद विभाग ने छापेमारी करते हुए लगभग 940 पेटी अवैध और नकली विदेशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई के दौरान मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार भी किया गया।

उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि रांची में बड़े पैमाने पर नकली विदेशी शराब की खेप का परिवहन किया जाने वाला है। इस इनपुट के आधार पर विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया और छापेमारी की योजना तैयार की। सटीक सूचना के अनुसार, नगड़ी, रातू और धुर्वा थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान 940 पेटी नकली शराब के साथ-साथ दो वाहन, बोतल के ढक्कन और नकली लेबल भी बरामद किए गए।

मौके से राहुल नायक नामक एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जो खूंटी जिले का रहने वाला है।

सहायक उत्पाद आयुक्त उमा शंकर सिंह ने शनिवार को बताया कि यह नकली शराब रांची से बाहर अन्य जिलों में सप्लाई करने की योजना थी। समय रहते मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ में कई अन्य तस्करों के नाम सामने आए हैं, जो नकली शराब के निर्माण और उसकी सप्लाई में शामिल हैं। इनके खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए टीम गठित की जा रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि बरामद खेप में विभिन्न ब्रांडों की नकली शराब शामिल थी, जिसमें क्वार्टर, हाफ और फुल बोतलें थीं। इन सभी बोतलों पर असली ब्रांड जैसे लेबल लगाए गए थे ताकि इन्हें आसानी से बाजार में खपाया जा सके।

## रांची में शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन आस्था का अद्भुत दृश्य, तेज बारिश के बावजूद डटे रहे श्रद्धालु, पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा

# शिव भक्ति मनुष्य के जीवन को बनाती है सरल, शांत और सकारात्मक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के सुकुरहुटू स्थित कथा स्थल पर श्री शिवाला सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से प्रवाहित श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।





मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह और बाबा के प्रति समर्पण अडिग बना रहा। कथा के दौरान अचानक तेज बारिश और आंधी शुरू हो गई, लेकिन श्रद्धालु अपने स्थान पर डटे रहे और कथा सुनते रहे। श्रद्धालुओं की भावना इतनी प्रबल थी कि जब तक कथावाचक मंच से नहीं उठे, तब तक कोई भी पंडाल छोड़ने को तैयार नहीं हुआ।

स्थिति को देखते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं से धैर्य और संयम बनाए रखने की अपील की और कहा कि आज की कथा में जो व्यवधान आया है, उसकी क्षतिपूर्ति अगले दिन की जाएगी। उनके इस आश्वासन के बाद ही श्रद्धालु पंडाल से बाहर निकले। विपरीत मौसम के बीच भी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था ने यह सिद्ध कर दिया कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति किसी भी परिस्थिति में कम नहीं होती।

शनिवार की कथा में पंडित प्रदीप मिश्रा ने भगवान पशुपतिनाथ के महात्म्य का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव स्वयं पशुपतिनाथ रूप में समस्त प्राणियों के रक्षक हैं और जो भक्त सच्चे मन से उनकी आराधना करता है, उसके जीवन के कष्ट स्वतः दूर होने लगते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन बिना नागा शिव मंदिर अवश्य जाना चाहिए तथा नियमित रूप से भगवान शिव का स्मरण, पूजा और भजन-कीर्तन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिव भक्ति मनुष्य के जीवन को सरल, शांत और सकारात्मक बनाती है।

पूरे कथा स्थल पर दिनभर हर हर महादेव और शिव नाम के जयघोष गूंजते रहे। भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालु पूरी तरह भक्ति में लीन दिखाई दिए। कथा स्थल का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिमय भावनाओं से सराबोर रहा।

शनिवार के मुख्य यजमान विवेक कुमार और उनकी पत्नी विनीता कुमारी रहे। इसके अलावा रांची के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग कथा में उपस्थित होकर पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद प्राप्त करते दिखे। आयोजन समिति के अनुसार पांचवें दिन कथा में लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज की गई, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक आयोजन माना जा रहा है।

## एक नजर

### पासवा ने बोर्ड परीक्षा को लेकर सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

**कोडरमा :** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, एसडीओ डीईओ, तिलैया थाना प्रभारी (जिला प्रशासन) कोडरमा से आगामी 15 मई से आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा के दूसरे चरण को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी (बच्चों) एवं विद्यालय सुचारू रूप से संचालन की विशेष सुरक्षा मुहैया के लिए आग्रह किया। सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतिलैया कोडरमा में हुई घटना कि समुचित जांच की मांग करने की बात रखी। इस मामले को लेकर जिले के सैकड़ो स्कूलों के प्रबंधक, प्राचार्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षक, शिक्षिका एवं सहायक कर्मियों ने दुख व्यक्त किया। एसोसिएशन के प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन ने बताया की पदाधिकारियों एवं सदस्यों सभी ने सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्र उदित राज पिता विजय यादव की हुई छात्रावास में मौत की घटना का निष्पक्ष जांच के उपरांत दोषियों पर कार्रवाई कर कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही साथ ही विद्यालय में अध्यनरत हजारों छात्र-छात्राओं के हित हेतु उनका पठन-पाठन बाधित न हो, विद्यालय परिसर, शिक्षक, शिक्षिका, सहाक कर्मी अभिभावक एवं कक्षाओं में विद्यार्थियों में डर के माहौल को मुक्त करने के लिए कुछ दिनों तक विद्यालय में सुरक्षा बल देकर विद्यालय को पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए आग्रह किया।

### कुजू में चैन स्नेचरों का आतंक, महिला से सोने की चेन छीनी

**कुजू :** कुजू ओपी क्षेत्र में इन दिनों चैन स्नेचरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला डटमा मोड़ का है, जहां पल्सर सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार डटमा मोड़ निवासी उपेंद्र शर्मा अपनी पत्नी नगीना देवी को चिकित्सक से दिखाकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। बताया गया कि जैसे ही वे अलंकार सिनेमा रोड से अपने घर की गली की ओर मुड़े, पीछे से तेज रफ्तार पल्सर बाइक पर सवार अपराधी पहुंचे और नगीना देवी के गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि दंपति कुछ समझ ही नहीं पाए। पीड़ित परिवार के अनुसार छीनी गई सोने की चेन की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 70 हजार रुपये है। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में क्षेत्र में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बन गया है। घटना की सूचना मिलते ही कुजू ओपी के पूअनि आशीष कुमार गौतम और सअनि संजय हेंब्रम मौके पर पहुंचे तथा पीड़ित परिवार से पूरी जानकारी ली।

### कोंडिनिया पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पर भावपूर्ण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**झुमरी तिलैया :** कोंडिनिया पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस बड़े उत्साह और भावुकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों की माताओं को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के सम्मान में कविता, गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों ने 'मेरी माँ सबसे प्यारी' थीम पर सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाए और अपनी माताओं को भेंट किए। इस मौके पर कई रोचक प्रतियोगिताएं जैसे माँ-बच्चे की जोड़ी नृत्य, म्यूजिकल चेयर और 'माँ को पहचानो' आयोजित की गईं। सभी माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने बचपन की यादें ताजा कीं।

# लोक अदालत शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है : रमाकान्त मिश्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में आज शनिवार को इस वर्ष के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकान्त मिश्रा ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से जहाँ एक ओर लोगों के समय एवं पैसो की बचत होती है, वहीं लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है । उन्होंने सभी विभाग के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि

**राष्ट्रीय लोक अदालत में 10,657 मामलों का हुआ निष्पादन**

लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। वादों के निष्पादन के दृष्टिकोण से कोडरमा का ग्राफ काफी ऊँचा है। इसके लिए यहाँ के सभी न्यायिक पदाधिकारी बधाई के पात्र है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है । आज झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के संरक्षण में व्यवहार न्यायालय, रांची में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह को कोडरमा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ एवं पारा लीगल वोलेनटियर सहित अन्य स्टेक होल्डर ने यू ट्यूब के लिंक के माध्यम से जुड़कर



ऑनलाइन अवलोकन किया। प्रधान जिला जज रमाकान्त मिश्रा ने सभी बेंचो का निरीक्षण किया एवं बेंच के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सुनवाई के लिए ग्यारह बेंचों का किया गया गठन : इस राष्ट्रीय लोक अदालत में 11 बेंचों का गठन किया गया । बेंच संख्या एक में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायलय अमितेश लाल, अधिवक्ता भुनेश्वर राणा, बेंच संख्या दो में जिला जज प्रथम सचिन्द्र नाथ सिन्हा, अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या तीन में जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा व अधिवक्ता लखन प्रसाद सिंह, बेंच संख्या चार में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अधिवक्ता सुधीर कुमार सिन्हा, बेंच संख्या पांच में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञा बाजपाई, अधिवक्ता सुमन जायसवाल, बेंच संख्या छः में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी संध्या प्रसाद , अधिवक्ता संगीता रानी, बेंच संख्या सात में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नमिता मिंज, अधिवक्ता रीना कुमारी, बेंच संख्या आठ में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ज्योत्सना पाण्डेय, अधिवक्ता टीनू कुमारी, बेंच संख्या नौ में स्थाई लोक अदालत के प्रभारी अध्यक्ष राजेश कुमार वैश, सदस्य ममता सिंह व सदस्य कुमारी अनुपमा, बेंच संख्या दस में जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी व अधिवक्ता कीर्ति कुमारी एवं बेंच संख्या ग्यारह में जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा, सदस्य शिल्पी चटर्जी व अधिवक्ता रीतम कुमारी ने मामले की सुनवाई की । राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल ग्यारह बेंचो के माध्यम से कुल 10657 वादो का निष्पादन किया गया।

## कोडरमा में ट्रक ने दो युवकों को 100 मीटर घसीटा, एक की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** कोडरमा जिले के सदर थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक आवास के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान झुमरीतिलैया के पानी टंकी रोड निवासी 22 वर्षीय गोपी कुमार के रूप में हुई है। वहीं, 23 वर्षीय करण कुमार गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक मोटरसाइकिल से झुमरीतिलैया से कोडरमा स्थित अपने नानी के घर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बोल्डर लदे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जानकारी के मुताबिक, टक्कर के बाद मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे फंस गई। चालक ने वाहन नहीं रोका। ट्रक बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए जेजे कॉलेज के पास तक ले गया। इस दौरान दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। शोर-शराबा और लोगों की भीड़ जुटने के बाद ट्रक चालक ने जेजे कॉलेज के पास वाहन रोका। इसके बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को उठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गोपी कुमार को मृत घोषित कर दिया। करण कुमार का इलाज जारी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस चालक की तलाश में जुट गई है। उधर, युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प, शूरवीर और त्याग के प्रतीक थे महाराणा प्रताप : रामचन्द्र सिंह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ और शहर के गण मानय लोगों ने महाराणा प्रताप चौक स्थित महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा महाराणा प्रताप अमर रहे सहित अन्य गगन भेदी नारे लगाए। मौके पर उतरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ के संरक्षक रामचंद्र सिंह ,पूर्व अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह महासचिव शिवलाल सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में भीकोई संकोच नहीं की। अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प, शूरवीर, वीर शिरोमणि और त्याग की प्रतिमूर्ति थे महाराणा प्रताप। उन्होंने भारत माता की रक्षा के लिए दुश्मनों से लड़ते हुए अदम्य वीरता का परिचय दिया। नारायण सिंह, विजय सिंह, राजेंद्र सिंह ने मौके पर कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों को आज के युवा पीढ़ी को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने सर्व धर्म और सर्व समाज के लिए हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनके आदर्शों को अपनाकर हम एक मजबूत समाज की नींव रख सकते हैं। विनय कुमार बेलू ,रवि सिंह, नीरज कर्ण ने इस अवसर पर कहा कि महाराणा प्रताप सभी वर्गों के लिए सर्वमान्य हैं।

## ड्यूटी जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात

**कुजू :** कुजू ओपी क्षेत्र के पैंकी चौक के समीप शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान छोटकी डूंडी धवैयाडीह निवासी नरेश साव (38 वर्ष), पिता सुरेश साव के रूप में हुई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने की मांग उठाई। जानकारी के अनुसार नरेश साव शनिवार सुबह साइकिल से नईसराय स्थित मेडिकल दुकान में काम करने जा रहे थे। इसी दौरान छरी लदे तेज रफ्तार ट्रेलर संख्या बीआर 25जीए 5851 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर साइकिल ट्रेलर के नीचे पूरी तरह दब गई थी। वहीं पास में पड़ा लंच बॉक्स देखकर लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सड़क जाम रहने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर मांडू सीओ तृप्ति विजया कुजूर और कुजू ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मांग पर सीओ ने तत्काल 10 हजार रुपये नकद सहायता और सरकारी प्रावधान के तहत चार लाख रुपये मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## 296 कर्मियों को मिला जनगणना का प्रशिक्षण जयनगर 2027 की तैयारी में पूरी तरह तैयार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** आगामी जनगणना 2027 को लेकर जयनगर प्रखंड में आयोजित तीन दिवसीय चार चरणों का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण 27 अप्रैल 2026 से 9 मई 2026 तक संचालित किया गया। प्रत्येक चरण में प्रतिभागियों को तीन दिनों तक व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनगणना कार्य को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना था। इस दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को हाउस लिस्टिंग, डेटा संकलन, डिजिटल माध्यम से जानकारी प्रविष्टि, क्षेत्रीय कार्य प्रणाली तथा जनगणना से जुड़े तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार जयनगर प्रखंड में कुल 135 गांव हैं, जिनमें 22 गांव बेचिरागी श्रेणी में शामिल हैं। जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए 279 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 296 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें 230 प्रगणक, 39 पर्यवेक्षक एवं 27 रिजर्व कर्मी शामिल रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन में जनगणना कोषांग एवं मास्टर ट्रेनरों की अहम भूमिका रही। मास्टर ट्रेनर के रूप में विपिन कुमार (प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी), दिनेश कुमार यादव (प्रखंड कल्याण पदाधिकारी), अभिनव कुमार (श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी) एवं राहुल कुमार (अंचल निरीक्षक) ने लगातार सेवाएं दीं। वहीं कमल किशोर सिंह ने सहायक चार्ज पदाधिकारी के रूप में कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। समापन अवसर पर बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है, जिसके आधार पर भविष्य की योजनाएं एवं नीतियां तय की जाती हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों, मास्टर ट्रेनरों, कर्मियों एवं सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।

# प्लास्टिक छोड़ने का संकल्प : डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल में बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त समाज के उद्देश्य को लेकर चलाए जा रहे सेल्फी विथ झोला अभियान के तहत शनिवार को डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल, रामगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ संवाद कर उन्हें पर्यावरण सुरक्षा, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और कपड़े के झोले के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। संवाद कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सवालों के जवाब पूरे आत्मविश्वास के साथ दिए। विद्यार्थियों ने प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प भी लिया। विद्यालय की प्राचार्य कुमारी अनिता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक व्यवहार में बदलाव लाकर प्रकृति के अनुकूल जीवनशैली अपनानी होगी। प्लास्टिक का उपयोग कम कर कपड़े और अन्य पर्यावरण के अनुकूल सामग्री से बने थैलों का इस्तेमाल करना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी कपड़े के झोले के इस्तेमाल के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। बच्चों ने कहा कि वे बाजार जाते समय कपड़े का थैला ही उपयोग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला।

### एला एंगलाइज स्कूल के बच्चों ने सीखे फिटनेस और एकाग्रता के गुर

**रामगढ़ :** एला एंगलाइज सीबीएसई स्कूल, भुरकुंडा में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य बच्चों को योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योग के विभिन्न अभ्यासों को पूरे उत्साह के साथ सीखा। शिविर के मुख्य प्रशिक्षक कंचन दास ने बच्चों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ बेहतर स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। उन्होंने बच्चों को नियमित योग करने की सलाह दी।दो दिवसीय शिविर में बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार, पद्मासन, ध्यान मुद्रा, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक ने योगासन की सही विधि और उसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी। बच्चों ने पूरे अनुशासन और उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### एनसीसी शिविर में सड़क सुरक्षा का संदेश डीटीओ ने कैडेटों को किया जागरूक



**कोडरमा :** कोडरमा के बागीटांड़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन 650 कैडेटों ने सैन्य एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 45 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में फायरिंग ड्रिल, टेंट पिचिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, ऑब्सटेकल ट्रेनिंग एवं गार्ड ऑफ ऑनर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर का मुख्य आकर्षण जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी का संबोधन रहा। उन्होंने कैडेटों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार, मोबाइल फोन का उपयोग और नशे की हालत में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है।कार्यक्रम के अंत में डीटीओ विजय कुमार सोनी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिविर में एनसीसी अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही।

### विधायक ने दिव्यांग युवक को दी बैटरी ट्राइसाइकिल, जगी नई उम्मीद



**रामगढ़ :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रौशन लाल चौधरी ने भुरकुंडा बाजार स्थित संकटमोचक मंदिर के समीप क्षेत्र के दिव्यांग युवक कृष्णा को बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल प्रदान कर सेवा और मानवता का अनूठा उदाहरण पेश किया। विधायक के इस सहयोग से दिव्यांग युवक के चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी और पूरे क्षेत्र में इस पहल की सराहना की गई। बताया गया कि यह बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल विधायक रौशन लाल चौधरी के विशेष प्रयासों से सीसीएल की सीएसआर योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई। ट्राइसाइकिल मिलने के बाद कृष्णा ने भावुक होकर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सहयोग उनके जीवन में नई उम्मीद लेकर आया है और अब उन्हें दैनिक कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को दिव्यांग और जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद की छोटी-सी मदद भी उसके जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। विधायक ने कहा कि जनसेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है और क्षेत्र के हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय पासवान, योगेश दांगी, मंडल मंत्री बिनोद सिंह, अभिषेक मिश्रा, सुधीर, काला बाबू और अवधेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला कदम बताया।

### यूपीएससी आईएफएस में अंशुमान सिंह बने देश के दूसरे टॉपर, जिले में खुशी की लहर

**झुमरीतिलैया :** वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने वार्ड नंबर 10 निवासी अंशुमान सिंह के यूपीएससी आईएफएस एग्जाम 2025 में ऑल इंडिया सेकंड रैंक प्राप्त करने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी शिक्षा के क्षेत्र में उनकी इस शानदार उत्कृष्ट उपलब्धि पर पिंकी जैन ने उनके परिवार जनों और उनसे बात कर खुशी व्यक्त की और कहा कि यह पूरे जिले और झारखंड के लिए गौरव की बात है ऐसे संस्कार और शिक्षा देने के लिए उनके माता-पिता को नमन करती है। वार्ड नंबर 10 शांति भवन के पास उनका अपना आवास है। अंशुमान सिंह ने अपनी यह उपलब्धि अपने शिक्षक पिता स्वर्गीय विनय कुमार सिंह माता सुनीता देवी को यह उत्कृष्ट सम्मान समर्पित की और कहा कि उनके संस्कार मेहनत और त्याग का यह नतीजा है जैसा कि मालूम हो कि अंशुमान सिंह प्रारंभ से ही बहुत मेधावी रहे हैं भारतीय जल सेना में उन्होंने पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा दी वर्तमान में इंडियन कोस्ट गार्ड में डिप्टी कमांडेंट के रूप में कार्यरत है उनके भाई अभिनव सिंह पटना में युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षण देते हैं। अपना एकेडमी चलाते हैं मार्कोस सर के नाम से विख्यात है पिंकी जैन ने कहा कि हम सभी आज गौरवान्वित है। युवाओं को उनके कठिन परिश्रम से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है यूपीएससी एग्जाम केअपने अंतिम प्रयास में पूरे भारतवर्ष में दूसरा स्थान प्राप्त करना अद्भुत एवं ऐतिहासिक है।

### मातृ दिवस और रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई

**कोडरमा :** डोमचांच नगर क्षेत्र स्थित मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी में शनिवार को मातृ दिवस एवं महान साहित्यकार, शिक्षाविद, दार्शनिक तथा नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती अत्यंत श्रद्धा, सम्मान और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर पूरे दिन सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक वातावरण से गुंजायमान रहा। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य, कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यार्थियों ने गुरुदेव के जीवन, साहित्य, शिक्षा दर्शन तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने टैगोर जी की रचनाओं एवं विचारों के माध्यम से शिक्षा, मानवता और संस्कृति का संदेश दिया। मातृ दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत एवं कविताओं ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में माँ के त्याग, ममता एवं संघर्ष को विशेष रूप से दशार्या गया। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि माँ जीवन की प्रथम गुरु होती हैं तथा उनके आशीर्वाद से ही जीवन सफल बनता है। विद्यालय के निदेशक रजनीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि माँ का स्थान संसार में सर्वोच्च है तथा मातृ शक्ति ही समाज की वास्तविक आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करने एवं जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के विचार आज भी युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। विद्यालय प्रशासक आर. पी. पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं सामाजिक मूल्यों के विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।

## एक नजर

### नए पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा ने कार्यभार किया ग्रहण



बड़कागांव : बड़कागांव पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर नए पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा ने पदभार ग्रहण किया। इनके पद ग्रहण पर पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। पुलिस इंस्पेक्टर शाहीद रजा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी लिया ।और कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी ।अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावित कार्रवाई करते हुए आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया जाएगा। साथी ही साथ महिला सुरक्षा , साइबर अपराध नियंत्रण तथा जनसुनवाई को प्रथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया की जनता के साथ संवेदनशील एवं मित्रवत व्यवहार रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। तथा शिकायतों का तत्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करें। आगे कहा कि पुलिस जन सहयोग के माध्यम से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इसलिए आमजन से भी सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य शौर्य यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** शहर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 487 वीं जयंती शनिवार को श्रद्धा, उत्साह और शौर्य के वातावरण में मनाई गई। क्षत्रिय करणी सेना और झारखंड क्षत्रिय युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में शहर में भव्य शौर्य यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और जय महाराणा प्रताप के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। शौर्य यात्रा भुइयांडीह पटेलनगर मैदान से शुरू होकर भुइयांडीह चौक तक पहुंची। यात्रा से पहले घोड़ों के आकर्षक करतबों का प्रदर्शन किया गया, जिसने लोगों का ध्यान खींचा। युवाओं ने भगवा ध्वज के साथ महाराणा प्रताप के शौर्य और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। दूसरी ओर साकची मरीन ड्राइव गोलचक्कर स्थित महाराणा प्रताप चौक को फूलों और भगवा पताकाओं से भव्य रूप से सजाया गया था। महाराणा प्रताप की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाकर आकर्षक स्वरूप दिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत पांच पुरोहितों के शंखनाद से हुई। इसके बाद झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, शिवशंकर सिंह, मंजू सिंह और सचिव अमित सिंह के नेतृत्व में अतिथियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया और कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन युवाओं के लिए साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है। इस दौरान टुनटुन सिंह ने उनका स्वागत कर सम्मानित किया।

मुख्य वक्ता और शिक्षाविद अनिरुद्ध त्रिपाठी अशेष ने महाराणा प्रताप के संघर्ष, त्याग और राष्ट्रधर्म के प्रति समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने मुगलों के सामने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया और कठिन परिस्थितियों में भी स्वाभिमान की रक्षा की।

कार्यक्रम में भाजपा नेता पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिन्हा, महामंत्री राजीव सिंह, समाजसेवी मनोज सिंह, विनोद सिंह, कन्हैया सिंह, आशुतोष राय, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के महामंत्री भूपेंद्र सिंह, महावीर मुर्मू, सतवीर सिंह सोमू, बंटी सिंह, सोनू सिंह, अजय गुप्ता और अरुण सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। गर्मी को देखते हुए शहर में करीब 15 स्थानों पर सेवा शिविर लगाए गए, जहां लोगों के बीच शरबत, हलवा, लड्डू और शीतल पेय वितरित किया गया। वहीं, गायक सोनू दुलरुवा और उनकी टीम ने देशभक्ति और महाराणा प्रताप से जुड़े गीत प्रस्तुत कर माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का संचालन में रवि सिंह, सुखदेव सिंह, दिनेश सिंह, कुमार प्रभाकर, जयंत विक्रम सिंह, अभिषेक सिंह, शशि सिंह और हेमंत सिंह सहित कई युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के डॉ. रविंद्र राय ने सुबेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई



सरिया : पश्चिम बंगाल की सियासत में आए बड़े मोड़ के बीच, झारखण्ड भाजपा के दिग्गज नेता, कोडरमा के पूर्व सांसद और वर्तमान में हुडको के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने सुबेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. राय का यह बधाई संदेश पश्चिम बंगाल और झारखण्ड दोनों राज्यों के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। सुबेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविंद्र राय ने कहा कि, सुबेंदु अधिकारी एक जमीन से जुड़े हुए और अत्यंत जुझारू नेता हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की बहाली और जनता के हक के लिए एक लंबा और कड़ा संघर्ष किया है। उनका मुख्यमंत्री बनना न केवल भाजपा की विचारधारा की जीत है, बल्कि यह पश्चिम बंगाल की उस शोषित जनता की भी जीत है जो सालों से कुशासन और भय के माहौल में जी रही थी। डॉ. राय ने आगे भरोसा जताते हुए कहा कि सुबेंदु अधिकारी के कुशल और तेजस्वी नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के साथ मिलकर अब बंगाल में भी 'डबल इंजन' की सरकार दौड़ेगी, जिससे भ्रष्टाचार, हिंसा और तुष्टीकरण की राजनीति का हमेशा के लिए अंत होगा और सोनार बांग्ला का सपना सच होगा। डॉ. राय ने सुबेंदु अधिकारी के सफल कार्यकाल की मंगलकामना की है।

### पलाण्डू मुख्य सड़क गड्ढे में तब्दील, राहगीरों को आवागमन परेशानी



बड़कागांव : प्रखंड मुख्यालय से महज 15 किमी की दूरी पर बसा पलाण्डू गांव बसा हुआ है ।इस गांव के बीच का जो सड़क है इसकी स्थिति काफी दयनीय है। इस गांव के सड़क की लंबाई महज 1 किमी है जिसमें जगह – जगह पर बड़े बड़े गड्ढे में जल का जमाव और कीचड़ में तब्दील है। जो राहगीरों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अभी बरसात का मौसम आया भी नहीं है और एक दो दिन के बारिश में रोड की स्थिति बदहाल है अभी तो पूरा बरसात बाकी है ।इस सड़क का निर्माण हुए लगभग 25 वर्ष हो गए हैं। जिसे पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के कार्यकाल में बनाया गया था। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नेता मंत्री लोग चुनाव के समय बड़े– बड़े वायदे कर के चले जाते हैं। कई बार हमलोगों ने इस बदहाल सड़क का निर्माण करवाने का मांग किया है, लेकिन आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं सुना ।बताते चलें कि इस सड़क से दर्जनों गांवों कुन्दरु, चेलंगदाग, झिकझोर, लोहरसा, हिंदेगीर, फटरिया पानी, बटुका, खपिया, बुंडू, किरीगड़ा, हफुवा सहित दर्जनों गांवों के लोग आवागमन करते हैं ।जिन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क निर्माण का मांग करने वालों में मुख्य रूप से मुखिया गीता देवी , पंचायत समिति सदस्य मेघा कुमारी , पूर्व मुखिया शुक्ला तुरी, एतवा तुरी, बिमल करमाली, राजेन्द्र प्रसाद महतो, छटू गंझू, शतीश करमाली, नारायण प्रसाद, अजय कुमार, ईश्वर महतो, नागेश्वर तुरी, ईश्वरी महतो, सुबेदार करमाली, प्रदीप महतो, नागेश्वर महतो, गणेश दास, बिमल गंझू,बिजय महतो, बालेश्वर महतो, सोमर महतो, सुनिल राज, जयराम महतो, सुरेश महतो, सुरेन्द्र दास सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में टैगोर और महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में शनिवार को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक मनोज कुमार यादव और अन्य अतिथियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर की। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने साहित्य, संगीत और शिक्षा के क्षेत्र में विश्व पटल पर भारत को गौरवान्वित किया। वहीं महाराणा प्रताप ने स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। दोनों महापुरुष आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के सचिव कृष्णा प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. हीरामन साव, संचालन समिति अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार दत्त और सचिव संजय कुमार दुबे ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने टैगोर के 'गीतांजलि' और 'जन गण मन' जैसे योगदान तथा महाराणा प्रताप के हल्दीघाटी युद्ध के शौर्य को याद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग उपस्थित थे। अंत में सभी ने महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर डॉ सुनील कुमार दत्त, रमेश ठाकुर, दिनेश्वर यादव, सतेंद्र कुमार शर्मा, राजेश कुमार, मनोज घोष, नितेश कुमार, शिशिर कुमार, दिलीप गुप्ता, विकास कुमार, राज आर्यन उर्फ छोटी, गुरुदेव गुप्ता, मनितोष यादव, किशोर राणा, अजीत रविदास, आलोक वर्णवाल, रणजीत सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# चलती रांची राजधानी से कूदा आर्मी का जवान आरपीएफ की सतर्कता ने बचाई जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन पर शनिवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब रांची राजधानी एक्सप्रेस जैसी हाई-स्पीड ट्रेन से उतरने के क्रम में भारतीय सेना का एक जवान अचानक गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, यह खौफनाक हादसा सुबह लगभग 05:15 बजे का है, जब गाड़ी संख्या 20840 डाउन रांची राजधानी एक्सप्रेस स्टेशन से स्लो पासिंग के क्रम में गुजर रही थी। घायल जवान की पहचान बिहार के गया जिले के आती थाना अंतर्गत चमुरा गांव निवासी जय प्रकाश कुमार (41 वर्ष) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में आर्मी के जवान हैं। पूछताछ में घायल जवान ने बताया कि वह लखनऊ से गया तक की यात्रा कर रहा था। गयाजी स्टेशन पर नींद लग जाने के कारण उसकी आंख नहीं खुली और ट्रेन गया से आगे निकल आई। जब ट्रेन हजारीबाग रोड स्टेशन पर धीमी हुई, तो उसने सोचा कि यहां उतरकर वापस गया के लिए दूसरी ट्रेन पकड़ लेगा। इसी उतावली में साउथ साइड में चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में वह संतुलन खो बैठा और पटरी के पास गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे पर नजर पड़ते ही ड्यूटी पर तैनात आरक्षी रोहित कुमार और स्टेशन पोर्टर राजेश पंडित बिना एक पल गंवाए हरकत में आए। उन्होंने तत्काल घायल जवान को संभाला और आरपीएफ पोस्ट व स्टेशन के आला अधिकारियों को सूचना देते हुए उसे सरिया के बगोडीह स्थित प्राइवेट सत्य प्रभा हॉस्पिटल में भर्ती कराया। आरपीएफ की इस त्वरित कार्रवाई से जवान को समय पर इलाज मिल सका।

# पाटा टोल के समीप विशेष वाहन जांच अभियान में 1,01,800 रुपये का जुर्माना वसूला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल :** उपायुक्त, सरायकेला-खरसावां नीतीश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु चांडिल थाना अंतर्गत पाटा टोल के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 1,01,800 का जुमार्ना वसूला गया। अभियान के दौरान वाहनों के आवश्यक दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग एवं अन्य यातायात सुरक्षा मानकों की जांच की गई। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु जागरूक भी किया गया। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी श्री गिरिजा शंकर महतो सहित संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।

# कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से जोड़ा बैल शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** कुकड़ू प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग कि ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत जोड़ा बैल शिविर में 8 यूनिट सूकर , एवं तीन यूनिट बैल जोड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रशासन के देखरेख में किया गया, जिसमें चयनित लाभुकों को स्वरोजगार सृजन एवं आय वृद्धि के उद्देश्य से बकरी पालन इकाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा लाभुकों को पशुपालन के वैज्ञानिक तरीकों, देखभाल, टीकाकरण एवं प्रबंधन संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई, ताकि योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। वहीं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो ने कहा कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुदृढ़ करना, पशुपालन को बढ़ावा देना तथा लाभुकों को आत्मनिर्भर बनाना है। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लाभुकों को समय-समय पर आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा बाला पातर, झारखंड आंदोलनकारी सुनील महतो एवं दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने आधुनिक मल्टीलेयर फार्मिंग मॉडल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिले में कृषि एवं किसानों की आजीविका को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड अंतर्गत बसौरा फार्म में आधुनिक मल्टीलेयर फार्मिंग प्रणाली विकसित की जा रही है। शनिवार को उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने निमार्णाधीन विभिन्न कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों एवं संवेदकों को सभी कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि बसौरा फार्म में विकसित किया जा रहा यह मल्टीलेयर फार्मिंग मॉडल जिले के कृषि क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत करेगा। यह पहल केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि आधुनिक और बहुआयामी खेती की दिशा में किसानों के लिए प्रेरणादायक मॉडल साबित होगी। इससे किसानों को कम भूमि में अधिक उत्पादन और आय के विविध स्रोत विकसित करने का अवसर मिलेगा। इस परियोजना के अंतर्गत कृषि, बागवानी और पशुपालन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को एकीकृत रूप से विकसित किया जा रहा है, ताकि भविष्य में यह केंद्र समेकित कृषि प्रणाली के उत्कृष्ट मॉडल के रूप में स्थापित हो सके। यहां किसानों को आधुनिक तकनीकों पर आधारित खेती और कृषि आधारित गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान मल्टीलेयर फार्मिंग परियोजना के तहत विकसित किए जा रहे सब्जी नर्सरी, शेड नेट हाउस और पॉलीहाउस, मशरूम स्पॉन यूनिट, औषधीय पौधों का गार्डन, ड्रैगन फ्रूट एवं स्ट्रॉबेरी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती, कोल्ड चैंबर की मरम्मत, बड़े तालाब का निर्माण, फिश-कम-डक फार्मिंग, दाल मिल, मेडिकल प्लांट गार्डन, सिंचाई के लिए पंप यूनिट, छोटे कृषि उपकरणों की व्यवस्था, बकरी पालन तथा 400 लेयर मुर्गियों की पोल्ट्री यूनिट सहित विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने तालाब की आउटलेट व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि पूरे वर्ष तालाब में पर्याप्त जल उपलब्ध रहे, इसके लिए स्थायी एवं मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने तालाब में पॉन्ड लाइनर लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मल्टीलेयर फार्मिंग प्रणाली के माध्यम से एक ही भूमि पर विभिन्न स्तरों पर फसल, फलदार पौधों और पशुपालन आधारित गतिविधियों को एकीकृत कर उत्पादन किया जाता है। इससे कम लागत और कम भूमि में अधिक उत्पादन संभव होता है एवं किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलती है। उपायुक्त ने 05 टन क्षमता वाले निमार्णाधीन कोल्ड स्टोरेज का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा किसानों को कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण में मदद करेगी और उत्पादों के बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगी। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, जिला अभियंता लाल बिहारी यादव, जिला गव्य विकास पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


उपायुक्त का कार्यालय

जिला जनसम्पर्क कार्यालय, हजारीबाग-825301

(सी-विंग, तिसरा तल्ला, समाहरणालय भवन)

कलादलों के जिला स्तरीय चयन एवं ग्रेडिंग हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण सूचना"

गीत नाट्य कार्ययोजना के तहत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं/सूचनाओं/कार्यक्रमों को आमजनों तक सरल व स्थानीय भाषा/बोलियों में गीत-नाट्य, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य पारंपरिक माध्यमों के जरिए प्रचार-प्रसार हेतु स्थानीय स्तर पर **25 (पच्चीस)** कलादलों को चयनित कर ग्रेडिंग करने हेतु इच्छुक सांस्कृतिक दलों से दिनांक **03.06.2026** के अपराह्न **5:00** बजे तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जिला जनसम्पर्क कार्यालय, हजारीबाग में स्वयं अथवा नामित प्रतिनिधि/निबंधित पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा के उपरान्त जिलास्तर पर गठित चयन समिध्ति के द्वारा कला-दलों का चयन कर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी। ग्रेडिंग हेतु स्क्रीनिंग की तिथि निर्धारण कर कलादलों को बाद में सूचित की जाएगी।

**कलादलों के चयन हेतु नियम एवं शर्तें:**

1. चयन के द्वारा की गई ग्रेडिंग अगले दो वर्षों तक के लिए मान्य रहेगी।
2. कलादलों के चयन एवं ग्रेडिंग में 80:20 के अनुपात में 80 प्रतिशत हजारीबाग जिलान्तर्गत तथा 20 प्रतिशत झारखण्ड राज्य के अन्य जिलों के व कला विधा की विविधता के दृष्टिकोण से कलादलों का चयन किया जाएगा। इस संबंध में कलादलों को। Annexure-B में कलाकारों को विवरणी समर्पित करना होगा।
3. प्रत्येक कलादल में न्यूनतम 08 (आठ) सदस्य होना अनिवार्य है, जिसमें 04 (चार) महिला सदस्य होंगी। अपवाद स्वरूप ऐसे नृत्य कला कार्यक्रम जिसमें पारंपरिक रूप से केवल पुरूष या महिला सदस्य ही कला दल के सदस्य होते हैं, वैसे कलादलों के चयन में 08 सदस्यीय कलादल केवल महिला या केवल पुरूष से गठित हो सकते हैं।
4. दलों के चयन एवं ग्रेडिंग को मात्र झारखण्ड सरकार एवं कला-दलों के मध्य मात्र संविदात्मक कार्य सम्बंध समझा जाएगा एवं यह किसी भी प्रकार से नियोजन के किसी भी प्रावधान को आकृष्ट नहीं करेगा।
5. सभी कलादलों को आवेदन पत्र के साथ। Annexure-B एवं Annexure-C प्रपत्र सहित संबंधित दस्तावेजों का संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. ग्रेडिंग/सूचिबद्ध कला दल को सरकार की ओर से कार्यक्रम करना है, अतएव राज्य की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कार्यानुशासन को हर हाल में बनाए रखना कला-दलों की जिम्मेवारी होगी।
7. कलादलों को समय-समय पर निदेशालय द्वारा निर्धारित दर के अनुरूप पारिश्रमिक भुगतेय होगा।
8. स्क्रीनिंग/ऑडीशन के समय कलाकारों को आधार कार्ड की मूल प्रति लाना आवश्यक होगा। कलादलों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि भुगतेय नहीं होगा तथा कलादलों को अपना व्यय स्वयं वहन करना होगा।
9. कार्यक्रम की असंतोषजनक प्रस्तुति अथवा दल के सदस्यों के द्वारा राज्य की गरिमा के विरूद्ध किए गए आचरण की शिकायत के उपरांत भुगतेय राशि में से कटौती एवं दल को काली सूची में डाले जाने के उपरांत उनका सूचिबद्धता रद्द किया जा सकेगा।
10. कलादलों के प्रदर्शन (ऑडिशन) तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी। प्रदर्शन की गुणवत्ता के अनुरूप कलादल को A, B, C ग्रेड में वर्गीकृत किया जाएगा।
11. कलादलों का चयन/ग्रेडिंग निम्नांकित बिन्दुओं पर जिला स्तरीय चयन समति द्वारा किया जाएगा:- 1) वेशभूषा/वस्त्र विन्यास 2) वाद्य यंत्र 3)प्रस्तुति शैली 4) संदेश की प्रभावशीलता/क्षमता 5) विषय वस्तु की प्रासंगिकता
12. कलादलों द्वारा दिये गये कला प्रदर्शनी का अंक ग्रेडिंग निम्नानुसार दिया जाएगा।

| जिले के स्थानीय कलादल | | जिले के बाहर के कलादल | |
|---|---|---|---|
| 70% & above :- | Grade - A | 75% & above :- | Grade - A |
| 60%-69% :- | Grade - B | 65%-74% :- | Grade - B |
| 50%-59% :- | Grade - C | 55%-64% :- | Grade - C |

13. उपर्युक्त तालिका के अनुसार संबंधित कलादलों को प्राप्त ग्रेडिंग के अनुरूप प्रमाण-पत्र जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, हजारीबाग के स्तर से निर्गत किया जाएगा।
14. **गीतनाट्य/नुक्कड़ नाटक/सांस्कृतिक कार्यक्रम का कोई अधिकार नहीं:** ग्रेडिंग एवं चयन करने मात्र से विभिन्न कलादलों को कार्य प्राप्त करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। प्रदर्शन की आवश्यकता एवं लक्षित जन समूह को ध्यान में रखते हुए ही कार्य आवंटित किया जाएगा।
15. बिना कारण बताए इच्छा की अभिव्यक्ति को स्वीकृत/अस्वीकृत/रद्द अथवा संशोधित करने सहित किसी दल से कार्य नहीं कराए जाने एवं उन्हें पैनल से हटाए जाने हेतु अधिकार जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, हजारीबाग को सुरक्षित रहेगा।

आवेदन का विहित प्रपत्र एवं पूर्ण जानकारी जिला जनसम्पर्क कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट तथा हजारीबाग जिले की वेबसाईट https://hazaribag.nic.in पर उपलब्ध है।

**उपायुक्त,**
हजारीबाग

PR 379421 (IPRD) 26-27

# संस्कारों की प्रतिमूर्ति: मेरी मां इंद्रावती देवी

दुनिया भर में लोग अपनी माँ के प्रति प्रेम व्यक्त करेंगे, लेकिन मेरे लिए यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस निस्वार्थ तपस्या के प्रति नतमस्तक होने का क्षण है, जिसने मेरे और मेरे भाई-बहन के अस्तित्व को गढ़ा है। मेरी माँ, श्रीमती इंद्रावती देवी, महज एक नाम नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और अटूट संस्कारों की एक जीवित संस्था हैं।

एक सुदूर ग्राम के परिवेश में, जहाँ सुविधाएँ सीमित थीं और चुनौतियाँ असीम, माँ ने एक बड़े संयुक्त परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी जिस कुशलता से निभाई, वह किसी विस्मय से कम नहीं है। हम दो भाइयों और एक बहन के बचपन को अभावों की आंच से बचाकर, उन्होंने अपनी ममता की शीतल छाया में पाला। उनके जीवन का हर दिन एक नया संघर्ष था, फिर भी उनके चेहरे पर कभी थकान नहीं दिखी। उनकी आँखों में हमारे भविष्य के लिए एक सपना था–ऐसा सपना जिसमें केवल करियर की ऊँचाई नहीं, बल्कि चरित्र की शुचिता भी शामिल थी।

संयुक्त परिवार की अपनी जटिलताएँ होती हैं और कई बार संसाधनों या परिस्थितियों को लेकर द्वंद्व की स्थिति बनती थी। ऐसे समय में माँ हमें टूटने या कुंठित होने के बजाय प्रेरित करती थीं। वे अक्सर कहती थीं, ₹बेटे, यह दुनिया केवल इस घर या घोंसले तक सीमित नहीं है। चिड़िया की तरह केवल घोंसले के मोह में मत बँधो, इससे आगे एक बहुत बड़ी दुनिया है। तुम समाज और राष्ट्र के पटल पर अपना वैचारिक और बौद्धिक घर बनाना सीखो।₹ माँ की इसी सीख ने हमारी सोच को संकुचित दायरे से बाहर निकालकर हमें आत्मनिर्भरता और व्यापक उद्देश्य की ओर अग्रसर किया।

बचपन की स्मृतियाँ आज भी ताजा हैं। जब कभी हम भाई-बहन आपस में लड़ते थे या हमारे बीच समन्वय की कमी होती थी, तब माँ हमें डांटने के बजाय रामायण और महाभारत की कहानियाँ सुनाती थीं।

वे राम और कृष्ण के जीवन के उदाहरण देकर हमारा मार्गदर्शन करती थीं। माँ के उस प्रबोधन का ही परिणाम है कि आज हम सभी भाई-बहन एक-दूसरे के प्रति अटूट प्रेम और सम्मान का भाव रखते हैं।

आज हम भाई-बहन समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए जिस मुकाम पर हैं, उसकी नींव माँ के दिए गए वे संस्कार ही हैं। उन्होंने हमें सिखाया कि अपनी कुल-मयार्दा का पालन कैसे करना है, समाज के प्रति संवेदनशील कैसे रहना है और राष्ट्र का सम्मान सर्वोपरि क्यों है। वे संस्कार ही थे जिन्होंने हमें कठिन से कठिन समय में भी विचलित होने से बचाया।

जीवन के सफर में आज भी जब कभी हम कठिनाइयों या वैचारिक संघर्षों से जूझते हैं, तो माँ का वह सहज अनुभव हमारे लिए प्रकाश स्तंभ बन जाता है। वे अपनी दूरदर्शिता से हमारे कष्टों के निवारण का ऐसा मार्ग बताती हैं, जो शायद किसी बड़ी पुस्तक में भी न मिले। उनकी बातें हमारे मानसिक द्वंद्वों को शांत कर नई ऊर्जा का संचार करती हैं।

मातृ दिवस पर मैं बस यही कहना चाहता हूँ कि एक माँ का ऋण एक जन्म तो क्या सौ जन्मों तक भी चुकाया नहीं जा सकता। माँ, आपने हमें जो संघर्ष की शक्ति और सत्य के प्रति निष्ठा दी है, वही हमारी असली पूँजी है। हम आज जो कुछ भी हैं, जहाँ कहीं भी हैं, वह सब आपके त्याग और आशीर्वाद का प्रतिफल है। मेरी माँ को कोटि-कोटि नमन।

## सूडोकु नवताल- 7790

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7789 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# पंजाब की हवा में घुल रही है बारूद की गंध, सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ी

राजेश शांडिल्य



गीत-संगीत, जीवंत संस्कृति वाले पंजाब की खूबसूरत विरासत धमाकों के घटनाक्रमों के बीच दरक रही है। प्रतीत होता है कि पंजाब की हवा में एक बार फिर बारूद की गंध घोलने की साजिश रची जा रही है। संतोष कर सकते हैं कि अभी तक किसी भी घटनाक्रम में बड़े जानमाल की क्षति नहीं हुई, मगर भय का वातावरण अवश्य व्याप्त हुआ है। गुरुओं की भूमि को पहले भी इसी तरह की साजिश के बूते दहलाने का काम हुआ था और बड़े प्रयासों के बाद उस पर अंकुश लगा था। एकबार फिर उसी तरह की छटपटाहट दिख रही है।

नतीजा सामने है कि ताजा घटनाक्रम मुख्यमंत्री भगवंत मान के जालंधर दौरे से चंद घंटे पहले हुआ। 5 मई 2026 को बीएसएफ मुख्यालय के बाहर एक जोरदार विस्फोट हुआ। पंजाब में मंगलवार रात जालंधर और अमृतसर में दो संदिग्ध धमाके हुए हैं। इनमें जालंधर में बीएसएफ मुख्यालय के बाहर चौक पर खड़ी स्कूटी में रात करीब सवा 8 बजे विस्फोट हुआ, जबकि अमृतसर के खासा में रात करीब 11 बजे मिलिट्री कैंप की दीवार के पास धमाका हुआ, जिसके बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई। पंजाब में इस घटना सहित करीब 19 माह के दौरान 24 घटनाक्रम सामने आ चुके हैं। इनमें ग्रेनेड फेंकने और धमाके सुर्खियों रहे हैं। पंजाब की आबोहवा में बारुद की गंध घुलने से सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ी है।

जालंधर में बीएसएफ मुख्यालय के बाहर स्कूटी में धमाके की आवाज करीब एक किलोमीटर दूर तक सुनी गई। धमाके से पहले दोपहर को ही आतंकी वारदात का अलर्ट आ चुका था। इससे पहले राजपुरा शंभू रेल खंड पर ट्रैक उड़ाने की कोशिश और एक की मौत हो चुकी है। गुरदासपुर में भाजपा नेता के शोरूम के बाहर ग्रेनेड फेंकने की घटना ने भी सुरक्षा तंत्र को अलर्ट पर ला दिया था। सितंबर 2024 से 5 मई 2026 तक पंजाब और चंडीगढ़ में ग्रेनेड और विस्फोटकों से जुड़ी करीब 24 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें पुलिस चौकियां, थाने, चेक पोस्ट, हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधि, राजनीतिक नेता, धार्मिक स्थल और निजी मकान तक निशाने पर रहे। यही वजह है कि अब इन घटनाओं को अलग-अलग घटनाएं नहीं बल्कि एक सुनियोजित तौर पर देखा जा रहा है।

सबसे पहले सुरक्षा ठिकानों को निशाना बनाया गया। दिसंबर 2024 में अमृतसर, गुरदासपुर, बटाला और मजीठा में लगातार पुलिस चौकियों और थानों पर ग्रेनेड हमले हुए। कहीं ग्रेनेड फटा तो कहीं पिन नहीं निकलने या तकनीकी वजह से बड़ा नुकसान टल गया। इसके बाद 2025 में हमलों का दायरा बदल गया। अमृतसर में मंदिर को निशाना बनाया गया। जालंधर में भाजपा नेता के घर और एक यूट्यूबर के मकान पर हमला हुआ। इससे साफ संकेत मिला कि हमलावर सिर्फ सुरक्षा एजेंसियों को चुनौती नहीं दे रहे बल्कि समाज में डर और अस्थिरता का माहौल बनाना चाहते हैं।

2025 के आखिर और 2026 में घटनाओं का दूसरा पहलू सामने आया। कई जगहों पर ग्रेनेड और विस्फोटक बरामद हुए। अमृतसर और फिरोजपुर में संयुक्त अभियानों के दौरान पाकिस्तान निर्मित ग्रेनेड मिलने की बात सामने आई। जनवरी 2026 में एजेंसियों की छापेमारी में विस्फोटक सामग्री मिली। इसके बाद 27 अप्रैल 2026 को राजपुरा शंभू रेल खंड पर धमाके ने खतरे को और गंभीर बना दिया। जांच में सामने आया कि रेल ट्रैक को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई थी। इस मामले में तरनतारन निवासी जगरूप सिंह की मौत हुई और चार संदिग्ध गिरफ्तार किए गए। शुरूआती जांच में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और विदेश में बैठे खालिस्तानी नेटवर्क से कनेक्शन की आशंका जताई गई। इन घटनाओं का सबसे गंभीर पहलू यह है कि हमलों का तरीका छोटा जरूर है लेकिन निशाने बेहद संवेदनशील चुने हैं। सुरक्षा एजेंसियां मान रही हैं कि छोटे हमलों के जरिये सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियां परखी जा रही हैं। यह भी संभावना है कि स्थानीय युवाओं का इस्तेमाल कर मॉड्यूल तैयार किए जा रहे हों और इनके असली हैंडलर सीमा पार या विदेश में बैठे हों।

पंजाब पहले भी आतंकवाद और अलगाववाद का दौर देख चुका है। अस्सी और नब्बे के दशक की हिंसा के बाद लंबे समय में हालात सामान्य हुए थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विदेशों से अलगाववादी बयानबाजी, सोशल मीडिया प्रचार, ड्रोन के जरिये हथियार सप्लाई और छोटे मॉड्यूल की सक्रियता लगातार सामने आती रही है। मौजूदा घटनाएं उसी कड़ी का नया रूप मानी जा रही हैं।

अब सवाल यह है कि क्या ये घटनाएं सिर्फ चेतावनी हैं या किसी बड़े खतरे की घंटी। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां लगातार छापेमारी और निगरानी कर रही हैं। कई संदिग्ध पकड़े गए हैं लेकिन असली चुनौती पूरे नेटवर्क और उसके मास्टरमाइंड तक पहुंचने की है। इन घटनाओं को अगर हल्के में लिया गया तो पंजाब के अमन चैन के लिए ठीक नहीं होगा।

# बंगाल में सत्ता परिवर्तन से आगे बढ़कर सामाजिक पुनर्जागरण की दस्तक



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की पहली सरकार का गठन निश्चित ही राज्य की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक दिशा बदलने वाले निर्णायक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी नई सरकार ने अपने गठन के साथ ही स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अब बंगाल की राजनीति किसी एक विचार, एक वर्ग या एक राजनीतिक परिवार तक सीमित न रहकर सर्वसमावेशी रहेगी।

नई सरकार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें समाज के लगभग प्रत्येक वर्ग को स्थान देकर व्यापक सामाजिक संतुलन स्थापित किया गया है। लंबे समय तक वामपंथी शासन और उसके बाद तृणमूल शासन के दौरान जिस प्रकार राजनीतिक हिंसा, वैचारिक असहिष्णुता, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक पक्षपात की घटनाएं एवं आरोप सामने आए, उसके बाद भाजपा की यह सरकार स्वयं को लोककल्याणकारी, सहभागितापूर्ण और भयमुक्त शासन के रूप में प्रस्तुत करने के लिए पहले ही दिन से संकल्पित दिखी है।

नई मंत्रिपरिषद की संरचना यह स्पष्ट करती है कि भाजपा ने बंगाल में व्यापक सामाजिक आधार तैयार करने की गंभीर कोशिश की है। बंगाल की जनता भी इस परिवर्तन को एक दल परिवर्तन के रूप में नहीं देख रही, उसके लिए इस व्यवस्था परिवर्तन के विशेष मायने हैं, जिसमें वह अपने लिए एक सुनहरा भविष्य देखती है। जिन लोगों ने आज मंत्री पद की शपथ ली, उनमें हर वर्ग का प्रतिनिधित्व समाहित है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, अग्निमित्रा पॉल जहां सामान्य वर्ग से हैं, वहीं खुदीराम टुडू के माध्यम से भारत के जनजाति समाज को प्रतिनिधित्व मिला है। इसी तरह से दिलीप घोष हैं, जोकि पिछड़ा वर्ग से आते हैं। निसिथ प्रामाणिक राजबंशी हैं। इनमें एक नाम अशोक कीर्तनिया का भी है, वह भी बंगाल के पिछले और अति पिछड़े वर्ग मतुआ समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इस तरह से बंगाल की सत्ता में सभी का सहभाग एक साथ समान रूप से दिखाई दे रहा है। वस्तुतः भाजपा का संदेश साफ है, वह यह कि सत्ता के केंद्र में समाज का हर वर्ग रहेगा। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी ने यहां गांव, सीमावर्ती क्षेत्रों, वनवासी इलाकों और पिछड़े समाजों से आए चेहरों को प्रमुखता एवं प्रमाणिकता के साथ आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही आज पश्चिम बंगाल में भाजपा यह भी संदेश देने में भी सफल रही है कि भय और भ्रष्टाचार से मुक्त शासन की आवश्यकता जो इस राज्य में लम्बे समय से जरूरी माना जा रहा था, वह अब इस राज्य में होता हुआ दिखेगा।

कहना होगा कि ममता शासन से जुड़े पुराने अनुभव इस राज्य के बहुत बुरे रहे हैं। उस दौर में पश्चिम बंगाल लगातार राजनीतिक हिंसा और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा रहा। पंचायत चुनावों से लेकर विधानसभा चुनावों तक अनेक स्थानों पर हिंसा, बूथ कब्जे और विपक्षी कार्यकताओं पर हमलों की घटनाओं ने लोकतंत्र को आहत किया। संदेशखाली जैसी घटनाओं ने महिला सुरक्षा और प्रशासनिक निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए। शिक्षक भर्ती घोटाला, कोयला तस्करी, पशु तस्करी और अवैध वसूली जैसे मामलों ने राज्य सरकार की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया।

स्वभाविक है कि इन घटनाओं ने आम नागरिकों के भीतर असुरक्षा और असंतोष की भावना को और गहरा किया। भाजपा ने इन्हीं मुद्दों को जनता के बीच प्रमुखता से उठाकर परिवर्तन की आवश्यकता को मजबूत आधार दिया। वस्तुतः इसी पृष्ठभूमि में सुवेंदु सरकार का गठन उन लोगों के लिए आशा का संदेश बनकर सामने आया, जोकि लंबे समय से भयमुक्त और निष्पक्ष शासन की अपेक्षा कर रहे थे।

इसके साथ यह भी आज के दिन याद आ रहा है कि कैसे बंगाल का राजनीतिक इतिहास वामपंथी शासन से प्रभावित रहा है! प्रारंभिक वर्षों में भले ही वामपंथ को व्यापक समर्थन मिला दिखता हो, किंतु समय बीतने के साथ सभी ने देखा कि राजनीतिक जड़ता, उद्योगों के पलायन और वैचारिक कठोरता के साथ हिंसा ने पूरे राज्य को पीछे धकेल दिया था। नंदीग्राम और सिंगूर की घटनाएं आज भी बंगाल के राजनीतिक इतिहास पर गहरे घाव के रूप में याद की जाती हैं। किसानों के आंदोलन, पुलिस कार्रवाई और हिंसक संघर्षों ने राज्य की छवि को गंभीर क्षति पहुंचाई। उद्योगों का राज्य से बाहर जाना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सीमित होना भी बड़ी चिंता का विषय बना।

वामपंथी शासन के अंतिम वर्षों में यह धारणा मजबूत हो गई थी कि विचारधारा प्रशासनिक व्यवहारिकता पर भारी पड़ रही है। आज अच्छा यह है कि भाजपा अब उसी पृष्ठभूमि को सामने रखकर विकास, निवेश और सुशासन आधारित राजनीति का नया विकल्प प्रस्तुत कर रही है। राज्य की नई सरकार इस संदेश के साथ आगे बढ़ती दिखाई दे रही है कि बंगाल को वैचारिक टकराव के स्थान पर विकास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और जनविश्वास की राजनीति की आवश्यकता बनाया जाएगा। सोनार बांग्ला का संकल्प भाजपा ने जनता के सामने रखा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई अवसरों पर कह भी चुके हैं, बंगाल का विकास भारत के विकास का आधार है। भाजपा अब इसी भावनात्मक और वैचारिक आधार को शासन व्यवस्था में परिणत करने का प्रयास कर रही है। आज सुवेंदु अधिकारी सरकार का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश यही माना जा रहा है कि बंगाल अब भय, हिंसा और राजनीतिक वर्चस्व की राजनीति से आगे बढ़कर विकास, सहभागिता और सामाजिक संतुलन की नई दिशा में कदम रखता हुआ दिखेगा, जहां सत्ता का अर्थ समाज के हर वर्ग को सम्मान और अवसर देना भी होगा। फिलहाल तो नई सरकार से यही उम्मीद की जा रही है!

# 10 मई 1857 : मेरठ से सशस्त्र क्रांति का उद्घोष

रमेश शर्मा

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में मई 1857 को मेरठ सैन्य छावनी से आरंभ हुई सशस्त्र क्रांति पूरे देश में फैली। यद्यपि अंग्रेजों से भारत की मुक्ति के लिये इससे पहले भी सशस्त्र संघर्ष हुये किन्तु मेरठ क्राँति का स्वर पूरे देश में गूँजा और जन सामान्य भी इस संघर्ष में सहभागी बना।

दासत्व के अंधकार की अवधि भारत में सबसे लंबी रही। किंतु आक्रांताओं और विदेशी शासकों के दमन के बीच भारत का स्वत्वबोध भी अक्षुण्य रहा। स्वतंत्रता के लिये सदैव संघर्ष हुआ। 1857 की इस क्रान्ति से पहले दक्षिण भारत में रानी चैनम्मा सहित पंजाब और रांची सहित देश के विभिन्न स्थानों में संघर्ष के विवरण मिलते हैं। पर 1857 की क्राँति पहला ऐसा संघर्ष था जिसका पूरे देश में विस्तार हुआ। पहले के संघर्षो में दो कमियाँ रहीं। एक तो वे स्थानीय अथवा क्षेत्रीय रहे और दूसरा संघर्ष राज सैनिकों तक ही सीमित रहा लेकिन 1857 की क्राँति में पूरा भारतीय समाज सहभागी बना। इसमें न जाति की कोई रेखा थी न धर्म की, न राजा का भेद था न सेवक का। सब कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों को भारत से बाहर करने के अभियान में जुट गये थे। यदि रानी लक्ष्मीबाई और लखनऊ की बेगम सक्रिय हुई तो कानपुर में नृत्य गान से अपनी आजीविका कमाने वाली महिलाएँ भी सहभागी बनी। भारत के सभी धर्म, सभी वर्ग, सभी वर्ण और सभी आयु समूह के लोग इस संघर्ष में सहभागी बने। देश का कोई ऐसा कोना नहीं जहाँ इस संघर्ष की ज्वाला प्रकट न हुई हो।

उन दिनों भारत में दो प्रकार की शासन व्यवस्था थी। एक तो कुछ क्षेत्र सीधे अंग्रेजों के आधीन थे। वहां उनके अधिकारी सीधा नियंत्रण रखते थे और दूसरी ओर कुछ क्षेत्र रियासतों के आधीन। रियासतों में कहने के लिये राजा या नबाब हुआ करते थे पर ये राजा नबाब सब अंग्रेजों की कठपुतली थे। हर रियासत में अंग्रेज पोलिटिकल एजेन्ट रहता था। वह अपने अनुसार इन्हें संचालित करता था। राज परिवार में कौन उत्तराधिकारी होगा यह निर्णय भी अंग्रेज करते थे। हर रियासत के लिये वसूली का एक टारगेट होता था। जो हर हालत में वसूल होता था। यह वसूली में बरती जाने वाली क्रूरता से कई लोगों की मौत भी हो जाती थी जिसे पूछने वाला भी कोई न था। अंग्रेजों के इस दबाव से पूरे देश की जनता में बहुत रोष था और जब मेरठ से क्राँति आरंभ हुई तो सबका स्वर समवेत हो गया ।

क्रान्ति का बीजारोपण बैरकपुर छावनी से

मेरठ से आरंभ हुई इस क्रान्ति का बीजारोपण मेरठ से बहुत दूर बंगाल की बैरकपुर छावनी से हुआ था। भारत की सैन्य छावनियों में ऐसे कारतूस आये जिनके बारे में कहा जाता था कि उनमें गाय और सुअर की चर्बी का कोड है। इन कारतूसों का उपयोग 1853 से आरंभ हुआ था। कारतूस की बनावट ऐसी थी कि इसे बंदूक में डालने के लिये कवर खोलना होता था, जिसे मुँह से खींचा जाता था। कारतूस पर गाय और सुअर की चर्बी का कोड होने की चर्चा के चलते सैनिक मुँह से खोलने से बचने लगे। सैनिकों ने अपनी बात अधिकारियों तक पहुँचाई किन्तु बात नहीं बनीं। तब मार्च 1857 में बंगाल की बैरकपुर छावनी के सैनिकों ने आवाज उठाई और सिपाही मंगल पांडे सामने आये। वे इस सैन्य छावनी की 34 वीं इन्फ्रेन्ट्री में सिपाही थे। उन्होंने अपने कुछ साथी सैनिकों से चर्चा की और संयुक्त रूप से प्रतिकार करने का आव्हान किया। उनकी बात से अनेक सैनिक सहमत तो थे पर विरोध करने का साहस न कर पा रहे थे। इन चचाओं भनक कमांडर तक पहुँची।

सैन्य कमांडर ने 29 मार्च 1857 को परेड बुलाई और कारतूस लोड कर फायरिंग का आदेश दिया किन्तु सैनिकों ने आदेश मानने से इनकार कर दिया। इसपर कुछ अंग्रेज सैन्य अधिकारी परेड मैदान में ही सैनिकों के साथ दुर्व्यवहार करने लगे, पीटने लगे। इसका सिपाही मंगल पाँडे ने विरोध किया तो सार्जेंट-मेजर जेम्स ह्यूसन बंदूक लेकर उनकी ओर दौड़ा। वह समीप आता इससे पहले ही सिपाही मंगल पाडेय ने उसपर गोली चला दी लेकिन वह बच गया। जनरल जॉन हर्से ने मंगल पाँडे को बंदी बनाने का आदेश जमादार ईश्वरी प्रसाद को दिया। जमादार ईश्वरी प्रसाद ने भी आदेश मानने से इनकार कर दिया। वहाँ मौजूद सैनिकों में से कोई भी मंगल पांडे गिरफ्तार करने आगे नहीं आया। तब उस छावनी से मौजूद एक अन्य टुकड़ी के सिपाही बुलाये गये।

सैनिक शेख पलटू अपनी टोली के साथ आगे आया। मंगल पाँडे और ईश्वरी प्रसाद बंदी बना लिये गये। 6 अप्रैल उनका कोर्ट मार्शल हुआ। 8 अप्रैल को क्राँतिकारी मंगल पाँडे और 21 अप्रैल को जमादार ईश्वरी प्रसाद फांसी पर चढ़ा दिये। बटालियन के सभी सैनिकों से हथियार ले लिये गये। अंग्रेज सरकार ने यह पूरी रेजिमेंट भंग कर दी। सभी सैनिकों को बर्खास्त कर दिया गया। यह बर्खास्तगी साधारण नहीं थी। पहले परेड बुलाई, उनकी वर्दी ही नहीं सारे कपड़े उतारे गये। काफी अपमानित किया गया। शेख पलटू को पदोन्नत करके हवलदार बना दिया गया। जिस प्रकार इस इन्फेन्ट्री के सैनिकों को अपमानित किया गया था उसकी प्रतिक्रिया देशभर की छावनियों में हुई लेकिन मुखर स्वर देने का काम मेरठ छावनी से हुआ। बंगाल की बैरकपुर छावनी में जिस 34 वीं इन्फेन्ट्री को भंग करके सैनिकों को अपमानित किया गया था उसके अधिकांश सैनिक उत्तरप्रदेश के थे। क्राँतिकारी मंगल पांडे भी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के थे।

## दैनिक पंचांग

**10 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.43 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 07.41 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 09.54 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.10 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 14.22 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 16.33 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.48 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 21.04 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 23.09 बजे से |
| | | कुंभ | 00.55 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | मीन | 02.28 बजे से |
| | | मेष | 03.59 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 130 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 15.07 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 00.50 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 02.09 बजे रात्र को समाप्त। **करण** कौलव 15.07 बजे तदनन्तर तैतिल 03.22 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 34' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872705 **जूलियन दिन** 2461170.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्काद **तारीख** 22 **विशेष** मातृ दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत होगी कड़ी कार्रवाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, माइनिंग इंस्पेक्टर, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला खनन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि 1 अप्रैल से 8 मई तक अवैध खनन से जुड़े मामलों में 22 वाहनों को जब्त किया गया, जिनमें 07 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को मेजर एवं माइनरल्स से संबंधित नियमों का गहन अध्ययन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पाकुड़ एक इंटर-स्टेट बॉर्डर जिला होने के कारण वाहनों एवं चालानों की सघन जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत वरीय अधिकारियों को दें तथा बिना विलंब कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने मापी एवं सर्वे कार्यों को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित पदाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी चेकनाका की नियमित जांच करने, अवैध खनन के विरुद्ध सतत अभियान चलाने तथा अनुमंडल प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग एवं खनन विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। वहीं मौके पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि अवैध खनन के विरुद्ध दर्ज होने वाली प्राथमिकी की संख्या में कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सक्रियता के साथ कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिए।

## प्रशिक्षित सहायक आचार्यों का रेंडमाइजेशन के माध्यम से हुआ पदस्थापन

**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया गया पदस्थापन समाहरणालय सभागार, पाकुड़ में आज प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर सहायक आचार्य संवर्ग अंतर्गत इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 01 से 05) एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 06 से 08) के पदस्थापन की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान गणित एवं विज्ञान शिक्षक, सामाजिक विज्ञान शिक्षक तथा भाषा शिक्षकों का पदस्थापन रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से सभी शिक्षकों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त ने की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पदस्थापन प्रक्रिया को पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा रहा है, ताकि सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर प्राप्त हो सके। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ करें।

## एक नजर

### बच्ची के साथ दुष्कर्म का केस, किशोर निरुद्ध

**साहिबगंज:** जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की खबर है। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एक किशोर को पोक्सो एक्ट के तहत निरुद्ध कर दुमका बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़िता की मां के अनुसार, घटना बीते छह मई की शाम करीब सात बजे की है। उनकी पुत्री किराना दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान एक किशोर ने रास्ते में उसे पकड़ लिया और जबरन पास के जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने तुरंत बरहरवा थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां के आवेदन पर पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर किशोर को निरुद्ध कर न्यायिक प्रक्रिया के बाद दुमका बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

### उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**साहिबगंज:** उपायुक्त दीपक कुमार दुबे ने शनिवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण कर जनरल वार्ड, महिला वार्ड सहित विभिन्न वार्डों में मरीजों को उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, पेयजल, बेड व्यवस्था, शौचालय एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने अस्पताल में मरीजों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए अल्ट्रासाउंड मशीन एवं सीटी स्कैन मशीन को जल्द रिप्लेस कर नई तकनीक से युक्त आधुनिक मशीन लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर बेहतर जांच एवं इलाज उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों एवं कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने अस्पताल प्रबंधन को सभी लंबित कार्य जल्द पूरा करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाने को कहा। मौके पर सिविल सर्जन रामदेव पासवान, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी बासुकीनाथ टुडू, ड्रग्स इंस्पेक्टर, डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी सहित अन्य मौजूद थे।

### करंट प्रभावित तार की चपेट में आकर तीन गायों की मौत



**साहिबगंज:** जिले के बरहेट प्रखंड क्षेत्र के भैरोढाब गांव में करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से तीन गाय की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जानकारी गांव के बुद्ध बेसरा की दो गाय एवं माणिक कुमार का एक गाय बताया जा रहा है। बीते रात तेज आंधी बारिश से बिजली तार टूट कर जमीन में गिरा हुआ था। जिससे अहले सुबह गाय घास चरने के दौरान टूटा बिजली तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों ने बिजली विभाग को घटना की समस्या से लेकर अवगत कराया। इधर बिजली विभाग के कर्मी ने त्वरित लाइन काटकर घटनास्थल जाकर गिरे हुए तार को मरम्मत किया। तत्पश्चात बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। इधर गाय मालिकों ने अपनी नुकसान की भरपाई का गुहार की है।

## टोंगी पहाड़ आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका व सहायिका का चयन संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखंड क्षेत्र के टोंगी पहाड़ गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका एवं सहायिका पद के लिए चयन प्रक्रिया ग्राम सभा के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चयन प्रक्रिया स्थानीय ग्रामीणों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई, जिसमें अभ्यर्थियों के आवेदन एवं शैक्षणिक योग्यता की जांच की गई। जानकारी के अनुसार, सेविका पद के लिए सालोमी कुमारी एवं रानी मालतों ने आवेदन किया था। निर्धारित मापदंड एवं योग्यता के आधार पर सालोमी कुमारी का चयन सेविका पद के लिए किया गया। वहीं सहायिका पद हेतु अलाबती पहारिन, रानी मालतों एवं झूमा सरदार ने आवेदन प्रस्तुत किया था। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद रानी मालतों को सहायिका पद के लिए चयनित घोषित किया गया। ग्राम सभा के माध्यम से संपन्न इस चयन प्रक्रिया को ग्रामीणों एवं अधिकारियों ने शांतिपूर्ण और पारदर्शी बताया। चयन के बाद गांव के लोगों ने नवचयनित सेविका एवं सहायिका को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर कार्य की उम्मीद जताई।

## पाकुड़िया चोरी कांड का खुलासा, हथियार के साथ अंतरराज्यीय अपराधी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के पाकुड़िया थाना क्षेत्र के रामघाटी गांव में हुए लाखों रुपये की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से अवैध हथियार, जिंदा गोली, चोरी के नगद रुपये, चांदी के सिक्के और चोरी की घटना में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न थानों में करीब 22 आपराधिक मामले दर्ज होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, बीते 2 मई की रात पाकुड़िया थाना क्षेत्र के रामघाटी गांव निवासी मनोज कुमार भगत के घर में करीब 7 से 8 लाख रुपये मूल्य के सामान एवं नगदी की चोरी हुई थी। मामले को लेकर पाकुड़िया थाना कांड संख्या 28/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक पाकुड़ के निर्देश पर महेशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी (का गठन किया गया था। पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्त सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में 8 मई की शाम पुलिस को सूचना मिली कि एक काले रंग की थार/रॉक्स गाड़ी में कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से पाकुड़िया क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने पाकुड़िया थाना क्षेत्र के खकसा गांव के पास वाहन को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही वाहन से चार लोग उतरकर भागने लगे, जिनमें से एक अपराधी को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया, जबकि अन्य फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मिहिर ठाकुर उर्फ मिहिर नरसुन्दर उर्फ नरसुन्दर (32 वर्ष), पिता निवारण नारसुन्दर, निवासी ढोढ़िया दक्षिणपाड़ा, थाना मुरारोई, जिला बीरभूम (पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## महिला ने थाना पुलिस पर लगाए रिश्वत और अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के गंगा नदी थाना क्षेत्र से पुलिस कार्यशैली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। रामपुर निवासी चांदनी देवी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर गंगा नदी थाना के अनुसंधानकर्ता कार्तिक उरांव पर रिश्वत मांगने, अभद्र व्यवहार करने तथा धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने दिए आवेदन में कहा कि गंगा नदी थाना कांड संख्या 25/26 में मुख्य आरोपियों के पिता रामसुमति सिंह का नाम गलती से प्राथमिकी में छूट गया था। आरोप है कि जब उन्होंने उक्त नाम को केस में जोड़ने का आग्रह किया तो अनुसंधानकर्ता ने इसके एवज में 10 हजार रुपये की मांग की। महिला का आरोप है कि रुपये देने से इनकार करने और समझौते के दबाव को नहीं मानने पर पुलिस अधिकारी ने उनके साथ गाली-गलौज की। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अनुसंधानकर्ता ने धमकी देते हुए कहा कि सब्जी बेचकर 10 हजार लाओ, नहीं तो तुम लोगों को ही झूठे केस में फंसाकर जेल भेज देंगे। चांदनी देवी ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी ने इलाज से संबंधित कागजात और एफआईआर की प्रति छीन ली तथा उन्हें धक्का देकर थाना से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने आवेदन में बताया कि विपक्षी पक्ष दबंग प्रवृत्ति के हैं और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें अपने खेत से सब्जी तोड़ने और नाव पर चढ़ने से भी रोका जा रहा है। मामले को लेकर महिला ने एसपी से दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। हालांकि इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

## झारखंड विस की प्राक्कलन समिति ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने शुक्रवार को पाकुड़ परिसदन सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक समिति के सभापति सह लिट्टीपाड़ा के विधायक हेमलाल मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के सदस्य सह बगोदर के विधायक नागेन्द्र महतो, घाटशिला के विधायक सोमेश चंद्र सोरेन तथा टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं एवं परियोजनाओं के प्राक्कलन, बजट प्रावधान तथा क्रियान्वयन की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों ने योजनाओं की आवश्यकता, उपयोगिता एवं जनहित से जुड़े पहलुओं का विस्तृत मूल्यांकन करते हुए सभी योजनाओं का पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में समिति ने पाया कि कुछ योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। इस पर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समय- सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।समिति ने विभागों को अनावश्यक व्यय में कटौती करने, उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों, विलंब के कारणों एवं उनके समाधान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 9830 मामलों का हुआ निपटारा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज में और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, राजमहल में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष कि दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड के सभी जिलों में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, जज, झारखण्ड हाई कोर्ट-सह-कार्यकारी अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से किया। जिसका सीधा प्रसारण साहिबगंज और राजमहल के व्यवहार न्यायालय स्थित लोक अदालत कक्ष में स्क्रीन पर उपस्थित लोगों ने देखा। उद्घाटन के उपरान्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार ने विभिन्न लोक अदालत बेंचों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ एवं जनोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति के आधार पर मामलों के समाधान से न केवल न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आती है, बल्कि पक्षकारों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण भी कायम रहता है उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से छोटे-बड़े विभिन्न प्रकार के मामलों का त्वरित निष्पादन संभव हो पाता है, जिससे लोगों को अनावश्यक भागदौड़ और खर्च से राहत मिलती है। उन्होंने उपस्थित पक्षकारों से अपील की कि वे लोक अदालत की उपयोगिता को समझते हुए अधिकाधिक संख्या में इसका लाभ उठाएं। उन्होंने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों से भी समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में लाने तथा उनके निष्पादन में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया, ताकि आमजन को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराया जा सके। इस लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रिचेश कुमार, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, लोक अभियोजक व उनके अधीनस्थ, चीफ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविन्द गोयल और उनकी टीम, अधिवक्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, बैंक कर्मी, पारा विधिक स्वयं सेवक एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी सहित वादकारीगण उपस्थित थे। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में साहिबगंज न्यायमंडल और राजमहल अनुमंडलीय न्यायमंडल में कुल 9830 मामलों का निपटारा करके 1682067855/- समझौता राशि की प्राप्ति हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**साहिबगंज:** निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, 02-बोरियो (अजजा) विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज अमर जॉन आईन्द की अध्यक्षता में आज बोरियो प्रखंड कार्यालय सभागार में निर्वाचन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान मैपिंग, एएसडीडी, डीएसइ, प्रपत्र-6, 7 एवं 8 के निष्पादन तथा नेशनल हाउस नंबरिंग कार्यों की वर्तमान स्थिति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, ने लंबित मैपिंग कार्यों पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को कार्य में अपेक्षित तेजी लाने तथा अधिकतम मतदाताओं का चिन्हीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि एएसडीडी एवं डीएसइ मामलों का पुनः सत्यापन कर निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रवासी मतदाताओं से संबंधित मामलों में निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुरूप नियमानुसार कार्रवाई करने पर बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व सभी निर्वाचन संबंधी कार्य पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन बनाई जा सके। निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र की आधारशिला है तथा इसमें संलग्न सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जवाबदेही के साथ करें। बैठक में संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### छठे दिन धरनास्थल पहुंचे बीडीओ और सीओ वार्ता विफल, आंदोलन जारी



**साहिबगंज:** जिले के बरहरवा प्रखंड में शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल मुख्यालय परिसर में जारी अनिश्चितकालीन महाधरना शनिवार को छठे दिन भी जारी रहा। लगातार बढ़ते आंदोलन और जनदबाव के बीच शनिवार को अंचलाधिकारी अनोज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास धरनास्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों से वार्ता की। हालांकि प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच हुई बातचीत किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी,जिसके बाद वार्ता विफल हो गई। वार्ता के दौरान अंचलाधिकारी अनोज कुमार ने आंदोलनकारियों से कहा कि जाति प्रमाण पत्र कार्मिक विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुरूप ही निर्गत किया जाता है। उन्होंने कहा कि आवेदकों के खतियान में शेख जाति अंकित होता है,इसलिए वर्तमान प्रावधानों के तहत शेख जाति का ही प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक कार्मिक विभाग के दिशा-निदेशों में संशोधन नहीं होता, तब तक शेरशाहबादी जाति का अलग प्रमाण पत्र निर्गत करना संभव नहीं है। इसके लिए समुदाय को कार्मिक विभाग स्तर पर पहल करनी चाहिए। वहीं संगठन की ओर से वार्ता में शामिल मुखिया मो. इश्तियाक ने कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल में भी किसी के खतियान में शेरशाहबादी जाति दर्ज नहीं है,क्योंकि यह पहचान अंतिम सर्वे सेटलमेंट के बाद मंडल आयोग और सच्चर कमेटी की अनुशंसा के दौरान परिभाषित हुई। ऐसे में खतियान में इसका उल्लेख होना संभव ही नहीं है। शेरशाहाबादी,शेख जाति की उपजाति होते हुए भी अपनी अलग परंपरा, रहन-सहन और ऐतिहासिक पहचान रखती है। बिहार के सीमांचल क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के मालदा,मुर्शिदाबाद सहित कई जिलों तथा झारखंड के पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में इस समुदाय की विशिष्ट पहचान है।आवेदक द्वारा किए गए जातीय दावे और खतियान में दर्ज विवरण के बीच उत्पन्न संशय की स्थिति में कार्मिक विभाग के विभागीय संकल्प की कंडिका-13 के तहत स्थानीय जांच कर प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सकता है। उन्होंने मांग की कि बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में वर्ष 2012 तक अपनाई जा रही प्रक्रिया के अनुसार स्थानीय जांच के आधार पर शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। उन्होंने उपायुक्त साहिबगंज से भी मांग करते हुए कहा कि यदि अंचल स्तर पर निर्णय संभव नहीं है तो जिला प्रशासन एक जांच समिति गठित कर गांव-गांव जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करवाए। इससे समुदाय की अलग पहचान और जमीनी सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी। शेख और शेरशाहबादी दो अलग सामाजिक पहचान रखने वाले समुदायों को एक ही प्रमाण पत्र देना उनके अस्तित्व और पहचान के साथ अन्याय है,जिसे समाज किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि जब तक शेरशाहाबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाता है तब तक धरना जारी रहेगा।

### झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने किया पाकुड़ का दौरा



**पाकुड़:** ज़िले में झारखण्ड विधानसभा की प्राक्कलन समिति ने अपनी स्थल अध्ययन यात्रा के क्रम में शुक्रवार को पाकुड़ जिले का दौरा किया। इस दौरान समिति ने जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, विशेष रूप से ग्रामीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। समिति के सभापति सह लिट्टीपाड़ा के विधायक हेमलाल मुर्मू की अध्यक्षता में तथा समिति के सदस्य सह बगोदर के विधायक नागेन्द्र महतो, घाटशिला के विधायक सोमेश चंद्र सोरेन तथा टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो शामिल रहे। समिति ने लिट्टीपाड़ा प्रखंड में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित योजनाओं का अवलोकन किया। इसी क्रम में समिति के सदस्यों ने गुतू गलांग कल्याण ट्रस्ट का दौरा किया, जहाँ पहाड़िया समुदाय की महिलाओं द्वारा किए जा रहे आजीविका संवर्धन एवं आत्मनिर्भरता के कार्यों ने सभी को विशेष रूप से प्रभावित किया। समिति ने ट्रस्ट द्वारा संचालित बोरा सिलाई इकाई, कृषि उत्पाद प्रसंस्करण केंद्र एवं महिलाओं के स्वरोजगार गतिविधियों का निरीक्षण किया। पहाड़िया दीदियों द्वारा तैयार किए जा रहे बोरे झारखंड के सभी 24 जिलों में भेजे जा रहे हैं। वहीं बरबटी, अरहर एवं कुलथी जैसे स्थानीय उत्पादों से दाल निर्माण एवं विपणन का कार्य भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाओं को स्थायी रोजगार एवं आर्थिक मजबूती मिल रही है।

# पलामू में चार आपराधिक कांडों का खुलासा पारा शिक्षक सहित छह अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी के नेतृत्व में जिले में अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने अलग-अलग चार मामलों का उद्भेदन करते हुए एक पारा शिक्षक सहित छह अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम ने 03 मई को सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव में लातेहार जिला बल के जवान पवन सिंह को गोली मारने के मामले में आरोपित चांदो चैनपुर के ऋषभ सिंह को रिमांड पर लेकर पूछताछ की और उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल 7.65 एमएम का देशी पिस्टल, मैगजीन और बुलेट मोटरसाइकिल बरामद करते हुए उसे जेल भेज दिया है। वहीं पिपराटांड थाना क्षेत्र के करमा गांव में 29 अप्रैल को हुए राजमनी पाठक हत्याकांड का भी पुलिस ने खुलासा करते हुए लुकूवा गांव के आरोपित बिरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह को गिरफ्तार किया। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी और थैला बरामद हुआ। जबकि लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में महिला से मंगलसूत्र, कानबाली और नकदी लूट मामले में तीन आरोपित असतफाक आलम, मो इरफान उर्फ सोनू और नाजिल आलम गिरफ्तार किए गए। साथ ही लूटे गये सामान, बाइक और मोबाइल भी बरामद किए गए। इसके अलावा चैनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को 5 रुपये के विवाद में दुकानदार पर फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपित सैफ खलीफा को भी पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। सभी मामलों में संबंधित क्षेत्र के एसडीपीओ के नेतृत्व में थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई की और कांडों का उदभेदन किया। एसपी ने घटना के कुछ दिन में ही वारदात का उदभेदन करने पर पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करने की बात कही। पलामू प्रमंडल के लातेहार जिला पुलिस बल के जवान पवन सिंह को गोली मारने के मामले में पुलिस ने आरोपित पारा शिक्षक ऋषभ सिंह को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपित के घर से घटना में इस्तेमाल देशी पिस्टल 7.65 एमएम मैगजीन सहित बरामद किया गया। वहीं आरोपित की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक भी चैनपुर थाना क्षेत्र के बिरसानगर शाहपुर से जब्त की गई। पुलिस ने घटनास्थल से चश्मा और फायर किया गया खोखा भी बरामद किया है। घटना को आपसी रंजिश में अंजाम दिया गया था। आरोपित ने घटना के बाद 06 मई को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद आरोपित को शनिवार को न्यायालय में भेज दिया गया। पलामू के पिपराटांड थाना क्षेत्र के करमा गांव में 29 अप्रैल को हुई राजमनी पाठक हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में इसी थाना क्षेत्र के लुकूवा निवासी आरोपित बिरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपित ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी और पीले रंग का थैला बरामद किया गया है।



## रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिला में कवि गुरु रविंद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंगाली सेवा समिति चाईबासा की ओर से संचालित टैगोर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित करते हुए रवींद्रनाथ टैगोर अमर रहें, भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जवाहरलाल बानरा ने कहा कि कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर विश्व साहित्य और मानवता के महान गायक थे। उन्होंने शांति, प्रेम और एकता का संदेश पूरी दुनिया को दिया। उनकी अमर रचनाएं आज भी मानवता, सत्य, सौंदर्य और विश्वबंधुत्व की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि समाज को उनके विचारों से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राजश्री बनरा, सतीश पुरी, जय किशन बिरूली, प्रताप कटियार महतो, रितेश कुमार पिंटू, कामेश्वर विश्वकर्मा, रविशंकर विश्वकर्मा, जूली खत्री, रोहित दास, पप्पू राय, नवीन बानरा, सूरज ठाकुर एवं राहुल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सब्जी बेचने जा रहे ग्रामीण पर धनुष-बाण से खूनी हमला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के झींकपानी थाना क्षेत्र में शनिवार सब्जी बेचने बाजार जा रहे एक ग्रामीण पर धनुष-बाण से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमलावर ने इतनी बेरहमी दिखाई कि उसने एक के बाद एक करीब 20 तीर चलाए। इस हमले में तीन तीर ग्रामीण के शरीर में गहराई तक धंस गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद इलाके में भय और तनाव का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झींकपानी थाना क्षेत्र के बेटेया गांव निवासी चोया बिरुली (45) शनिवार सुबह अपनी सब्जियां लेकर जोड़ापोखर हाट जा रहे थे। बताया जा रहा है कि रोज की तरह वह पैदल ही बाजार की ओर निकले थे। इसी दौरान जब वे चिड़ियापहाड़ी गांव के समीप पहुंचे, तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे दोपे बिरुली ने उन पर अचानक धनुष-बाण से हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपित लगातार तीर चलाता रहा। चोया बिरुली जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने का प्रयास करते रहे, लेकिन तीन तीर उनके शरीर के अलग-अलग हिस्सों में जा धंसे। गंभीर चोट लगने के बाद वह लहूलुहान होकर सड़क किनारे गिर पड़े। घटना सुनसान रास्ते में हुई, जिसके कारण कुछ देर तक घायल वहीं तड़पते रहे। इधर, रास्ते से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने घायल अवस्था में पड़े चोया बिरुली को देखा और तत्काल झींकपानी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सदर अस्पताल चाईबासा पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष टीम उनका इलाज कर रही है। चिकित्सकों के अनुसार, शरीर के अंदर धंसे तीरों ने अंदरूनी अंगों को नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। डॉक्टर लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं और सर्जरी कर तीर निकालने की प्रक्रिया जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरे इलाके में जांच शुरू कर दी है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित दोपे बिरुली मौके से फरार हो गया। झींकपानी थाना के एसआई केसी बाड़ा ने बताया कि आरोपित की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस आसपास के गांवों और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## रोजगार को लेकर ग्रामीणों ने किया रांजाबुरु माइंस का कामकाज ठप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के सारंडा क्षेत्र में शनिवार को स्थानीय रोजगार के मुद्दे पर सारंडा विकास समिति के बैनर तले 18 गांवों के मुंडा-मानकी, ग्रामीणों और युवाओं ने सेल के रांजाबुरु माइंस का कामकाज ठप कर दिया। सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण माइंस परिसर के बाहर जुट गए और खनन कार्य के साथ-साथ लौह अयस्क ढुलाई में लगे वाहनों का परिचालन भी रोक दिया। प्रदर्शन के कारण पूरे इलाके में कई घंटों तक गतिविधियां प्रभावित रहीं। ग्रामीणों का आरोप है कि हाल ही में 13 दिनों तक चले आंदोलन के बाद सेल प्रबंधन और स्थानीय प्रतिनिधियों के बीच जो समझौता हुआ था, उसका पालन नहीं किया जा रहा है। आंदोलनकारियों के अनुसार बैठक में यह सहमति बनी थी कि रांजाबुरु माइंस में ड्राइवर, खलासी, झंडा दिखाने वाले कर्मी सहित अन्य मजदूरों की नियुक्ति गुवा और आसपास के स्थानीय गांवों के युवाओं से की जाएगी। इसके बावजूद संबंधित ठेकेदार मां सरला बाहरी क्षेत्रों के लोगों को काम पर रख रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं में भारी नाराजगी है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि सारंडा क्षेत्र के लोग वर्षों से रोजगार और विस्थापन से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। कई दौर की वार्ता और आंदोलन के बाद भी स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिलना समझौते का खुला उल्लंघन है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता नहीं दी गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से बातचीत की। झारखंड के परिवहन मंत्री के पीए ने भी ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी मांगों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। काफी देर तक चली वार्ता के बाद आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया।

## टाटा मोटर्स कर्मी का कमरे में फंदे से लटका मिला शव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** बिरसानगर जोन नंबर-4 में शनिवार सुबह टाटा मोटर्स की टेल्को यूनिट में कार्यरत सुनील कुमार का शव उनके कमरे में फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि हाल ही में उनकी नौकरी परमानेंट हुई थी, जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार रात वह नशे की हालत में घर लौटे और सीधे कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। देर रात पत्नी ने कई बार खाना खाने के लिए आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसियों की मदद से उसे तोड़ा गया, जहां सुनील का शव लटका मिला। घटना की सूचना पर बिरसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सुनील अपने पीछे पत्नी और एक छोटे बच्चे को छोड़ गए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## पुलिस ने गैंगरेप मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी थाना क्षेत्र में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले को लेकर शनिवार को सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बहामन टूटी ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों व छापेमारी अभियान के जरिए सभी आरोपियों को दबोच लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि झींकपानी थाना कांड संख्या 16/2026 दिनांक 6 मई 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 70(1), 127(2), 332(बी) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता ने पुलिस को दिए लिखित आवेदन में आरोप लगाया था कि अप्रैल माह में जब वह अपने घर में अकेली थी, उसी दौरान गांव के तीन युवक उसके घर में घुस आए।आरोपितों ने घर का दरवाजा बंद कर उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया और घटना की जानकारी किसी को देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। घटना सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व झींकपानी थाना प्रभारी राजकुमार जेयराजू और एसडीपीओ बहामन टूटी ने किया। पुलिस ने सबसे पहले पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया और उसके बयान के आधार पर आरोपितों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी शाखा की भी सहायता ली गई, जिससे आरोपितों की गतिविधियों का पता लगाया जा सका। पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान डूगुद बुड़ीउली उर्फ कोंदा, सिदिऊ मुंडरी उर्फ कोंका और मंडरू उर्फ जम्बीरा गोप के रूप में हुई है। तीनों आरोपितें कुदापी मटकमहातू गांव, थाना झींकपानी, पश्चिमी सिंहभूम के रहने वाले बताए गए हैं। पूछताछ के दौरान पुलिस ने घटना के समय पहने गए कपड़े भी बरामद किए हैं, जिन्हें जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। एसडीपीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तीनों आरोपितों का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। हालांकि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस पूरे अभियान में पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन मिश्रा, महबा मिंज सहित झींकपानी थाना के कई पुलिसकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।



## एक नजर

### बोकारो में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

**बोकारो :** राज्य स्तरीय दिशा समिति (झारखंड) और ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य देवेश तिवारी ने शनिवार को बोकारो परिसदन में विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का कार्य समयसीमा के भीतर पारदर्शिता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर काम करना होगा। बाद में परिसदन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार युवाओं के लिए कई स्वरोजगार एवं कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। युवाओं को इन योजनाओं की जानकारी लेकर अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इससे पूर्व परिसदन पहुंचने पर उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना और उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। मौके पर जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पेड़ के नीचे मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**पलामू :** जिले के पांडू थाना क्षेत्र के बेलहरा गांव के समीप शनिवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान जोगनी पहाड़ निवासी संजय कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार संजय कुमार शुक्रवार रात खाना खाने के बाद घर के बाहर सोया था। सुबह उसका शव घर से कुछ दूरी पर बेलहरा-लोमड़ीडीह कच्चे रास्ते के किनारे महुआ पेड़ के नीचे पड़ा मिला। शव के गर्दन में गमछा लगा हुआ था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया है कि अपराधियों ने संजय की हत्या कर शव को इस तरह छोड़ा ताकि मामला आत्महत्या जैसा लगे। घटना की सूचना पर पांडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया। दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### डीएवी स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**खूंटी :** महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल तोरपा में शनिवार को मातृ दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन संध्या तोपनो और अनु कुमारी ने सुंदर ढंग से किया। विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मां के त्याग, प्रेम और महत्व को दर्शाया गया। विद्यालय के प्राचार्य ज्ञान हंस ओझा ने अपने संबोधन में माताओं नि:स्वार्थ प्रेम के बारे में बताया और विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप प्राचार्या ऊषा हंस ओझा, डेविड तोपनो, अनंत कुमार नंद, मुनमुन कुमारी, ममता कंडुलना सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध शराब कारोबार मामले में छापेमारी चार लोग गिरफ्तार



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ प्रशासन ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने तिलैपी, कुम्मराम, लमजोरी तथा भागाविला गांवों में छापेमारी अभियान चलाकर भारी मात्रा में शराब बरामद की और चार लोगों को गिरफ्तार किया। यह अभियान उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक निर्भय सिन्हा के नेतृत्व में चलाया गया। छापेमारी के दौरान टीम ने विभिन्न स्थानों से 11.05 लीटर बीयर, 9.375 लीटर विदेशी शराब और 5 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की। अधिकारियों ने मौके पर अवैध शराब निर्माण और बिक्री से जुड़े कई साक्ष्य भी एकत्र किए। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाना में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से बस की छत पर बैठे चार बाराती झुलसे



**पलामू :** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के गढ़गांव पुलिया के समीप शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। 11 हजार हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से बारात जा रहे चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रात 12.30 बजे एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के पाटन थाना क्षेत्र के मालगाड़ा गांव से एक बस में सवार होकर बाराती चतरा के रिमी रामपुर, लावालौंग जा रहे थे। इसी दौरान पांकी थाना क्षेत्र के गढ़गांव पुलिया के पास सड़क पर झूल रहे 11 हजार वोल्ट बिजली तार से बस सट गई। हादसे के समय चारों युवक बस की छत पर बैठे हुए थे, जो करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों की पहचान प्रमोद कुमार यादव, राजेश कुमार, रंजन कुमार यादव एवं बिनोद कुमार यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने घटना के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों का कहना है कि सड़क पर लंबे समय से बिजली तार झूल रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर दे इसे दुरुस्त नहीं कराया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। झूलते तार की मरम्मत करने का आग्रह किया गया है ताकि दोबारा से ऐसी घटना ना हो।

### राष्ट्रीय लोक अदालत, 15 हजार से अधिक मामलों का हुआ निपटारा



**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रामगढ़ के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड संख्या में मामलों का निपटारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मो० तौफिकुल हसन के मार्गदर्शन में हुआ। लोक अदालत में कुल 15,677 मामलों का त्वरित और आपसी सहमति के आधार पर समाधान किया गया, जिससे 11,55,73,439 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, विद्युत अधिनियम, भूमि अधिग्रहण, आपराधिक अपील, बैंक एवं बीमा विवाद, चेक बाउंस, मोटर वाहन दावा सहित कई महत्वपूर्ण मामलों का निपटारा किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनिल कुमार ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से लोगों को कम समय और कम खर्च में न्याय मिलता है, जिससे आपसी संबंध भी मजबूत होते हैं। मामलों के निष्पादन के लिए आठ न्यायिक बेंचों का गठन किया गया। इसमें राजीव आनंद-अमरनाथ बंका, विशाल श्रीवात्सव-मनीश कुमार, अरबिन्द कच्छप-कौशल कुमार सिन्हा, शिवेन्दु द्विवेदी-नितेश कुमार, तबिंदा खान-बीबी जाहिदा खातुन, आलोक सिंह-शिवनाथ ठाकुर, अनिल कुमार-बिघनेश दुबे तथा शिव कुमार शुक्ला, कुमारी नीना सिंह एवं जितेन्द्र कुमार शामिल रहे। सभी बेंचों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में मामलों का निपटारा कराया। व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार के समीप एलएडीसीएस विधिक सहायता केंद्र भी संचालित किया गया, जहां मुवक्किलों को केस की वर्तमान स्थिति, बेंच की जानकारी और लोक अदालत से संबंधित फॉर्म उपलब्ध कराए गए। इस कार्य में विनोद कुमार महतो, संगीता कुमारी, किशोर कुमार मुण्डा, फुर्तिलाल महतो, नन्दकिशोर महतो, अजाद कुमार, और विनोद रजक ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### जे-गुरुजी एप के माध्यम से जिले के सभी आईसीटी विद्यालयों में ऑनलाइन कंप्यूटर परीक्षा संपन्न

**पाकुड़ :** जिला शिक्षा विभाग, पाकुड़ के निर्देशन में जिले के सभी आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) योजना संचालित विद्यालयों में जे-गुरुजी एप के माध्यम से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों की कंप्यूटर विषय की ऑनलाइन परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस परीक्षा में जिले के कुल 160 आईसीटी संचालित विद्यालयों के 8,716 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।आधुनिक तकनीक आधारित इस परीक्षा व्यवस्था ने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता का प्रभावी आकलन भी सुनिश्चित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पुरती ने बताया कि जे-गुरुजी एप के माध्यम से परीक्षा आयोजित करने से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता का मूल्यांकन अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी तरीके से संभव हो सका है। साथ ही शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों के प्रदर्शन का त्वरित विश्लेषण प्राप्त होगा, जिससे कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जा सकेगा।उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से आयोजित इस परीक्षा ने विद्यार्थियों में तकनीकी जागरूकता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया है। भविष्य में प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को इस प्रकार की तकनीक आधारित गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। परीक्षा के सफल संचालन में जिला शिक्षा कार्यालय, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं आईसीटी प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी विद्यालयों में पूर्व तैयारी, तकनीकी व्यवस्था, विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं परीक्षा संचालन का कार्य पूरी तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ किया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### भागलपुर में बनेगा मॉडर्न ई-बस टर्मिनल, वर्कशॉप बिल्डिंग

**पटना (एजेंसी)** बिहार के भागलपुर जिले में मॉडर्न ई-बस टर्मिनल बनाया जाएगा. प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक बस योजना के तहत इसका निर्माण किया जाएगा. यहां वर्कशॉप बिल्डिंग, चार्जिंग प्वाइंट समेत अन्य सुविधाएं लोगों के लिए मौजूद रहेंगी. बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक बस योजना के तहत मॉडर्न ई-बस टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा. इसके लिए डीपीआर तैयार कर लिया गया है और जल्द ही निर्माण को लेकर योजना बनाई जाएगी. जिले में मॉडर्न ई-बस टर्मिनल को तिलकामांझी स्थित सरकारी बस स्टैंड में बनाया जाएगा, जहां यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कई तरह की व्यवस्था रहेगी. ई-बस टर्मिनल की लागत बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के अंतर्गत बनने वाले बस टर्मिनल को लगभग 6.78 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा. इसमें से करीब 1.45 करोड़ रुपये सिर्फ सिविल वर्क पर खर्च किए जायेंगे. इसके साथ ही संभावना जताई जा रही है कि ई-बस डिपो का शिलान्यास कर जुलाई महीने से काम शुरू हो सकता है. यात्रियों को क्या-क्या मिलेंगी सुविधा? ई-बस टर्मिनल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया कि यहां 10 चार्जिंग प्वाइंट बनाए जायेंगे. इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा को देखते हुए जी प्लस वन प्रशासनिक भवन, वॉशिंग रैप, वर्कशॉप बिल्डिंग और सुरक्षा चौकियां भी होंगी. लगभग 25 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की व्यवस्था होगी. इसके अलावा 10 डीजल और सीएनजी बसों को चलानों को लेकर भी प्रावधान किया गया है. भागलपुर में चलाई जायेंगी 50 इलेक्ट्रिक बसें जानकारी के मुताबिक, बिहार को प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक बस योजना के तहत 400 इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा दिया जाएगा. इनमें 50 बसें भागलपुर जिले के लिए होंगी. यात्रियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था के बारे में बताया गया कि ऑटो, टू व्हीलर और फोर व्हीलर के लिए अलग-अलग व्यवस्था होगी. नए ई-बस टर्मिनल को 9.66 एरिया में बनाया जाएगा. इसमें पार्किंग एरिया लगभग 5.6 एकड़ में फैला होगा. सुरक्षित परिवहन की मिलेगी सुविधा इस तरह से भागलपुर जिले के लिए यह बेहद खास पहल मानी जा रही है. इससे यातायात सुगम होने के साथ-साथ सुरक्षित परिवहन की सुविधा भी मिल सकेगी. इससे पर्यावरण को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा. इसके साथ ही रोजगार को भी बढ़ावा मिल सकेगा. इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने को लेकर सरकार की ओर से लक्ष्य तय किया गया है.

### राष्ट्रीय लोक अदालत में उमड़ी पक्षकारों की भीड़

**पटना (एजेंसी)** सहरसा व्यवहार न्यायालय में शनिवार को साल की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 23 बेंचों के माध्यम से बैंक ऋण, बिजली और सड़क दुर्घटना जैसे सैकड़ों सुलहनीय मामलों का त्वरित निपटारा किया गया. प्रभारी जिला जज और जिलाधिकारी द्वारा उद्घाटित इस लोक अदालत में पक्षकारों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां आपसी सहमति से मुकदमों को समाप्त कर लोगों को वर्षों पुरानी कानूनी उलझनों से राहत दी गई. सहरसा से विनय कुमार मिश्र की रिपोर्टः व्यवहार न्यायालय परिसर के टेन कोर्ट बिल्डिंग में शनिवार को साल की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश शर्मा, जिलाधिकारी दीपेश कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु और विधिवेत्ता संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों ने लोक अदालत को आपसी भाईचारे और सुलभ न्याय का सशक्त माध्यम बताया. न हार न जीत दोनों पक्षों की जीत का मंचसमारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला जज दिनेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत वास्तव में जनता की अपनी अदालत है. उन्होंने जोर देकर कहा कि यहाँ किसी की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है और इसका फैसला अंतिम होता है. उन्होंने लोगों को नसीहत दी कि छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करना चाहिए, क्योंकि छोटे विवादों के खत्म होने से बड़े मुकदमे अपने आप समाप्त हो जाते हैं. 23 बेंचों पर सुलहनीय मामलों की हुई सुनवाई लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल 23 बेंचों का गठन किया गया था, जिनमें न्यायिक पदाधिकारियों के साथ अधिवक्ता भी शामिल रहे. इन बेंचों के माध्यम से वाहन दुर्घटना क्लेम, चेक बाउंस, बैंक ऋण, बिजली विभाग और ट्रैफिक चालान जैसे सुलहनीय मामलों का निःशुल्क और त्वरित निष्पादन किया गया. सहरसा न्यायमंडल में गठित 13 मुख्य पीठों पर सुबह से लेकर शाम तक पक्षकारों के आने का सिलसिला जारी रहा. हेल्प डेस्क और प्रबंधन की सक्रियता पक्षकारों की सहायता के लिए न्यायालय परिसर में तीन हेल्प डेस्क बनाए गए थे, जहाँ पीएलवी भीम कुमार, सावन कुमार और सौरभ प्रकाश सहित अन्य कर्मी लोगों को सही बेंच तक पहुँचाने में सक्रिय रहे. कोर्ट मैनेजर रवि कुमार और नाजीर निसार अहमद ने पूरी प्रबंधन व्यवस्था की कमान संभाली. जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि वैकल्पिक विवाद समाधान का यह सबसे प्रभावी तरीका है, जिसका लाभ उठाकर लोग वर्षों पुरानी कानूनी उलझनों से मुक्त हो रहे हैं.

### राजगीर में डस्टबिन रखने के विवाद में चले ईंट-पत्थर, 70 साल के बुजुर्ग की मौत

**पटना (एजेंसी)** घटना नालंदा जिला के राजगीर थाना इलाके के नोनही गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था. इस विवाद में 70 साल के बुजुर्ग राम ज्ञान प्रसाद की मौत हो गई. घटना शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है. गांव में डस्टबिन रखने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था . वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. (सुनील कुमार) घटना नालंदा जिला के राजगीर थाना इलाके के नोनही गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. इस विवाद में 70 साल के बुजुर्ग राम ज्ञान प्रसाद की मौत हो गई. घटना शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है. घटना के बाद गांव में मातम पसरा है. वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. घटना के बारे में परिवार के लोगों ने क्या बताया? मृतक के नाती ने बताया कि गांव में डस्टबिन रखने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था. सफाईकर्मी द्वारा डस्टबिन एक पक्ष के दरवाजे से हटाकर दूसरे के दरवाजे के पास रख दिया गया था. इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोग नाराज हो गए और देखते ही देखते दोनों एक पक्ष ईंट-पत्थर चलने लगे. परिजनों के अनुसार शोर-शराबा सुनकर 70 वर्षीय राम ज्ञान प्रसाद घर से बाहर निकले और लोगों को समझाने का प्रयास करने लगे. इसी दौरान उनके सिर पर ईंट-पत्थर लग गया, जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े. घटना पर पुलिस ने क्या बताया? आनन-फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है. घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है. हालांकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है. परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

# कोलकाता रवाना हुए सीएम सम्राट चौधरी, बिहार के बाद अब बंगाल में होगा शक्ति प्रदर्शन

**पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक राजनीतिक परिवर्तनः शुभेंदु अधिकारी का शपथ ग्रहण**



**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कोलकाता के लिए रवाना हो गए हैं. आज पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी नए सीएम के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे. शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन समेत अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे. बीजेपी ने शुभेंदु अधिकारी को बंगाल का नया मुख्यमंत्री चुना है और आज वे शपथ लेने वाले हैं. यह शपथ ग्रहण समारोह बेहद भव्य होगा. खास बात यह होगी कि इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शामिल होंगे. बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रवाना हो गए हैं. बिहार के बाद अब बंगाल में शक्ति प्रदर्शन इसके साथ ही अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे. इस तरह से बिहार के बाद अब बंगाल में एनडीए शक्ति प्रदर्शन करेगा. आज पश्चिम बंगाल में भव्य शपथ ग्रहण समारोह सिर्फ एक जश्न के तौर पर नहीं होगा बल्कि बीजेपी इसके जरिए पूरे प्रदेश को बड़ा संदेश दे सकती है. जिस तरह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में इतिहास रचा गया वैसे ही आज पश्चिम बंगाल के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में इतिहास रचने की तैयारी है. पश्चिम बंगाल में क्या है तैयारी? पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित शुभेंदु अधिकारी अपने आवास से रवाना हो गए हैं. शुभेंदु भगवा रंग के कुर्ते में नजर आएं, आज बाद में ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे. भावी मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए घर के बाहर एक काफिला तैयार किया गया है. ब्रिगेड परेड ग्राउंड को कड़ी सुरक्षा में घेर लिया गया है. 20 राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहेंगे. गुरुवार को पटना में शक्ति प्रदर्शन का गवाह बना गांधी मैदान गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में 32 मंत्रियों ने शपथ ग्रहण किया. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की मौजूदगी में कैबिनेट का विस्तार हुआ. बिहार बीजेपी के इतिहास में ये दिन बेहद खास माना जा रहा है. एक तरह से पटना का गांधी मैदान बड़े शक्ति प्रदर्शन का गवाह बना. शपथ ग्रहण की प्रक्रिया ना सिर्फ प्रशासनिक रही बल्कि राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक इवेंट के रूप में नजर आई.

## बिहार के युवाओं के लिए खुशखबरीः विदेश में रोजगार पाने का सुनहरा मौका

**पटना (एजेंसी)** बक्सर नियोजनालय के माध्यम से युवाओं को इजरायल में केयरगिवर की नौकरी का अवसर दिया जा रहा है. चयनित अभ्यर्थियों को करीब 1.99 लाख रुपये मासिक वेतन के साथ वीजा, आवास और भोजन जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी. (मृत्युंजय सिंह की रिपोर्विट ) देश में नौकरी करने का सपना देख रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका सामने आया है. बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो, पटना द्वारा इजरायल में रोजगार के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है. इस पहल के तहत योग्य अभ्यर्थियों का चयन होम बेस्ड केयरगिवर पद के लिए किया जाएगा. इच्छुक उम्मीदवार 24 मई 2026 तक जिला नियोजनालय बक्सर में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं. करीब 2 लाख रुपये तक मिलेगा मासिक वेतन प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी प्रणव प्रतीक ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की ओर से 6443.85 एनआईएस यानी लगभग 2140.95 अमेरिकी डॉलर वेतन दिया जाएगा। भारतीय मुद्रा में यह राशि करीब 1 लाख 99 हजार 770 रुपये प्रतिमाह होगी.इसके अलावा चयनित अभ्यर्थियों को वीजा, वर्क परमिट, आवास, भोजन, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं भी कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई जाएंगी. अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा. जिला नियोजनालय ने युवाओं से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है.अधिक जानकारी और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विवरण के लिए अभ्यर्थी जिला नियोजनालय बक्सर से संपर्क कर सकते हैं. विदेश में रोजगार पाने का बड़ा अवसर यह भर्ती उन युवाओं के लिए बड़ा अवसर मानी जा रही है, जो स्वास्थ्य सेवा और केयरगिवर क्षेत्र में प्रशिक्षित हैं और विदेश में बेहतर नौकरी की तलाश कर रहे हैं. राज्य सरकार की इस पहल से बिहार के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद है.

## बलुआहा एमडीएम कांड की जांच करने पहुंचे आलाधिकारी

**पटना (एजेंसी)** महिषी के बलुआहा मध्य विद्यालय में जहरीला मध्या भोजन खाने से 250 बच्चों के बीमार होने के मामले की जांच करने आलाधिकारी पहुंचे, जहां बंद कमरे में शिक्षकों और ग्रामीणों से पूछताछ की गई. इस मामले में एनजीओ के साथ-साथ शिक्षकों और रसोइयों पर भी प्राथमिकी दर्ज किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है, जिनका आरोप है कि प्रशासन असली दोषियों को बचाने के लिए शिक्षकों पर दबाव बना रहा है. सहरसा से दीपांकर की रिपोर्टः मध्य विद्यालय बलुआहा में जहरीला मध्या भोजन (MDM) खाने से ढाई सौ बच्चों के बीमार होने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है. शनिवार को उप विकास आयुक्त (DDC) की अगुवाई में अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय दल जांच के लिए विद्यालय पहुंचा. जहां अधिकारियों ने बंद कमरे में शिक्षकों, रसोइयों और ग्रामीणों से पूछताछ की. हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया के दौरान मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर पाबंदी रही. दाल में सांप मिलने के बाद मचा था हड़कंप बता दें कि तीन दिन पूर्व विद्यालय में परोसी गई दाल में मरा हुआ सांप मिलने के बाद हड़कंप मच गया था. दूषित भोजन खाने से करीब 250 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी, जिन्हें आनन-फानन में पीएचसी और सदर अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था. इस घटना के बाद से ही आक्रोशित ग्रामीणों ने एनजीओ द्वारा भेजी जा रही एमडीएम सामग्री को विद्यालय में घुसने से रोक दिया है. ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सुरक्षित भोजन की गारंटी नहीं मिलती, वे बच्चों को एमडीएम नहीं लेने देंगे. शिक्षकों और रसोइयों पर FIR से भड़के लोग प्रशासन द्वारा इस मामले में एनजीओ कर्मी के साथ-साथ विद्यालय के दो निर्दोष शिक्षकों और रसोइयों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. ग्रामीणों का आरोप है

# सारण, सीतामढ़ी से अररिया तक, इन 13 जिलों के विधायकों को नहीं मिली सम्राट कैबिनेट में जगह



**पटना (एजेंसी)** सम्राट चौधरी की नई बिहार कैबिनेट में सामाजिक संतुलन और राजनीतिक रणनीति साफ दिखी, लेकिन 13 जिलों को एक भी मंत्री पद नहीं मिला. पिछड़े, अति पिछड़े और दलित वर्ग को बड़ा प्रतिनिधित्व दिया गया. विभागों के बंटवारे में भाजपा ज्यादा ताकतवर नजर आ रही है. बिहार में 7 मई को सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल विस्तार के बाद नई सरकार अब पूरी ताकत के साथ काम में जुट गई है. इस विस्तार में सामाजिक समीकरण, जातीय संतुलन और राजनीतिक रणनीति को ध्यान में रखकर मंत्रियों का चयन किया गया. कई जिलों के लिए यह विस्तार झटका भी साबित हुआ. बिहार के 13 ऐसे जिले हैं, जहां से एक भी विधायक को मंत्री पद नहीं मिला. इन 13 जिलों को नहीं मिला प्रतिनिधित्व नई कैबिनेट में सारण, शेखपुरा, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास, बक्सर, सीवान, बांका, खगड़िया, कटिहार, अररिया, सीतामढ़ी और पूर्वी चंपारण जिलों से किसी भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया. इनमें से कई जिलों में एनडीए का प्रदर्शन मजबूत रहने के बावजूद प्रतिनिधित्व नहीं मिला. 2025 चुनाव में मिथिलांचल एनडीए के लिए सबसे मजबूत क्षेत्र बनकर उभरा. यहां 46 में से 40 सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की. पिछले चुनाव ने इस क्षेत्र में एनडीए को महज 30 सीटें मिली थी. तिरहुत क्षेत्र की 64 सीटों में से 55 पर एनडीए का कब्जा रहा. यह 2020 के मुकाबले 19 सीट अधिक है. अंग क्षेत्र में भी एनडीए ने 25 में से 24 सीट जीतकर लगभग पूरा दबदबा कायम रखा. नई कैबिनेट में पिछड़े, अति पिछड़े और दलित वर्ग का दबदबा सम्राट चौधरी, विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव समेत कुल 35 मंत्रियों वाली नई सरकार में सामाजिक संतुलन पर खास जोर दिया गया है. 70 प्रतिशत से ज्यादा मंत्री पिछड़े, अति पिछड़े और दलित वर्ग से हैं. आंकड़ों के मुताबिक 11 मंत्री ओबीसी, 7 अति पिछड़ा और 7 दलित वर्ग से हैं. वहीं 9 सवर्ण और एक मुस्लिम चेहरे को भी जगह दी गई है. जदयू के जमा खान इस कैबिनेट के अकेले मुस्लिम मंत्री हैं. सत्ता के साथ पैसा और पावर बीजेपी के पास ज्यादा नई सरकार में विभागों के बंटवारे ने भी बड़ा संदेश दिया है. भाजपा के पास 26 विभाग गए हैं, जबकि जदयू के हिस्से 20 विभाग आए हैं. इससे साफ माना जा रहा है

## बिहार से बेंगलुरु जाने वालों के लिए खुशखबरी, जुलाई तक चलेगी सहरसा-यशवंतपुर स्पेशल ट्रेन



**पटना (एजेंसी)** गर्मी की छुट्टियों में बिहार से बेंगलुरु जाने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है. रेलवे ने सहरसा-यशवंतपुर स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ा दी है. अब यह ट्रेन जुलाई 2026 तक चलेगी, जिससे छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी. गर्मी की छुट्टियों से पहले बिहार के यात्रियों के लिए अच्छी खबर आई है. रेलवे ने सहरसा और यशवंतपुर (बेंगलुरु) के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि को बढ़ा दिया है. अब यह ट्रेन जुलाई 2026 तक चलेगी. इससे दक्षिण भारत जाने वाले छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और परिवारों को बड़ी सुविधा मिलेगी. समस्तीपुर मंडल की ओर से इसकी जानकारी शेयर की गई है. रेलवे के इस फैसले से खासकर उन यात्रियों को राहत मिलेगी जो गर्मी की छुट्टियों में बिहार से कर्नाटक और आसपास के राज्यों की यात्रा करते हैं. हर गुरुवार सहरसा से खुलेगी ट्रेन रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 05551 सहरसा-यशवंतपुर स्पेशल हर गुरुवार को सहरसा जंक्शन से रात 8:25 बजे रवाना होगी. यह ट्रेन बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से होकर गुजरेगी. ट्रेन तीसरे दिन रात 10:30 बजे यशवंतपुर जंक्शन पहुंचेगी. अब इस ट्रेन का परिचालन 14 मई 2026 से 12 जुलाई 2026 तक किया जाएगा. कई बड़े स्टेशनों पर ठहराव यह स्पेशल ट्रेन रास्ते में कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी. इनमें सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, न्यू बरौनी, किउल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, आसनसोल, दुर्गापुर, खड़गपुर, बालासोर, भद्रक, कटक, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, गुंटूर और धर्मावरम जैसे स्टेशन शामिल हैं. इन स्टेशनों पर रुकने से अलग-अलग जिलों के यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा. हर रविवार होगी वापसीवापसी में ट्रेन संख्या 05552 हर रविवार को यशवंतपुर जंक्शन से सुबह 7 बजे खुलेगी. यह ट्रेन तीसरे दिन सुबह 11 बजे सहरसा पहुंचेगी. वापसी के दौरान भी ट्रेन उन्हीं प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी. यात्रा से पहले जरूर जांचें स्टेटस रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन का स्टेटस जरूर चेक करें. इसके लिए रेलवे का आधिकारिक ऐप या हेल्पलाइन नंबर 139 इस्तेमाल किया जा सकता है. गर्मी के मौसम में इस स्पेशल ट्रेन के विस्तार से बिहार और बेंगलुरु के बीच यात्रा करने वाले हजारों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है.

## लक्ष्मीपुर में 48 घंटे के अखंड रामधुन का शुभारंभ, 201 कन्याओं ने निकाली



**पटना (एजेंसी)** हवेली खड़गपुर के लक्ष्मीपुर में 48 घंटे के अखंड रामधुन संकीर्तन को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 201 कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर नगर भ्रमण किया. जय श्री राम के जयकारों के बीच शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में 25 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है. हवेली खड़गपुर मुंगेर से रतन झा की रिपोर्टः प्रखंड क्षेत्र के बढौना पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव स्थित मां दुलहरी स्थान में शनिवार को भक्तिमय माहौल में कलश शोभायात्रा निकाली गई. अवसर था 48 घंटे के अखंड रामधुन संकीर्तन के भव्य आयोजन का. इस शोभायात्रा में 201 कन्याओं और महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर हिस्सा लिया, जिससे पूरा क्षेत्र ह्यजय श्री रामह्न के नारों से गूंज उठा. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी और कलश स्थापना कलश यात्रा की शुरूआत पंडित सुबोध पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराई गई. पूजन के पश्चात कन्याओं ने श्रद्धापूर्वक कलश में जल भरा. यह भव्य शोभायात्रा मां दुलहरी स्थान से शुरू होकर बढौना कैतकी स्थान और काली स्थान होते हुए पुनः लक्ष्मीपुर पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ कलशों को स्थापित किया गया. चिलचिलाती धूप को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए नींबू शरबत और शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी. आकर्षण का केंद्र बनीं 25 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं रामधुन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां 25 विभिन्न देवी-देवताओं की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं. श्रद्धालु इन प्रतिमाओं के दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं. 48 घंटे तक चलने वाले इस अखंड कीर्तन से आसपास के गांवों का वातावरण भी पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया है. इनकी रही मुख्य उपस्थिति इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में राजीव रंजन सिंह, राणु कुमार सिंह, राजेश पासवान, सत्यम सिंह और विपिन सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई. आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि अखंड रामधुन के समापन के बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम को लेकर लक्ष्मीपुर और आसपास के क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है.

## मंत्री बनने के बाद पहली बार आरा पहुंचे भगवान सिंह कुशवाहा, गाजे-बाजे और फूल-मालाओं से हुआ भव्य स्वागत



**पटना (एजेंसी)** आरा पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री और जगदीशपुर विधायक भगवान सिंह कुशवाहा का समर्थकों ने भव्य स्वागत किया. मंत्री पद संभालने के बाद पहली बार जिला मुख्यालय पहुंचे कुशवाहा ने जगदीश प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और लोगों से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी ली. (आशुतोष पाण्डेय की रिपोर्ट ) आरा में मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब. सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद पहली बार भोजपुर जिला मुख्यालय पहुंचे मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा. जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया. उनके आगमन को लेकर समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला. जैसे ही मंत्री का काफिला शहर पहुंचा, कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और नारों के साथ उनका अभिनंदन किया. जगह-जगह समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं. पूरे माहौल में उत्सव जैसा दृश्य देखने को मिला. जगदीश प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन स्वागत कार्यक्रम के बाद मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा बाजार समिति के समीप पहुंचे, जहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी जगदीश प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन से मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाया जाएगा. उन्होंने इलाके के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात भी कही . लोगों से मिले, सुनी समस्याएं और लिया फीडबैक मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद स्थानीय नागरिकों, कार्यकताओं और समर्थकों से मुलाकात की. उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनसरोकारों और समस्याओं की जानकारी ली. कई लोगों ने सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और अन्य विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं, जिस पर उन्होंने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया. संक्षिप्त कार्यक्रम के बाद जगदीशपुर के लिए रवाना जिला मुख्यालय में स्वागत और जनसंपर्क कार्यक्रम के बाद मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा अपने विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के लिए रवाना हो गए. उनके इस दौरे को लेकर समर्थकों में काफी उत्साह दिखा और बड़ी संख्या में लोग उनके साथ मौजूद रहे. मंत्री के आगमन को पार्टी कार्यकताओं ने क्षेत्र के लिए नई उम्मीद और विकास की शुरूआत बताया.

## गर्मी में क्रीमी और टेस्टी कुल्फी बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

**कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो।**

गर्मी का मौसम आते ही हम सभी कुछ ना कुछ ठंडा खाना चाहते हैं और इसलिए सबसे पहले याद आती है कुल्फी की। ठंडी-ठंडी और मीठी-मीठी कुल्फी खाकर बेहद मजा आ जाता है। अमूमन हम सभी बाजार से कुल्फी लाकर खाते हैं, लेकिन अगर आप चाहो तो इसे घर पर भी बेहद आसानी से बना सकते हैं। हो सकता है कि आपने भी घर पर कुल्फी बनाई हो, लेकिन घर पर कुल्फी बनाने का एक नुकसान यह है कि वह बाजार जैसी क्रीमी और टेस्टी नहीं बनती है। कभी उसमें बर्फ जम जाती है, तो कभी वो बहुत सख्त हो जाती है।

अगर आपने भी अक्सर इस समस्या का सामना किया है और आपको लगता है कि आप परफेक्ट कुल्फी नहीं बना सकते तो आप गलत है। दरअसल, कुछ ऐसे आसान व छोटे-छोटे हैक्स हैं, जो आपकी कुल्फी को टेस्टी व क्रीमी बनाने में मदद करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हैक्स के बारे में बता रहे हैं-

### दूध को करें गाढ़ा

अगर आप घर पर कुल्फी बना रहे हैं तो ऐसे में दूध को अच्छी तरह गाढ़ा करें और कुल्फी बनाने के लिए फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करें। आप दूध को धीमी आंच पर 30-40 मिनट तक उबालो। साथ ही, दूध को बीच-बीच में चलाते रहो, वरना वह नीचे लग जाएगा।

### चीनी और फ्लेवर सही तरह से करें इस्तेमाल

कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर



आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो।

### ड्राई फ्रूट्स को ना भूलें

कुल्फी बनाते समय ड्राई फ्रूट्स डालना ना भूलें। आप काजू, बादाम, पिस्ता बारीक कट करके डालो। साथ ही, अगर आप थोड़ा सा पेस्ट बनाकर डालोगे तो और इससे क्रीमी टेक्सचर मिलेगा।

### मिल्क पाउडर का करें इस्तेमाल

अगर आपको क्रीमी कुल्फी खाना अच्छा लगता है तो ऐसे में कुल्फी तैयार करते समय मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करने से कुल्फी स्मूथ बनती है और इससे आइस क्रिस्टल्स नहीं बनते हैं।

### लू से बचाएगा यह जबरदस्त ड्रिंक, नोट करें नारियल अनानास कुलुकी की रेसिपी

गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचने और ताजगी पाने के लिए मशहूर फ़ूड क्रिएटर मेघना की 'कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी' रेसिपी ट्राई करें। नारियल पानी, पाइनएप्पल और हरी मिर्च के मीठे-तीखे स्वाद वाला यह समर ड्रिंक एनर्जी देता है और इसे घर पर बनाना बेहद आसान है।

काफी लुका-छुपी खेलने के बाद आखिरकार गर्मियों ने दस्तक दे ही दी है। जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है, हमें अपनी सेहत के प्रति थोड़ा गंभीर हो जाना चाहिए। अक्सर हम धूप और उमस को हल्के में ले लेते हैं, लेकिन यही लापरवाही डिहाइड्रेशन, दस्त या हीट स्ट्रोक जैसी बड़ी समस्याओं की वजह बन जाती है। इससे पहले कि गर्मी आपकी सेहत बिगाड़े, अपनी डाइट में इस तागी भरे ड्रिंक को शामिल करें। यह न केवल शरीर को ठंडा रखेगा, बल्कि आपको अंदर से एनर्जी भी देगा।

मशहूर फूड क्रिएटर मेघना ने हाल ही में 'कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी' की एक जबरदस्त रेसिपी शेयर की है। उनके अनुसार, यह ड्रिंक मीठे और तीखे स्वाद का एक अनोखा संगम है। नारियल पानी की ठंडक और पाइनएप्पल की मिठास के साथ जब हरी मिर्च का हल्का सा तीखापन और सब्जा सीड्स का टेक्सचर मिलता है, तो यह साधारण ड्रिंक को भी खास बना देता है।


कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी को तैयार करने के लिए सामग्री

ताजा पाइनएप्पल का गूदा (छना हुआ), ताजा नारियल पानी, भीगे हुए सब्जा (तुलसी के बीज), मिठास के लिए शहद या चीनी, थोड़ा काला नमक, नींबू का रस, ताजी हरी मिर्च (बीच से कटी हुई), पुदीने के पत्ते और ढेर सारे बर्फ के टुकड़े।

कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी बनाने की विधि

सबसे पहले ताजे पाइनएप्पल के टुकड़ों को पीसकर बारीक गूदा बना लें और उसे अच्छी तरह छान लें। सब्जा सीड्स को पानी में तब तक भिगोकर रखें जब तक वे पूरी तरह फूल न जाएं। एक शेकर में पाइनएप्पल का गूदा, नारियल पानी, शहद, काला नमक, नींबू का रस, कटी हुई हरी मिर्च, पुदीने के पत्ते, थोड़े से भीगे हुए सब्जा सीड्स और बर्फ डालें। शेकर का ढक्कन कसकर बंद करें और सभी चीजों का स्वाद आपस में अच्छी तरह मिलाने के लिए उसे जोर से हिलाएं। एक गिलास में थोड़े और सब्जा सीड्स डालें, उसके ऊपर तैयार मिश्रण डालें, और पाइनएप्पल व कटी हुई हरी मिर्च से सजाकर परोसें।

# बच्चों को आंखों की थकान से बचाने के लिए टिप्स



बच्चों में आंखों की थकान और स्क्रीन से जुड़ी आंखों की समस्याएं गंभीर रूप से बढ़ रही हैं, जिससे नेत्र विशेषज्ञों में चिंता की लहर फैल रही है। स्क्रीन पर लंबे समय तक नजर बनाए रखने से बच्चों की आंखों को ड्राईनेस, धुंधलापन, आंखों में थकान और सिरदर्द जैसी परेशानियां हो सकती हैं, खासकर जब वे मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर पर घंटों बिताते हैं। आंखों के विशेषज्ञों ने बताया गया है कि आज के बच्चे पहले से कहीं ज्यादा स्क्रीन टाइम के संपर्क में हैं, जिससे डिजिटल आई स्ट्रेन जैसी समस्याएं सामान्य होती जा रही हैं।

### स्क्रीन टाइम के नुकसान

लगातार स्क्रीन देखने से आंखों की मांसपेशियों पर तनाव बढ़ता है जिससे आंखों में थकान, धुंधला दिखना और जलन जैसी शिकायतें आती हैं। स्क्रीन के नजदीक देखने से आंखों को लगातार फोकस बनाए रखना पड़ता है, जिससे अनुकूलन तनाव होता है और दृष्टि में अस्थायी बदलाव के लक्षण दिख सकते हैं। शोध से यह भी पता चलता है कि स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में ड्राई आई, दृष्टि दोष और आंखों की समस्याओं का जोखिम बढ़ रहा है। लंबी अवधि स्क्रीन पर देखने से आंखों का नमी संतुलन बिगड़ सकता है और आँखें जल्दी थक सकती हैं।

### माता-पिता को क्या करना चाहिए

आंखों पर जोर और थकान कम करने के लिए विशेषज्ञ कुछ आसान परामर्श देते हैं।



20-20-20 नियम अपनाएं: हर 20 मिनट स्क्रीन देखने के बाद बच्चे को कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु पर नजर डालने का अभ्यास करवाएं।

स्क्रीन टाइम सीमित करें: छोटे बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को दिन में 1 घंटे तक ही सीमित रखें। बड़े बच्चों के लिए स्कूल के अतिरिक्त 2 घंटे से अधिक न देखें।

स्क्रीन की दूरी और टाइम सीमा: सुनिश्चित करें कि स्क्रीन की दूरी कम से कम 18-24 इंच हो और स्क्रीन आंखों के थोड़ा नीचे रखा जाए ताकि आंखों पर तनाव कम हो।

अच्छा प्रकाश और ब्रेक: कमरे में पर्याप्त रोशनी रखें और स्क्रीन से जुड़े कार्य के दौरान नियमित अंतराल पर ब्रेक लें ताकि आंखों को विश्राम मिले।

ऑउटडोर खेल: रोजाना कम से कम 90-120 मिनट की बाहरी गतिविधि या खेलकूद को प्रोत्साहित करें। प्राकृतिक रोशनी में खेलने से आंखों की सेहत बेहतर बनी रहती है और द्ब4श्वद्बह्रु (नेत्र दोष) के जोखिम को कम मदद मिलती है।

### बच्चों पर ध्यान दें और उन्हें अच्छी आदतें सिखाएं

विशेषज्ञों का मानना है कि आधुनिक समय में स्क्रीन उपयोग को पूरी तरह बंद करना संभव नहीं है, लेकिन संतुलित समय और सही आदतें अपनाने से बच्चों की आंखों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। माता-पिता को चाहिए कि वे स्कूल और मनोरंजन के लिए स्क्रीन टाइम को संतुलित रखें, समय-समय पर आंखों की जांच करवाएं और शुरुआती संकेतों पर नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें, ताकि छोटी असहजता बड़ी समस्या न बन जाए।

# दांतों की सेहत को नजरअंदाज न करें

शरीर की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन अक्सर हम बड़े अंगों के साथ-साथ दांतों की सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। खासकर बच्चों के मामले में। बच्चों के दांतों पर लापरवाही करना एक बड़ी गलती साबित हो सकती है। आजकल छोटे बच्चों में दांतों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, फिर भी कई माता-पिता इसे गंभीरता से नहीं लेते। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर समय पर बच्चों के दांतों की सही देखभाल न की जाए, तो इसका असर सिर्फ मुंह तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उनकी पूरी शरीर की सेहत पर भी पड़ सकता है।

शुरुआत में ही पहचानें समस्या - बच्चों के दांतों में सड़न (कैविटी) धीरे-धीरे शुरू होती है। शुरुआत में सफेद या हल्के भूरे धब्बे दिखाई देते हैं, जो बाद में गड्ढे (कैविटी) में बदल जाते हैं। यह समस्या बैक्टीरिया और मीठे खाने के कारण होती है, जो दांतों की ऊपरी परत (एनामेल) को नुकसान पहुंचाते हैं।

दांत खराब हुए तो शरीर पर भी असर- दांतों की बीमारी सिर्फ दर्द तक सीमित नहीं रहती। रिसर्च बताती है कि बच्चों में दांतों की सड़न से

खाने में दिक्कत होती है

बोलने पर असर पड़ता है

शरीर का विकास प्रभावित हो सकता है

यानी दांत खराब होने का असर पूरे शरीर और बच्चे के विकास पर पड़ सकता है।

दांत ज्यादा खराब हुए तो क्या होगा?

अगर समय रहते इलाज न कराया जाए, तो दांत की सड़न नस (पल्प) तक पहुंच जाती है। इस स्थिति में डॉक्टर के पास दो ही विकल्प बचते हैं।



दांत निकालना -अगर दांत पूरी तरह से खराब हो जाए और उसे बचाना संभव न रहे, तो डॉक्टर उसे निकालने (टूथ एक्सट्रैक्शन) की सलाह देते हैं। यह स्थिति तब आती है जब सड़न बहुत ज्यादा बढ़ जाती है या संक्रमण दांत की जड़ों तक पहुंच जाता है, ऐसे में दर्द से राहत और आगे की समस्या से बचने के लिए दांत निकालना जरूरी हो जाता है।

रूट कैनाल ट्रीटमेंट -रूट कैनाल ट्रीटमेंट एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें दांत के अंदर मौजूद संक्रमित नस (पल्प) को हटाकर दांत को बचाने की कोशिश की जाती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, जब दांतों की सड़न बहुत गहरी हो जाती है और संक्रमण जड़ों तक पहुंच जाता है, तब दर्द से राहत पाने और दांत को सुरक्षित रखने के लिए रूट कैनाल ट्रीटमेंट जरूरी हो जाता है। ऐसी स्थिति में अक्सर रूट कैनाल या दांत निकालना ही अंतिम विकल्प बचता है।

हर कैविटी में रूट कैनाल ट्रीटमेंट जरूरी नहीं: यह जानना भी जरूरी है कि हर कैविटी में रूट कैनाल जरूरी नहीं होता। अगर समय रहते इलाज हो जाए, तो दांत को बिना रूट कैनाल ट्रीटमेंट के भी बचाया जा सकता है।

बच्चों के दांत कैसे बचाएं?

दिन में 2 बार ब्रश करवाएं

ज्यादा मीठा और जंक फूड से बचाएं

हर 6 महीने में डेंटिस्ट को दिखाएं

दूध पीने के बाद मुंह साफ करवाएं

फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का इस्तेमाल करें।

बच्चों के दांतों को नजरअंदाज करना बड़ी गलती हो सकती है। छोटी सी कैविटी अगर समय पर ठीक न हो, तो आगे चलकर दांत निकालने या रूट कैनाल जैसी बड़ी परेशानी बन सकती है। इसलिए शुरुआत से ही बच्चों के दांतों की सही देखभाल करना बेहद जरूरी है।

# बच्चे के दांत निकलते समय बढ़ी चिड़चिड़ाहट तो इन 5 आसान तरीकों से दें उसे राहत

**छोटे बच्चों में दांत निकलना एक सामान्य लेकिन थोड़ा मुश्किल दौर होता है। इस समय बच्चे अचानक चिड़चिड़े हो जाते हैं, बार-बार रोते हैं और खाने-पीने में भी नखरे दिखाने लगते हैं। ऐसे में माता-पिता घबरा जाते हैं, लेकिन सही देखभाल से बच्चे की तकलीफ को काफी हद तक कम किया जा सकता है।**

**दांत निकलने के सामान्य लक्षण**

मसूड़ों में सूजन और दर्द

बार-बार रोना और चिड़चिड़ापन


हर चीज मुंह में डालना

ज्यादा लार आना

नींद और भूख में बदलाव

हल्का बुखार (तेज बुखार नहीं)

ऐसे कम करें बच्चे का दर्द (5 आसान तरीके)



### ठंडी चीजें चबाने को दें

दांत निकलने के दौरान बच्चे को ठंडी और सुरक्षित चीजें चबाने के लिए देना काफी फायदेमंद होता है। ठंडे टीथर, फ्रूट निबलर या हल्के ठंडे फल मसूड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं। आप टीथर को 10-15 मिनट के लिए फ्रिज में ठंडा करके बच्चे को दे सकते हैं, इससे उसे तुरंत राहत मिलती है और चिड़चिड़ापन भी कम होता है।

### ठंडे कपड़े से राहत दें

दांत निकलते समय बच्चे के मसूड़ों को आराम देने के लिए साफ, गीले और ंदे कपड़े

## हल्की मसाज करें

दांत निकलने के दौरान बच्चे के मसूड़ों में होने वाली तकलीफ को कम करने के लिए हल्की मसाज बहुत फायदेमंद होती है। साफ उंगली या स्टेरिलाइज्ड गॉज से धीरे-धीरे मसूड़ों की मालिश करने से दर्द में राहत मिलती है और बच्चे को आराम महसूस होता है।

क ।

इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद होता है। आप कपड़े को हल्का ठंडा करके बच्चे को चबाने के लिए दे सकते हैं या उससे मसूड़ों पर धीरे-धीरे रगड़ सकते हैं। इससे मसूड़ों की सूजन कम होती है और बच्चे को दर्द से राहत मिलती है।

### सॉफ्ट और ठंडा खाना दें

दांत निकलने के दौरान बच्चे को सॉफ्ट और हल्का ठंडा खाना देना उसके लिए ज्यादा आरामदायक होता है। दही, नरम फल या ठंडी खिचड़ी जैसे फूड्स मसूड़ों को राहत देते हैं और आसानी से खाए जा सकते हैं। इस समय बच्चे की भूख कम होना सामान्य है, इसलिए उसे जबरदस्ती खिलाने की बजाय उसकी जरूरत के अनुसार ही भोजन दें।

### साफ-सफाई का रखें खास ध्यान

दांत निकलने के दौरान बच्चे हर चीज मुंह में डालने लगते हैं, इसलिए साफ-सफाई का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। उनके खिलौनों, टीथर और आसपास की चीजों को नियमित रूप से साफ और स्टेरिलाइज करें, ताकि किसी भी तरह के इंफेक्शन का खतरा कम हो और बच्चा सुरक्षित रहे।

## कब डॉक्टर से संपर्क करें?

तेज बुखार हो

बार-बार दस्त लगें

बच्चा बहुत ज्यादा सुस्त या परेशान दिखे

भूख लंबे समय तक कम रहे।

विशेषज्ञों के अनुसार, दांत निकलने के लक्षण आमतौर पर कुछ दिनों तक ही रहते हैं। हल्की परेशानी सामान्य है, लेकिन गंभीर लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दांत निकलना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन सही देखभाल और छोटे-छोटे उपायों से बच्चे को आराम जरूर दिया जा सकता है। माता-पिता का धैर्य और सही जानकारी इस समय सबसे ज्यादा काम आती है।

# आरसीबी और मुंबई के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला, जीत की राह तलाशेगी बेंगलुरु

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच बेहद अहम मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच प्लेऑफ की रेस के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जहां अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगी, वहीं मुंबई इंडियंस जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। सीजन की शुरुआत में लगातार चार मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन करने वाली बेंगलुरु की टीम अब पिछले पांच मैचों में तीन हार झेल चुकी है, जिससे टीम की लय प्रभावित हुई है। ऐसे में अब टीम पर दबाव बढ़ गया है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फिलहाल 10 मैचों में 12 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद है, लेकिन लगातार हार ने टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही थी और केवल 155 रन बना सकी। वहीं लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आखिरी ओवर में 19 रन की जरूरत होने के बावजूद टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई और उसे करीबी हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों ने साफ कर दिया है कि टीम की बल्लेबाजी इस समय सबसे बड़ी कमजोरी बन चुकी है।

एक बार फिर विराट कोहली पर टीम की बल्लेबाजी का पूरा दारोमदार रहेगा। अनुभवी बल्लेबाज विराट लगातार रन बना रहे हैं, लेकिन दूसरे बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे पा रहे हैं। सलामी बल्लेबाज जैकब बेथेल अब तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं और लगातार छोटी पारियां खेलकर आउट हुए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा का बल्ला भी इस सीजन शांत रहा है। ऐसे में मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों को जिम्मेदारी उठानी होगी।

दूसरी तरफ मुंबई इंडियंस की टीम शानदार लय में नजर आ रही है। पिछले मुकाबले में मुंबई ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 228 रन का विशाल लक्ष्य हासिल कर अपने इरादे साफ कर दिए थे। रोहित शर्मा ने चोट से वापसी करते हुए 44 गेंदों में 84 रन की तूफानी पारी खेली थी। अब एक बार फिर रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन की सलामी जोड़ी टीम को मजबूत शुरुआत देने की कोशिश करेगी। वहीं जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, कॉर्बिन बॉश और एएम गजनफर जैसे गेंदबाज बेंगलुरु के बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं।

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की फिटनेस भी चर्चा का विषय बनी हुई है। पीठ दर्द के कारण वह पिछले मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। हालांकि अब वह टीम के साथ जुड़ चुके हैं,




लेकिन अंतिम एकादश में उनकी वापसी फिटनेस रिपोर्ट पर निर्भर करेगी। ऐसे में यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए दबाव और रोमांच से भरपूर रहने वाला है।

# टीवी पर डेब्यू करेंगे रोहित शर्मा, टीजर रिलीज होते ही फैंस में बढ़ी उत्सुकता



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अब टेलीविजन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। शुक्रवार को उनके टीवी डेब्यू का एक शानदार टीजर जारी किया गया, जिसमें 'हिटमैन' नए अंदाज में नजर आए। हालांकि शो का नाम और बाकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। बताया गया है कि इससे जुड़ी पूरी घोषणा जल्द ही सोनी ग्रुप कारपोरेशन के प्लेटफॉर्म पर की जाएगी।

इस समय रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2026 में खेल रहे हैं और शानदार फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अब तक पांच मैचों में 55.25 की औसत और 174 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84 रन रहा है। साल 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले रोहित शर्मा आज भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े सितारों में गिने जाते हैं। उन्होंने अब तक 508 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 42.33 की औसत से 20,109 रन बनाए हैं। उनके नाम 50 शतक और 111 अर्धशतक दर्ज हैं। रोहित ने भारत को दो आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और दो टी20 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई है। इनमें से एक-एक खिताब उन्होंने कप्तान के रूप में दिलाया।

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित शर्मा भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 159 मैचों में 4,231 रन बनाए, जिसमें पांच शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं। 2024 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। रोहित का टेस्ट और वनडे रिकॉर्ड भी बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 67 टेस्ट मैचों में 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक शामिल हैं। वहीं वनडे क्रिकेट में उनके नाम 282 मैचों में 11,577 रन दर्ज हैं। रोहित वनडे इतिहास के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने तीन दोहरे शतक लगाए हैं। उनका 264 रन का व्यक्तिगत स्कोर आज भी वनडे क्रिकेट का सर्वोच्च स्कोर है।

आईपीएल में भी रोहित शर्मा का रिकॉर्ड शानदार रहा है। वह लीग इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 277 मैचों में 7,267 रन बनाए हैं। कप्तान के तौर पर उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच बार आईपीएल चैंपियन बनाया है। मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के अलावा रोहित शर्मा अपने मजाकिया अंदाज और बेबाक टिप्पणियों के लिए भी काफी लोकप्रिय हैं। स्टंप माइक में रिकॉर्ड हुई उनकी कई बातें सोशल मीडिया पर वायरल होती रही हैं, जिसके चलते वह क्रिकेट के साथ-साथ 'मीम मटीरियल' के रूप में भी फैंस के बीच बेहद चर्चित रहते हैं।

# टीम इंडिया को मिलेगा नया स्पिन गुरु, सैराज बहुतुले जल्द संभाल सकते हैं बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की कोचिंग व्यवस्था में जल्द बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मुंबई के पूर्व लेग स्पिनर सैराज बहुतुले जल्द ही भारतीय टीम के साथ स्पिन बॉलिंग कोच के रूप में जुड़ सकते हैं। फिलहाल वह आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के स्पिन बॉलिंग कोच की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि मौजूदा सीजन खत्म होने के बाद वह फ्रेंचाइजी से अलग हो जाएंगे। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, बहुतुले ने अपने कोचिंग कौशल से भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को काफी प्रभावित किया है। दोनों के बीच इस भूमिका को लेकर सकारात्मक बातचीत हो चुकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि उनका कार्यकाल जून में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हो सकता है।

53 वर्षीय सैराज बहुतुले ने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मुकाबले खेले थे। हालांकि अंतरराष्ट्रीय करियर लंबा नहीं रहा, लेकिन घरेलू क्रिकेट और कोचिंग में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। खासतौर पर स्पिन गेंदबाजों के साथ उनके काम को काफी सराहा जाता है। यही वजह है कि गौतम गंभीर ने उन्हें टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ में शामिल करने की सिफारिश की है। वर्तमान में भारतीय टीम की कोचिंग यूनिट में बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक, तेज गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, फील्डिंग कोच टी. दिलीप और सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे शामिल हैं। अब तक टीम में कोई विशेषज्ञ स्पिन बॉलिंग कोच नहीं था, जिसे देखते हुए यह नियुक्ति अहम मानी जा रही है।

बहुतुले इससे पहले भी भारतीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से जुड़े रहे हैं, जहां वीवीएस लक्ष्मण के नेतृत्व में उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों के साथ काम किया। पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भी 2023 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उन्हें भारतीय टीम से जोड़ने की विशेष सिफारिश की थी। श्रीलंका दौरे पर भी वह सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं। आईपीएल 2026 से पहले सैराज बहुतुले पंजाब किंग्स से जुड़े थे, जहां वह मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले वह राजस्थान रॉयल्स में राहुल द्रविड़ के साथ भी कोचिंग भूमिका निभा चुके हैं। माना जा रहा है कि भारतीय टीम के साथ जुड़ने के लिए उन्हें पंजाब किंग्स का कार्यकाल समय से पहले छोड़ना पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय टीम में योगदान देने के अवसर को देखते हुए फ्रेंचाइजी उनके रास्ते में रुकावट नहीं डालेगी। फिलहाल बहुतुले ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# चेन्नई और लखनऊ के बीच करो या मरो की जंग

## - प्लेऑफ की उम्मीद बचाने उतरेगी सीएसके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 अब अपने बेहद रोमांचक और निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। ऐसे में हर मुकाबला टीमों के लिए करो या मरो जैसा बन गया है। रविवार को पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि टीम को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अंक तालिका में फिलहाल छठे स्थान पर मौजूद चेन्नई की टीम अब कोई गलती करने के मूड में नहीं है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाएंट्स की स्थिति और भी खराब है। टीम अंक तालिका में सबसे नीचे चल रही है और उसकी प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स का प्रदर्शन इस सीजन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टीम घरेलू और विदेशी दोनों मैदानों पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में सफल नहीं हो सकी। हालांकि चेपॉक में वापसी के बाद टीम को फिर से लय हासिल करने की उम्मीद है। बल्लेबाजी विभाग में काफी हद तक संजू सैमसन ने जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने कई मुकाबलों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स के




खिलाफ पिछले मैच में सैमसन ने 52 गेंदों में 87 रन की शानदार पारी खेली थी। वहीं कप्तान रुतुराज गायकवाड़ भी फॉर्म हासिल करने की कोशिश में जुटे हैं। मई की शुरुआत में उन्होंने लगातार दो अर्धशतक लगाकर वापसी के संकेत दिए थे। अब टीम को उनसे एक बड़ी कप्तानी पारी की उम्मीद रहेगी।

मध्यक्रम में डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा और जेमी ओवरटन की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण रहने वाली है। वहीं महेंद्र सिंह धोनी की फिटनेस अब भी चर्चा का विषय बनी हुई है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले लगी पिंडली की चोट के कारण वह अब तक एक भी मुकाबला नहीं खेल पाए हैं। हालांकि उन्होंने नेट्स में अभ्यास शुरू कर दिया है, लेकिन अंतिम एकादश में उनकी वापसी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। धोनी की गैरमौजूदगी ने टीम के अनुभव और फिनिशिंग क्षमता को प्रभावित किया है।

दूसरी तरफ लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए यह सीजन बेहद निराशाजनक रहा है। टीम ने 10 मुकाबलों में सिर्फ तीन जीत दर्ज की है। कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला भी इस सीजन खामोश रहा है। हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उन्होंने तूफानी पारी खेली थी, लेकिन निरंतरता की कमी साफ नजर आई। पिछले मुकाबले में मिचेल मार्श ने 56 गेंदों में 111 रन बनाकर टीम को शानदार जीत दिलाई थी। अब लखनऊ की टीम उसी आत्मविश्वास के साथ चेन्नई को चुनौती देने उतरेगी। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद और दिग्वेश राठी पर टीम की बड़ी जिम्मेदारी रहने वाली है।

# प्रिंस यादव की रफ्तार ने जीता दिल, अंबाती रायुडू बोले- जल्द टीम इंडिया में मिलेगा मौका

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव अपनी धारदार गेंदबाजी से लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने जिस तरह से मैच का रुख पलटा, उसने क्रिकेट विशेषज्ञों को भी प्रभावित कर दिया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने तो यहां तक कह दिया कि प्रिंस यादव जल्द ही भारतीय टीम के लिए खेलते नजर आ सकते हैं। रायुडू ने उनके प्रदर्शन को बेहद खास बताते हुए कहा कि इस युवा गेंदबाज में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की पूरी क्षमता दिखाई देती है। अंबाती रायुडू ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रिंस यादव का आत्मविश्वास और गेंदबाजी का तरीका उन्हें बाकी युवा गेंदबाजों से अलग बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रिंस का रन-अप देखकर ही समझ आता है कि वह बल्लेबाज पर दबाव बनाने के इरादे से गेंदबाजी करते हैं। उनकी सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह लगातार स्टंप लाइन पर गेंद डालते हैं और बल्लेबाजों को गलती करने के लिए मजबूर कर देते हैं। रायुडू ने खास तौर पर विराट कोहली को आउट करने वाली गेंद की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह गेंद टूर्नामेंट की सबसे शानदार गेंदों में से एक थी। गेंद आखिरी समय में जिस तरह अंदर की ओर स्विंग हुई और सीधे स्टंप्स से टकराई, उसे खेलना किसी भी बल्लेबाज के लिए मुश्किल था। रायुडू ने कहा कि दुनिया का कोई भी बल्लेबाज उस गेंद पर संघर्ष करता। उन्होंने यह भी कहा कि विराट कोहली जैसे बड़े बल्लेबाज को क्लीन बोल्ड करना किसी युवा गेंदबाज के लिए बेहद खास उपलब्धि होती है। मुकाबले में प्रिंस यादव ने चार ओवर में 33 रन देकर तीन अहम विकेट अपने नाम किए। उन्होंने विराट कोहली के अलावा देवदत्त पडिक्कल और जितेश शर्मा को भी पवेलियन भेजा। उनकी शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुकाबला 9 रन से जीत लिया।

# इटेलियन ओपन में बड़ा उलटफेर, युवा प्रिज़मिक ने नोवाक जोकोविच को बाहर किया

**रोम (एजेंसी)।** इटेलियन ओपन 2026 में टेनिस जगत को बड़ा झटका लगा जब छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच दूसरे दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए। क्रोएशिया के युवा खिलाड़ी डिनो प्रिज़मिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी सर्बियाई स्टार को तीन सेटों तक चले मुकाबले में 2-6, 6-2, 6-4 से हराकर सनसनी फैला दी। इस जीत के साथ प्रिज़मिक ने टूर्नामेंट के अंतिम-32 में जगह बना ली और अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। मुकाबले की शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि नोवाक जोकोविच आसानी से मैच पर कब्जा जमा लेंगे। पहले सेट में उन्होंने अपने अनुभव और क्लास का शानदार प्रदर्शन किया। बेहतरीन ड्रॉप शॉट, तेज फोरहैंड विनर्स और सटीक सर्विस की बदौलत जोकोविच ने शुरुआती सेट 6-2 से अपने नाम किया। उस समय प्रिज़मिक दबाव में नजर आ रहे थे और जोकोविच पूरी तरह मैच पर नियंत्रण बनाए हुए थे। लेकिन दूसरे सेट



से मुकाबले की तस्वीर पूरी तरह बदल गई।

दूसरे सेट में डिनो प्रिज़मिक ने आक्रामक टेनिस खेलना शुरू किया। उन्होंने शुरुआत से ही जोकोविच पर दबाव बनाया और लगातार शानदार रिटर्न के दम पर तेजी से 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरी ओर जोकोविच की पहली सर्विस कमजोर पड़ने लगी, जिसका पूरा फायदा युवा क्रोएशियाई खिलाड़ी ने उठाया। प्रिज़मिक ने दूसरे सेट को 6-2 से जीतकर मुकाबले में जोरदार वापसी की और जोकोविच को बैकफुट पर धकेल दिया।

तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। हर अंक के लिए लंबी रैलियां चलीं और मुकाबला रोमांचक होता गया। हालांकि पांचवें गेम में प्रिज़मिक ने महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल कर लिया, जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। इसके बाद उन्होंने संयम बनाए रखा और 6-4 से सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। युवा खिलाड़ी की इस जीत ने पूरे टेनिस जगत को चौंका दिया।

हार के बाद नोवाक जोकोविच ने स्वीकार किया कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं खेल सके। उन्होंने कहा कि उनका खेल बेहद खराब नहीं था, लेकिन वह कई मौकों पर आधा कदम पीछे रह गए। साथ ही उन्होंने डिनो प्रिज़मिक की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि युवा खिलाड़ी ने बेहद उच्च स्तर का टेनिस खेला और खासकर उसके फोरहैंड में काफी सुधार देखने को मिला। अब टूर्नामेंट में सबकी निगाहें दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी यानिक सिनर पर होंगी, जो शनिवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। वहीं महिला वर्ग में चीन की झेंग किनवेन का मुकाबला पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको से होगा।

# नेमार अब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल : लियोनेल मेसी

ब्यूनस आयर्स (ईएमएस)। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने ब्राजील के स्टार खिलाड़ी नेमार की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि वह आज भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं। मेसी ने उम्मीद जताई कि नेमार अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप में खेलते नजर आएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेसी ने 'लो डेल पोलो शो' में बातचीत के दौरान कहा कि हर कोई चाहता है कि विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिस्सा लें और नेमार हमेशा उन खिलाड़ियों में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि ब्राजील और फुटबॉल जगत के लिए नेमार का महत्व बहुत बड़ा है, इसलिए उन्हें विश्व कप में देखना शानदार होगा। मेसी ने स्वीकार किया कि नेमार के साथ उनकी गहरी दोस्ती के कारण वह इस मामले में पूरी तरह निष्पक्ष नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि नेमार उनके करीबी दोस्त हैं और वह चाहते हैं कि उनके साथ अच्छी चीजें हों, क्योंकि वह एक बेहतरीन इंसान हैं और इसके हकदार भी हैं। मेसी ने उम्मीद जताई कि नेमार पूरी तरह फिट होकर विश्व कप में वापसी करेंगे। अर्जेंटीना के कप्तान ने नेमार के व्यक्तित्व की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि नेमार में एक अलग तरह का करिश्मा है और वह दिखावा नहीं करते। मेसी के अनुसार नेमार अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीते हैं और इस बात की ज्यादा चिंता नहीं करते कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। यही बात उन्हें बेहद स्वाभाविक और खास बनाती है। आठ बार बैलन डीओर जीत चुके मेसी ने यह भी माना कि अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप खिताब का बचाव करना आसान नहीं होगा। उन्होंने स्पेन, फ्रांस और ब्राजील को टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में गिना। मेसी ने कहा कि विश्व कप हमेशा कठिन प्रतियोगिता होती है क्योंकि इसमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेती हैं। उन्होंने माना कि अर्जेंटीना को उम्मीद जरूर रखनी चाहिए, लेकिन यह भी स्वीकार करना होगा कि कई टीमें बेहद मजबूत स्थिति में हैं। नेमार और मेसी ने लंबे समय तक क्लब फुटबॉल में साथ खेला है। दोनों 2013 से 2017 तक एफसी बार्सिलोना के लिए खेले, जबकि 2021 से 2023 तक दोनों पेरिस सेंट-जर्मेन फुटबॉल क्लब में भी टीम साथी रहे। फिलहाल नेमार चोटों से जूझ रहे हैं। अपने बचपन के क्लब सांतोस फुटबॉल क्लब में वापसी के बाद से वह लगातार फिटनेस समस्याओं से परेशान रहे हैं। अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान उनके एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट में चोट लगी थी, जिसके बाद से वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीम से बाहर चल रहे हैं।



# ब्रूनो फर्नांडिस और खादिजा शॉ बने इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर, प्रतिष्ठित सम्मान पर जमाया कब्जा

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड में खेल रहे फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन पुरस्कार में इस बार मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो फर्नांडिस और मैनचेस्टर सिटी विमेंस की स्टार स्ट्राइकर खादिजा शॉ ने बाजी मारी है। पुरुष वर्ग में ब्रूनो फर्नांडिस को साल का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुना गया, जबकि महिला वर्ग में 'बनी' शॉ के नाम से मशहूर खादिजा शॉ ने लगातार दूसरी बार यह सम्मान हासिल कर इतिहास रच दिया। फुटबॉल जगत में इन दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि को बेहद खास माना जा रहा है।

पुर्तगाल के स्टार मिडफील्डर ब्रूनो फर्नांडिस ने इस सीजन मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए शानदार प्रदर्शन किया। पूरे सीजन में उन्होंने गोल करने के साथ-साथ गोल बनवाने में भी अहम भूमिका निभाई और कुल 19 गोल योगदान के जरिए टीम को कई मुश्किल मुकाबलों में जीत दिलाई। क्लब के लिए यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन ब्रूनो लगातार टीम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए। उनकी कप्तानी और शानदार नेतृत्व क्षमता ने मैनचेस्टर यूनाइटेड की यूरोपीय प्रतियोगिताओं में जगह बनाने की उम्मीदों को भी जिंदा रखा। यही वजह रही कि फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन के 900 से ज्यादा सदस्यों में से 45 प्रतिशत वोट ब्रूनो फर्नांडिस के पक्ष में पड़े।

ब्रूनो ने इस पुरस्कार की दौड़ में इंग्लैंड के डेक्लान राइस और नॉर्वे के स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा। वह 2010 में वेन रूनी के बाद यह सम्मान जीतने वाले मैनचेस्टर यूनाइटेड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। यह पुरस्कार वर्ष 1947 से दिया जा रहा है और इसे दुनिया के सबसे पुराने व्यक्तिगत फुटबॉल सम्मानों में गिना जाता है।

महिला वर्ग में खादिजा शॉ ने एक बार फिर अपनी जबरदस्त गोल स्कोरिंग क्षमता से सभी को प्रभावित किया। मैनचेस्टर सिटी विमेंस की इस स्टार स्ट्राइकर ने 21 मुकाबलों में 19 गोल दागकर टीम को 10 साल बाद महिला सुपर लीग का खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। उनकी शानदार फॉर्म पूरे सीजन चर्चा में रही। शॉ ने इस रेस में एलेसिया रूसो और लॉरेन जेम्स जैसी स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा। लगातार दूसरे साल यह पुरस्कार जीतकर उन्होंने महिला फुटबॉल में अपनी मजबूत पहचान और भी पुख्ता कर ली है।

फुटबॉल विशेषज्ञों का मानना है कि ब्रूनो फर्नांडिस और खादिजा शॉ ने पूरे सीजन जिस निरंतरता और दबाव में प्रदर्शन किया, उसने उन्हें इस सम्मान का सबसे बड़ा दावेदार बना दिया। दोनों खिलाड़ियों ने साबित किया कि टीम के लिए लगातार योगदान और निर्णायक मौकों पर प्रदर्शन ही किसी खिलाड़ी को महान बनाता है।



## आईपीएल के बीच अर्शदीप सिंह की व्लॉगिंग पर बीसीसीआई की रोक, ई-सिगरेट विवाद के बाद लिया फैसला

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के बीच पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एक नए विवाद में घिर गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें सोशल मीडिया के लिए व्लॉगिंग बंद करने का निर्देश दिया है। यह कदम उनके टीम साथी युजवेंद्र चहलद्य से जुड़े कथित ई-सिगरेट विवाद के बाद उठाया गया है। दरअसल, अर्शदीप सिंह के हालिया व्लॉग के एक हिस्से को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा शुरू हो गई थी। यूजर्स ने दावा किया कि पंजाब किंग्स की टीम जब अहमदाबाद से हैदराबाद जा रही थी, तब फ्लाइट के अंदर युजवेंद्र चहल ई-सिगरेट का इस्तेमाल करते दिखाई दिए। हालांकि इस मामले में अब तक न तो खिलाड़ियों की ओर से और न ही फ्रेंचाइजी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई ने अर्शदीप सिंह को टूर्नामेंट के बाकी बचे मुकाबलों के दौरान किसी भी तरह के व्लॉग या बिहाइंड-द-सीन वीडियो पोस्ट करने से बचने को कहा है। बोर्ड नहीं चाहता कि ड्रेसिंग रूम या टीम के निजी माहौल से जुड़ी कोई ऐसी चीज सार्वजनिक हो, जिससे विवाद पैदा हो या लीग की छवि प्रभावित हो। आईपीएल 2026 में ई-सिगरेट से जुड़ा यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले रेयान पराग भी विवादों में आ चुके हैं।

# प्रधानमंत्री का दो दिवसीय गुजरात दौरा, सोमनाथ में 'अमृत महोत्सव' और वडोदरा में 'सरदारधाम' का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी

**जामनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 और 11 मई 2026 को अपने गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह जामनगर, सोमनाथ और वडोदरा में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और विकास कार्यों से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।



**10 मई: जामनगर में स्वागत, रात्रि विश्राम**

प्रधानमंत्री मोदी 10 मई की देर रात दिल्ली और अन्य राज्यों के कार्यक्रमों के बाद जामनगर पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। शहर के प्रमुख मार्ग 'गौरव पथ' को विशेष लाइटिंग और सजावट से सजाया गया है। प्रधानमंत्री रात में जामनगर में ही विश्राम करेंगे।

**11 मई सुबह: सोमनाथ में 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में होंगे शामिल**

11 मई की सुबह प्रधानमंत्री सोमनाथ महादेव के सानिध्य में आयोजित 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में भाग लेंगे। सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार और प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर यह आयोजन किया जा रहा है। सुबह करीब 10:15 बजे प्रधानमंत्री का हेलिपैड पर आगमन होगा, जहां से वीर हमीरजी गोहिल की प्रतिमा तक भव्य रोड शो निकाला जाएगा। इसके बाद वह सोमनाथ मंदिर में विशेष महापूजा, कुंभाभिषेक और ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा-अर्चना करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी करेंगे। साथ ही वह सद्भावना ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री सोमनाथ ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक कर मंदिर विकास कार्यों की समीक्षा भी कर सकते हैं।

**शाम को वडोदरा में 'सरदारधाम भवन-3' का लोकार्पण**

सोमनाथ कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री वडोदरा रवाना होंगे। सूत्रों के अनुसार, रास्ते में वह धोलेरा एसआइआर प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा के लिए संक्षिप्त ठहराव भी कर सकते हैं।

शाम करीब 6 बजे प्रधानमंत्री वडोदरा के वाघोडिया रोड स्थित नवनिर्मित 'सरदारधाम भवन-3' का लोकार्पण करेंगे। यह अत्याधुनिक छात्रावास परिसर 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों के रहने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की सुविधाओं से सुसज्जित है। इस अवसर पर पाटीदार समाज की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को 'सरदार रत्न' सम्मान से भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरे के अंतिम चरण में वडोदरा में प्रधानमंत्री का गदा सर्कल से एयरपोर्ट तक रोड शो आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। सभी कार्यक्रमों के बाद प्रधानमंत्री देर शाम वडोदरा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर सौराष्ट्र और मध्य गुजरात में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गुजरात के सूचना विभाग द्वारा उक्त जानकारी प्राप्त की गई है।

## सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में भरोसा और सम्मान लाया : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अटल पेंशन योजना सहित केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, भरोसा और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 11 वर्ष पहले इसी दिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने प्रमुख सामाजिक सुरक्षा और पेंशन योजनाएं शुरू की थीं। ये योजनाएं देशवासियों के जीवन में गरिमा, आश्वासन और आर्थिक सुरक्षा लाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, "यह शृंखला बताती है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और




प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का जमीनी स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि अटल पेंशन योजना कई लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित हुई है और इसने बुजुर्गावस्था में उन्हें अधिक सुरक्षित जीवन जीने में मदद की है। यह योजना सामाजिक सुरक्षा को सुलभ और समावेशी बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है।

## शिवराज सिंह आज भैंरुदा में करेंगे पीएमजीएसवाई चार और पीएम जनमन योजना का शुभारंभ

एजेंसी

**सीहोर :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार, 10 मई को मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के भैरूंदा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV और पीएमजनमन योजना का शुभारंभ का करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी देवेन्द्र ओगारे ने शनिवार को बताया कि सीहोर जिले के भैरूंदा में 10 मई को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पीएम जनमन योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, पंचायत एवं ग्रामीण



विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्ष तथा पीएम जनमन योजना का शुभारंभ किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- क्ष के अंतर्गत मध्य प्रदेश में 1763 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 2117 किलोमीटर लंबी 963 सड़कों का निर्माण होगा। इन सड़कों के निर्माण से प्रदेश की 987 बसाहटों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। योजना के तहत सीहोर जिले में 165 करोड़ रुपये की लागत से 209 किलोमीटर लंबी 81 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों से जिले की 84 बसाहटें सीधे तौर पर लाभान्वित होंगी। ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क मिलने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी तथा विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किए विजन एआई से लैस नेक्स्ट-जेन मिनी एलईडी टीवी, व्यूइंग का अनुभव होगा और बेहतर

एजेंसी

**रांची :** सैमसंग इस साल भारत में अपने 30 शानदार साल पूरे कर रहा है। इस मौके पर कंपनी ने अपनी नई मिनी एलईडी टीवी रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। ये टीवी ज्यादा चमकदार और बेहतरीन तस्वीर तथा एआई-पावर्ड फीचर्स के साथ होम एंटरटेनमेंट को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। सैमसंग मिनी एलईडी को ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक आधुनिक तकनीक पहुंचाने के लिए डिजाइन किये हैं। 42,990 रुपये की शुरूआती कीमत से उपलब्ध सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी 43 इंच से लेकर 100 इंच तक के स्क्रीन साइज में आते हैं, जो हर तरह के ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। इनका मेटलस्ट्रीम डिजाइन विमान की बनावट से प्रेरित है, जो एक आकर्षक, अल्ट्रा-स्लिम बेजल वाली सिंगल-मेटल बॉडी के साथ किनारे से किनारे तक का शानदार व्यूइंग अनुभव देता है। उन्नत तकनीक, एआई फीचर्स और प्रीमियम डिजाइन के इस संयोजन के साथ सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी नेक्स्ट-जेन एंटरटेनमेंट को सबकी पहुंच में लाते हैं।

सैमसंग इंडिया के वाइस-प्रेसिडेंट, विजुअल डिस्प्ले बिजनेस, विप्लेश डांग ने कहा, "सैमसंग लगातार 20 वर्षों से दुनिया का नंबर-1 टीवी ब्रांड है। हम अपने नए मिनी एलईडी टीवी के साथ प्रीमियम होम एंटरटेनमेंट को सबकी पहुंच में लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहे हैं। यह लॉन्च उन्नत डिस्प्ले तकनीक को और सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। तकनीक और एआई के संयोजन से हम एक बेहतरीन व्यूइंग अनुभव देने के लिए पूरी तरह जुटे हैं। हम नवाचार की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि नेक्स्ट-जेन तकनीक के फायदे देश भर के अधिक से अधिक घरों तक पहुंचें।

इस लॉन्च की बुनियाद में सैमसंग की उन्नत मिनी एलईडी तकनीक है, जो गहरे कंट्रास्ट, बेहतर स्पष्टता और जीवंत दृश्यों के साथ बेहतरीन पिक्चर क्वालिटी देती है। मिनी एलईडी का आकार सामान्य एलईडी के मुकाबले आधा होता है और ये सटीक लाइट कंट्रोल के जरिए बारीक डिटेल्स और यथार्थवादी गहराई को उजागर करते हैं। प्योर स्पेक्ट्रम कलर हर रंग को जीवंत और असली बनाने के लिए पिक्सल-स्तर की सटीकता सुनिश्चित करता है। उन्नत फॉस्फर तकनीक रंग प्रदर्शन को और निखारती है तथा 90% से अधिक वाइड कलर गैमट के साथ ज्यादा जीवंत और यथार्थवादी दृश्य देती है। कलर बूस्टर और मिनी एलईडी एचडीआर जैसी अतिरिक्त सुविधाएं कंट्रास्ट और रंगों को और निखारती हैं, जिससे हर कंटेंट में हमेशा उच्च गुणवत्ता वाले दृश्य मिलते हैं। गेमर्स और खेल प्रेमियों के लिए मोशन एक्सेलेरेटर 144Hz फीचर तेज गति वाले कंटेंट के लिए एकदम सही है, जो स्मूद मोशन और बिना किसी धुंधलेपन के अनुभव की गारंटी देता है।

## नेपाल की कुल ऊर्जा क्षमता बढ़कर 4,296 मेगावाट

**काठमांडू :** नेपाल की कुल ऊर्जा क्षमता बढ़कर 4,296 मेगावाट पहुंच गई है। ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई मंत्रालय के अनुसार यह क्षमता नेपाल विद्युत प्राधिकरण और निजी क्षेत्र द्वारा उत्पादित बिजली के आधार पर निर्धारित की गई है। मंत्रालय ने बताया कि परीक्षण चरण में मौजूद परियोजनाओं और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों से उत्पादित बिजली को छोड़कर कुल 4,296 मेगावाट क्षमता निर्धारित हुई है। चालू आर्थिक वर्ष के अंत तक यह क्षमता 4,500 मेगावाट से अधिक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। वर्तमान में लगभग 3,000 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं, जबकि समान क्षमता वाली परियोजनाएं निर्माण शुरू करने की तैयारी में हैं।

## मुंबई के अंधेरी रेलवे स्टेशन पर नवीनीकृत उपडाकघर का उद्घाटन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को मुंबई के अंधेरी रेलवे स्टेशन स्थित नवीनीकृत उपडाकघर का उद्घाटन किया। 'जन सेवा कनेक्ट' योजना के तहत विकसित यह डाकघर अब भविष्य-उन्मुख सेवा केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहां आधुनिक तकनीक और नागरिक-केंद्रित सुविधाओं का समावेश किया गया है।



केंद्रीय संचार मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 1932-33 में स्थापित अंधेरी आरएस पोस्ट ऑफिस को आधुनिक स्वरूप देने का कार्य योजना एवं वास्तुकला विद्यालय के सहयोग से किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य पारंपरिक डाकघरों को आधुनिक सेवा केंद्रों में बदलना है, ताकि नागरिकों को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

यह डाकघर देशभर के 17 राज्यों में 40 डाकघरों पर लागू किए जा रहे 'प्रयोगात्मक मॉडल' कार्यक्रम के अंतर्गत चुना गया है। महाराष्ट्र का यह पहला और देश का दूसरा डाकघर है, जिसे इस विशेष परियोजना के तहत विकसित कर उद्घाटित किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस मॉडल को भविष्य में देश के अन्य प्रमुख डाकघरों में भी लागू किया जा सकता है। उद्घाटन समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आधुनिक, नागरिक-केंद्रित और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप डाक सेवाओं के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि डाक सेवाओं को तकनीक, दक्षता और पारदर्शिता के माध्यम से नए युग के अनुरूप मजबूत बनाया जा रहा है। सिंधिया ने यह भी कहा कि इंडिया पोस्ट अब केवल पत्र वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह डिजिटल और वित्तीय सेवाओं के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में भी उभर रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इंडिया पोस्ट देश के अंतिम छोर तक सेवाएं पहुंचाने और लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने इस पहल को महाराष्ट्र में डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा और सकारात्मक कदम बताया।

नवीनीकरण के बाद अंधेरी उपडाकघर में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, डिजिटल सेवा सुविधाएं, आधुनिक ग्राहक सहायता प्रणाली और तेज सेवा वितरण व्यवस्था विकसित की गई है। इसके साथ ही डाकघर को नई पहचान और आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है, ताकि यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को बेहतर अनुभव मिल सके। समारोह के दौरान एक विशेष कवर भी जारी किया गया, जिसे इस परियोजना की स्मृति और महत्व से जोड़कर देखा जा रहा है। कार्यक्रम में महाराष्ट्र और गोवा सर्कल के मुख्य डाकघर महानिरीक्षक अमिताभ सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में स्थानीय विधायक हारून खान, रूपेश सावर्कर और आचार्य पवन त्रिपाठी ने भी भाग लिया।

## एक नजर

### परमाणु ऊर्जा नवाचार शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रण



**नयी दिल्ली :** अफ्रीकी देश रवांडा के राष्ट्रपति की तरफ से जैकलीन मुकांगिरा ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें 'अफ्रीका के लिए परमाणु ऊर्जा नवाचार शिखर सम्मेलन ' में शामिल होने का निमंत्रण सौंपा। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 18 से 21 मई तक किगाली में आयोजित होगा। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी , संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग फॉर अफ्रीक , विश्व परमाणु संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें परमाणु ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मैन्युफैक्चरिंग और भविष्य की ऊर्जा साझेदारियों पर चर्चा होगी। डॉ. जितेंद्र सिंह ने रवांडा दौरे पर असमर्थता जताई, लेकिन वर्चुअली सम्मेलन में शामिल होकर संबोधित करने पर सहमति दी। बैठक के दौरान भारत और रवांडा के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा, डिजिटल क्षमता निर्माण और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर भी बातचीत हुई। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष तकनीक, बायोटेक्नोलॉजी और एआई जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत उभरती और परिवर्तनकारी तकनीकों में वैश्विक सहयोग को अहम मानता है और ग्लोबल साउथ देशों के साथ विज्ञान, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्र में साझेदारी मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। रवांडा प्रतिनिधिमंडल ने भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं में गहरी रुचि दिखाई और भारतीय संस्थानों के साथ साझेदारी बढ़ाने की इच्छा जताई। दोनों देशों के बीच रिसर्च, शिक्षा, इनोवेशन और क्षमता निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई।

### सीएक्यूएम को 28 जगहों पर मिली धूल और निर्माण कार्यों के कूड़े के ढेर

**नयी दिल्ली :** राजधानी में प्रदूषण को रोकने के लिए गठित वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग ने नोएडा में "ऑपरेशन क्लीन एयर" के तहत विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। इस कार्रवाई में नोएडा की सड़कों पर धूल प्रदूषण और निर्माण एवं विध्वंस कचरे के कई मामले सामने आए। की 19 फ्लाइंग स्क्वॉड टीमों ने नोएडा अथॉरिटी के तहत आने वाली 46 सड़कों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान 28 जगहों पर भारी सड़क धूल और सीएंड डी वेस्ट जमा मिला। यह लापरवाही और नियमों की अनदेखी नोएडा के सेक्टर 20, 21, 59, 62, 80, 82, 83, 84, 87, 88, 138, 140, 141 और 145 में पाई गई। आयोग ने बताया कि निरीक्षण में कई जगह नियमित सफाई, पानी के छिड़काव और कचरे के वैज्ञानिक निपटान में कमी भी सामने आई। इसके बाद आयोग ने नोएडा अथॉरिटी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कहा कि मशीनों से नियमित सफाई, पानी का छिड़काव और सीएंडडी वेस्ट का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अवैध डंपिंग रोकने और निगरानी मजबूत करने के आदेश भी दिए गए हैं।

आयोग ने साफ चेतावनी दी है कि धूल नियंत्रण उपायों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोग के मुताबिक, सड़क की धूल शहरी प्रदूषण का बड़ा कारण बनी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनार बांग्ला के सपने को साकार करेगी शुभेंदु सरकार : रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को पश्चिम बंगाल में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। रेखा गुप्ता ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताया और बंगाल की जनता को नमन करते हुए कहा कि शुभेंदु सरकार सोनार बांग्ला के सपने को साकार करेगी। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि पिछले 15 वर्षों में बंगाल की जनता ने अत्याचार, दमन और भ्रष्टाचार का दौर देखा, लेकिन अब जनता ने सोनार बांग्ला के सपने को साकार करने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से बदलाव का फैसला किया है। आज का दिन बंगाल के लिए एक नई शुरूआत का प्रतीक है, जहां विकास और विश्वास के साथ राज्य आगे बढ़ेगा और पूरे देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान जिस तरह भ्रष्टाचार और अत्याचार की घटनाएं सामने आती थीं, अब उस दौर का अंत हो चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई सरकार के नेतृत्व में बंगाल में सुशासन, विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता मिलेगी। शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी सरकार ने एक सकारात्मक संदेश दिया है कि अब बंगाल का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने शुभेंदु अधिकारी और बंगाल की जनता को दिल्ली की ओर से हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक आंकड़ों की जीत नहीं है, बल्कि उन 321 भाजपा कार्यकताओं के बलिदान की भी जीत है, जिन्होंने बंगाल के बेहतर भविष्य और सोनार बांग्ला के सपने के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। इन कार्यकताओं ने अपना बलिदान केवल भाजपा के लिए नहीं, बल्कि बंगाल की आने वाली पीढ़ियों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में महिलाओं, युवाओं और राजनीतिक कार्यकताओं पर जिस तरह अत्याचार हुए, उसने लोकतंत्र को शर्मसार किया। जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब दिया है और अब बदलाव की नई सुबह शुरू हुई है।

### कर्नाटक के तुमकुरु में ट्रक-कार की टक्कर, चार लोगों की मौत

**तुमकुरु :** कर्नाटक के तुमकुरु जिले के कुनिगल तालुक स्थित होन्नेनहल्ली के पास शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में आल्टो कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब उर्वरक से भरे एक ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों को बाहर निकलने का कोई मौका नहीं मिला। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कुनिगल पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। क्षतिग्रस्त कार से शवों को निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

मृतकों की पहचान मंड्या जिले के स्वर्णसंद्र निवासी कुमार नरसिम्हास्वामी, उनकी पत्नी गायत्री (60), उनकी बहन गायत्री (55) और कार चालक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कुमार नरसिम्हास्वामी अपनी पत्नी और बहन के साथ शुक्रवार को तुमकुरु आए थे। वे विवाह वर्षगांठ के अवसर पर देवरायणदुर्ग में दर्शन के लिए गए थे और वहां से लौटते समय यह हादसा हुआ।

पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए कुनिगल तालुक अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

### 'स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर' के लिए 11 हजार किमी समुद्री तट पर चलेगा बड़ा सफाई अभियान



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने शनिवार को "स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर" 2026 अभियान और आगामी इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में तय किया गया कि "स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर" 2026 अभियान 12 से 19 सितंबर तक पूरे देश में चलाया जाएगा और इसका समापन अंतरराष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस के मौके पर होगा। यह अभियान भारत के 11,098 किलोमीटर लंबे समुद्री तट को कवर करेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जानकारी दी कि इस अभियान में केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्रालयों के साथ-साथ वैज्ञानिक संस्थान, जिला प्रशासन, भारतीय तटरक्षक बल, एनसीसी, एनएसएस, स्वयंसेवी संगठन और स्थानीय समुदाय मिलकर भाग लेंगे। सरकार ने इसे एक "जन-आंदोलन" के रूप में आगे बढ़ाने की योजना बनाई है। बैठक में बताया गया कि इस अभियान के जरिए समुद्री कचरे की सफाई, तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए वैज्ञानिक निगरानी के साथ-साथ जनभागीदारी भी बढ़ाई जाएगी।

पिछले वर्षों की प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि 2025 अभियान के दौरान 150 टन से अधिक समुद्री कचरे का दस्तावेजीकरण किया गया था। नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए "सागर ऐप" जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है, जिससे तटीय क्षेत्रों में कचरे की निगरानी और रिपोर्टिंग आसान हुई है। केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ब्लू इकोनॉमी विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण अब राष्ट्रीय प्राथमिकता का हिस्सा हैं। बैठक में एनसीसी, एनएसएस, शैक्षणिक संस्थानों और युवा संगठनों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि अभियान को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाया जा सके। इसके साथ ही "इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल" की तैयारियों की भी समीक्षा की गई, जो इस वर्ष दिसंबर के तीसरे सप्ताह में पुणे में आयोजित होगा। इस फेस्टिवल में वैज्ञानिक संस्थान, स्टार्टअप्स, शोधकर्ता, छात्र और नवाचार से जुड़े युवा शामिल होंगे। उद्देश्य विज्ञान और तकनीक को आम जनता से जोड़ना और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करना है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902